Page 11 खेल



जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10 देश



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • सोमवार • 09 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 02 • पृष्ठ 12

इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हराया

युवा हिन्दी के राजदूत बने और दुनिया भर में इसकी महानता का प्रचार करें : सर्बानंद...

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹77,620 | ₹92,000 |



## आज का इतिहास

- **1758 :** भारत में मद्रास का तेरह महीनों तक चलने वाला युद्ध आरंभ हुआ। भारत में ब्रिटेन व फ्रांस के बीच होने वाला ये सबसे खतरनाक युद्ध था।
- **2010 :** भारतीय राजदूत मीरा शंकर के अमेरिकी हवाई अड्डे पर दुराचार के बाद, भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका का विरोध करना है।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार प्रशासनिक सेवा के 48 अधिकारियों का तबादला

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के प्रशासनिक महकमें से निकल कर सामने आ रही है, जहां सरकार ने बिहार प्रशासनिक सेवा के 48 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमें से कई अधिकारियों को प्रमोशन का लाभ दिया गया है। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादले की अधिसूचना जारी कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, बिहार प्रशासनिक सेवा के अपर सचिव स्तर, संयुक्त सचिव स्तर, अपर समाहर्त्ता स्तर, उप सचिव स्तर एवं मूल कोटि के 48 पदाधिकारियों को धारित पद से स्थानान्तरित करते हुए / सेवा वापस लेते हुए अगले आदेश तक उनके नाम के समक्ष स्तम्भ 4 में अंकित पद एवं स्थान पर पदस्थापित किया गया है।

### पूर्व सिविल सर्जन से 14 लाख रुपए की ठगी

**पटना (नि.सं.)।** पूर्व सिविल सर्जन ने पटना साइबर थाने में पहुंचकर शिकायत की। भोजपुर के पूर्व सिविल सर्जन से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शातिरों ने अपने जाल में फंसाकर 14 लाख रुपए खाते से उड़ा दिए। सिविल सर्जन के द्वारा पेंशन से संबंधित डॉक्यूमेंट बनवाने के लिए सचिवालय में अप्लाई किया गया था। दो-चार दिन में डॉक्यूमेंट बनकर आने वाला था। उससे पहले उनके मोबाइल फोन पर इसी के रिगार्ड एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। सामने वाले ने खुद को एजी ऑफिसर बताया। फिर जैसे जैसे वो बताता सिविल सर्जन उसे फॉलो करते चले गए। इस दौरान विश्वास हासिल करने के लिए उसने फर्जी लाइफ सर्टिफिकेट भी उनके व्हाट्सएप पर भेजा। इससे और विश्वास बढ़ गया। इसके बाद फ्रॉड ने उनके नंबर पर आए ओटीपी को साझा करने के लिए कहा। ओटीपी बताते ही खाते से ट्रांजेक्शन होना शुरू हो गया। बारी-बारी से 14 लाख रुपए खाते से गायब हो गए।

### बिहार में 10 बड़े परीक्षा माफिया एक्टिव

**पटना (नि.सं.)।** पटना समेत पूरे बिहार में अब तक दर्जनों ऑनलाइन और ऑफलाइन परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो चुका है। परीक्षा शुरू होने के पहले या फिर परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने की सूचना मिली। पेपर लीक की सूचना के बाद पुलिस इसकी जांच शुरू करती है। पुलिस की जांच में अभ्यर्थियों के साथ-साथ बड़े माफियाओं के नाम सामने आते हैं। छोटे माफिया गिरफ्तार होते हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी बड़े माफिया को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। बिहार में कई बड़े परीक्षा माफिया एक्टिव हैं, जो पटना में बैठकर देशभर में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराते हैं। इसमें संजीव मुखिया, निशिकांत कुशवाहा, भास्कर चौधरी, अतुल वत्स, रवि भूषण, विजेंद्र गुप्ता, विशाल चौरसिया, राजकुमार सिंह, प्रशांत कुमार और विकास कुमार शामिल हैं। देशभर में होने वाली परीक्षा के पेपर लीक मामले में इनका नाम आता है। इनके पास सैकड़ों लोगों की टीम है। गैंग के सभी सदस्यों का काम अलग-अलग होता है। कोई सेटिंग करता है। कोई सेंटर, कोई प्रिंटिंग प्रेस को मैनेज करता है।

पुस्तक मेला में लगे आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु स्टॉल का स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया उद्घाटन, कहा

# 2.70 करोड़ बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

- राज्य के 1.55 करोड़ परिवार का आयुष्मान कार्ड बन चुका
- गरीब परिवार के बुजुर्गों के लिए इस योजना को 29 अक्टूबर 2024 से लागू किया गया है, जिससे 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा।



निज संवाददाता | पटना

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित पुस्तक मेला-2024 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति द्वारा आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक जागरूकता स्टॉल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, बिहार एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एचआईवी जागरूकता, परामर्श और जांच स्टॉल भी स्थापित किया गया।

मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता स्टॉल 17 दिसंबर 2024 तक मेला स्थल पर कार्यरत रहेगा। यहां आगंतुकों को योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी दी जा रही है और उनका आयुष्मान कार्ड अथवा आयुष्मान वयवंदना कार्ड भी मौके पर ही बनाया जा रहा है।

मंगल पांडेय ने बताया कि राज्य में 1.79 करोड़ परिवार को इस योजना का लाभ मिलेगा, जिसमें से 1.55 करोड़ परिवार तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाया जा चुका है। पिछले 10 महीनों में 2.70 करोड़ कार्ड बनाए जा चुके हैं। स्टॉल पर विशेषज्ञ टीम आगंतुकों को योजनाओं की पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर रही है। इसके अलावा, लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने हेतु ऑन-द-स्पॉट कार्ड निर्माण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

मंगल पांडेय ने बताया कि गरीब परिवार के बुजुर्गों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना को 29 अक्टूबर 2024 से आरंभ किया। बिहार में इससे लगभग 39 लाख लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। इस योजना के तहत 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा, ताकि वे देश के किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में 5 लाख तक इलाज करवा सकें।

इसके साथ ही, एचआईवी जागरूकता परामर्श और जांच स्टॉल पर मुफ्त जांच की जा रही है। यहां एक लैब टेक्नीशियन और एक परामर्शदाता नियुक्त किए गए हैं, जो लोगों की एचआईवी जांच मुफ्त में कर रहे हैं। मंगल पांडेय ने पुस्तक मेला में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में शशांक शेखर सिन्हा, सी.ई.ओ, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

ठगी और जालसाजी का बड़ा खुलासा

# नेपाली गिरोह ने रचा था जॉब और करोड़पति बनाने का जाल, 2.38 लाख कैश और 21 मोबाइल बरामद

फेसबुक पर जॉब का ऑफर देकर बुलाते और पैसे ऐंठते

निज संवाददाता | पटना



पटना जिले के फतुहा क्षेत्र में नेपाल से जुड़े एक बड़े गिरोह का खुलासा हुआ है, जो नौकरी देने और करोड़पति बनाने का झांसा देकर ठगी करता था। लखनऊ की मिलिट्री इंटेलिजेंस टीम की सूचना पर बिहार पुलिस ने कार्रवाई कर इस गिरोह के कई सदस्यों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 2,38,397 रुपये नकद, 72,595 नेपाली करेंसी, 21 मोबाइल फोन और 2 चारपहिया वाहन बरामद किए। इसके साथ ही गिरोह के पास से फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी और ड्राइविंग लाइसेंस भी मिले हैं। माना जा रहा है कि इन दस्तावेजों का इस्तेमाल भारत में अवैध घुसपैठ कराने के लिए किया जाता था। मिलिट्री इंटेलिजेंस को शक है कि इस गिरोह के कुछ सदस्य जासूसी में भी लिप्त हो सकते हैं। गिरोह की गतिविधियां देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं। इस मामले में गिरोह के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। गिरोह के सरगना गंगेश्वर सिंह फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है। इस गिरोह की चालबाजियों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर ऐसे गिरोहों पर कब और कैसे लगाम लगेगी। यह मामला सिर्फ ठगी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की सुरक्षा और नागरिकों के भरोसे पर भी गहरी चोट करता है। जांच एजेंसियां और पुलिस इस गिरोह के हर सदस्य को पकड़ने में जुटी हैं, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

### गिरोह की संरचना और ठगी का तरीका

पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि इस गिरोह में नेपाल आर्मी और नेपाल पुलिस से रिटायर्ड जवान शामिल थे। इनके साथ बिहार के भी कई लोग, जिनमें शिक्षक, छात्र और कंपनी के कर्मचारी भी शामिल हैं, इस रैकेट का हिस्सा थे। गिरोह प्रीमियम फैशन कंपनी के नाम पर भोले-भाले लोगों को नौकरी और पैसे का लालच देकर फंसाता था।

### पीड़ितों की आपबीती

ठगी के शिकार हुए नेपाल के अशोक सुनवार और कपेंद्र सुनवार ने बताया कि उन्हें नौकरी का झांसा देकर नेपाल से फतुहा बुलाया गया। यहां पहुंचने के बाद पता चला कि न तो कोई कंपनी है और न ही नौकरी। उन्हें धमकी दी गई कि घर से दो-दो लाख रुपये मंगवाओ, तभी छोड़ा जाएगा। अशोक के मुताबिक, गिरोह ने उनसे पहले ही डेढ़ लाख नेपाली करेंसी क्यूआर कोड के जरिए मंगवा ली थी। कपेंद्र से 60 हजार नेपाली करेंसी मंगवाने के बाद भी धमकियां दी गईं।

# बोलेरो का शीशा तोड़कर ढाई लाख रुपए की लूट

निज संवाददाता | पटना



पटना जिले के बिहटा में एक बोलेरो का शीशा तोड़कर ढाई लाख रुपए की लूट का मामला सामने आया है। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के खेदलपुरा स्थित नया बाजार के रेमंड शोरूम के समीप का है। बोलोरो सवार राजकुमार सिंह अपनी बड़ी बेटी के शादी के लिए बैंक से पैसा निकालकर रेमंड शोरूम में कपड़ा लेने के लिए रुके थे। जैसे ही वो दुकान में गए बाइक सवार बदमाशों ने पूरी घटना को अंजाम दिया। इधर, दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि बाइक सवार दो बदमाश पहले बोलेरो का पीछा करते हुए आते हैं और जैसे ही बोलेरो सवार व्यक्ति दुकान में घुसता है तभी 15 से 20 सेकंड के अंदर ही बोलेरो का शीशा तोड़ कर डिक्की में रखें ढाई लाख रुपए लेकर फरार हो जाते हैं। इधर, राजकुमार सिंह ने बताया कि बेटी की शादी के लिए बैंक से 5 लाख रुपए निकाला था, जिसमें 2.5 लाख रुपए अपने पास पॉकेट में रखा था और 2.50 लाख रुपए बोलेरो की डिक्की में रखकर कपड़ा लेने रेमंड शोरूम में गया। इस बीच दो बाइक सवार युवक आते है और गाड़ी का शीशा तोड़कर पैसा लेकर भाग गए। इस मामले में बिहटा थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि बिहटा के श्रीरामपुर नया बाजार के पास एक बोलेरो से शीशा तोड़कर 2.50 लाख रुपए की लूट हुई है।

बोलेरो सवार व्यक्ति राजकुमार सिंह के द्वारा थाने में लिखित शिकायत की गई है, फिलहाल आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अपराधी की पहचान करने में पुलिस की टीम जुटी हुई है।

दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार के पंचायतों में 9 से 14 दिसंबर तक प्रतिदिन कैंपों का किया जा रहा है आयोजन

# बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा त्वरित निवारण

निज संवाददाता | पटना



स्मार्ट प्रीपेड मीटर, विद्युत आपूर्ति, विपत्र सुधार, बिल को लेकर विवाद, भुगतान, नये विद्युत संबंध, कृषि विद्युत संबंध, गलत रीडिंग, खराब मीटर आदि समस्याओं का होगी त्वरित सुनवाई। यदि आपके बिजली विपत्र में किसी तरह की त्रुटि है, स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी तरह की जिज्ञासा या फिर आशंका है, कृषि कनेक्शन के संबंध में किसी तरह की जानकारी हासिल करनी है, नया कनेक्शन लेना हो, सुविधा ऐप के इस्तेमाल के विषय में जानना चाहते हैं, या फिर बिजली से संबधित कोई भी शिकायत है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, एसबीपीडीसीएल एवं नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एनबीपीडीसीएल द्वारा क्रमशः दक्षिण बिहार व उत्तर बिहार में बिजली संबंधी सभी समस्याओं के निवारण के लिए आपके पंचायतों में 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक कैंपों का आयोजन किया जा रहा है।

अपनी शिकायतों के साथ आप निःसंकोच अपने क्षेत्र में लगने वाले कैंपों में आइये और अपनी बिजली संबंधी समस्या का त्वरित समाधान पाइये। दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार के सभी पंचायतों में एसबीपीडीएल एवं एनबीपीडीसीएल द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इन कैंपों का आयोजन 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए ऊर्जा के सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के सीएमडी श्री पंकज कुमार पाल ने कहा कि हमारी प्राथमिकता उपभोक्ताओं को निरंतर गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध करना है। बिजली संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए दक्षिण बिहार में पंचायत स्तर पर प्रति दिन 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। श्री पाल ने बताया कि पचायत स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कैंपों में कनीय विद्युत अभियंता आपूर्ति के साथ साथ कनीय विद्युत अभियंता राजस्व, सहायक सूचना प्रोद्योगिक प्रबंधक उपलब्ध रहेंगे। उपभोक्ता अपनी शिकायत के साथ कैंप में निश्चित तौर पर आयें। कैंप में बिजली से संबंधित विभिन्न शिकायतों यथा स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित शिकायतें, विद्युत आपूर्ति, विपत्र सुधार, बिल को लेकर विवाद, भुगतान, नये विद्युत संबंध, कृषि विद्युत संबंध, गलत रीडिंग, खराब मीटर आदि त्वरित निवारण किया जाएगा।

बता दें कि पंचायत स्तर पर लगने वाले इन कैंपों के विषय में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए माइक से निरंतर घोषणाएं भी की जा रही हैं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क किया जा रहा है। इन कैंपों को सुचारू रूप से चलाते हुए उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं सहायक विद्युत अभियंता अपने अपने क्षेत्रों में इन कैंपों का दौरा करते रहेंगे।

अप्रैल से 3% की जगह 25 पैसे/यूनिट छूट

# 300 यूनिट बिजली खपत पर 75 रुपए की मिलेगी छूट

निज संवाददाता | पटना

बिहार में पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले लोगों को बिजली दर में छूट देने का नया प्रस्ताव बिहार विद्युत विनियामक आयोग को दिया है। इसमें 3 प्रतिशत की जगह प्रति यूनिट 25 पैसे की छूट देने की बात है। इसपर लोगों का पक्ष लेने के बाद आयोग फैसला सुनाएगा। आयोग की हरी झंडी मिलने के बाद 300 यूनिट बिजली खपत करने वाले शहरी उपभोक्ताओं को वर्तमान की तुलना में 29.52 रुपए अधिक की छूट मिलेगी। इस प्रस्ताव को बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर लगातार हो रहे विरोध को कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि अधिक बिल आ रहा है। इस विरोध को कम करने के लिए बिजली कंपनियां जागरूकता अभियान चला रही हैं। सरकारी कार्यालयों में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है। अभी तक राज्य के शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं को मिलाकर 55 लाख से अधिक परिसरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है। राज्य में उपभोक्ताओं की संख्या 2.7 करोड़ है। कंपनियों के नए प्रस्ताव को ऐसे समझिए, फिलहाल बिहार में सब्सिडी के बाद प्रति यूनिट बिजली दर (0 से 100 यूनिट तक) - 4.12 रुपए/यूनिट, जबकि 100 यूनिट से अधिक - 5.52 रुपए/ यूनिट है। यानी इस हिसाब से 300 यूनिट का कुल बिल 1516 रुपए होगा। अगर इसे 3 प्रतिशत छूट पर जोड़ा जाए तो बिल 1470.52 रुपए होगा। यानी बिल में 45.48 रुपए की छूट मिलेगी। जबकि यही बिल अगर 25 पैसे प्रति यूनिट पर जोड़ा जाए तो बिल 1441 रुपए होगा, जो कुल बिल में 75 रुपए की छूट होगी।

# भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए ज्ञानेंद्रियां खोलने की आवश्यकता : धनखड़

एजेंसी | नयी दिल्ली



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि आधुनिक भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए कुछ लोगों को अपने ज्ञानेंद्रियां खोलने की आवश्यकता है। श्री धनखड़ ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया भर के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक आकलन कर रही है और इसे आकर्षक स्थान बता रही हैं। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने दस वर्ष में असाधारण समय देखा है। अकल्पनीय आर्थिक प्रगति और अविश्वसनीय संस्थागत ढाँचा भारत को मिल रहा है। भारत की आवाज बुलंदी पर है। उन्होंने कहा कि दुनिया की हम महाशक्ति तो हैं ही पर हमने एक रास्ता चुन लिया है, वह रास्ता चुन लिया है। वह वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना का है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं है। विकसित भारत हमारे सामने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्ति में गीता का ज्ञान ध्यान रखना पड़ेगा। श्री धनखड़ ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार 700 डालर तक पहुँच गया है। पिछले दो साल में जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या दो करोड़ से ज्यादा है। उन्होंने कहा, "आज भी भारत में कुछ अज्ञानी हैं। जिनको भारत के वास्तविक स्वरूप का नहीं पता है। उनको अपनी ज्ञानेंद्रियां खोलनी चाहिए, उनको देखना चाहिए कि आज का भारत वह भारत है जिसकी प्रशंसा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे संस्थान उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लगातार निवेश बढ़ रहा है और नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल टेक्नोलॉजी की सफलता से दुनिया दंग रह गई है। कहते थे भारत के अंदर लोग शिक्षित नहीं है। आज के दिन जो आदमी कम शिक्षित व्यक्ति मोबाइल का उपयोग शिक्षित से ज़्यादा करता है। और यही कारण है, कि यदि अगर पर वक्त के हिसाब से इंटरनेट का उपभोग देखें तो हम चीन और जापान से भी आगे हैं। आज के दिन, हमारा लेन देन, पारदर्शिता से हो रहा है, बिजली के बिल के लिए लाइन की दरकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि आज सार्थक संवाद की आवश्यकता है। मतभेद विवाद नहीं बनना चाहिए। मतभेद होंगे, लोगों का दिमाग अलग-अलग तरीके से चलेगा। उन्होंने कहा, "मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे संसद सदस्य, हमारे विधानसभा के सदस्य, पंचायत और नगर पालिका में हमारे जनप्रतिनिधि और आपस में हर व्यक्ति, हर संस्था में यह ध्यान रखेगा संवाद सार्थक हो, संवाद का नतीजा व्यक्तिगत हित में नहीं है, समाज हित में होना चाहिए, देश हित में होना चाहिए।

# आज से झारखंड विधानसभा का पहला सत्र

निज संवाददाता | रांची



छठी विधानसभा का पहला सत्र आज से शुरू हो रहा है। यह 12 दिसंबर तक चलेगा। इस बार का सदन अलग अंदाज में रहने वाला है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब सदन में मनोनीत विधायक नहीं होंगे। संविधान में संशोधन के बाद एंग्लो इंडियन के मनोनयन का यह पद पूरे देश में समाप्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त सदन में 20 नए विधायक भी शामिल होंगे। वहीं अब तक की संभावना के अनुसार नेता प्रतिपक्ष भी नहीं होंगे। अब तक इनका चयन नहीं किया गया है। वहीं 10 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। नाला से झामुमो विधायक रबींद्रनाथ महतो फिर स्पीकर बन सकते हैं। पहले सत्र को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। सत्र को लेकर भाजपा और इंडिया गठबंधन दोनों की बैठकें आज होंगी। भाजपा विधायक जहां प्रदेश पार्टी कार्यालय में बैठक करेंगे, वहीं 'इंडिया' के विधायक सीएम आवास में बैठक कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने अपने विधायकों को हर हाल में बैठक में उपस्थित रहने को कहा है। बैठकों में दोनों पक्ष पहले सत्र को लेकर अपनी-अपनी रणनीतियां बनाएंगे। वैसे इस बार विधानसभा में नजारा काफी बदला-बदला दिखेगा। विपक्ष संख्या बल में काफी कमजोर हो गया है। मनोनीत विधायक भी नहीं है। उधर, प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने शुक्रवार को ही तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक कर अफसरों को दिशा-निर्देश दे चुके हैं। सदन में इस बार 20 नए चेहरे दिखेंगे, जो पहली बार चुनाव जीते हैं। 19 ऐसे विधायक हैं, जो पिछली विधानसभा में नहीं थे। चार दल ऐसे हैं, जो एकल हैं। इनमें लोजपा, जदयू, आजसू और जेएलकेएम शामिल हैं।

बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 : बिहार की नई उद्योग क्रांति का आगाज

# दिल्ली में आयोजित एंबेसडर्स मीट में कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

निज संवाददाता | पटना

पटना। बिहार सरकार का उद्योग विभाग अपनी नई औद्योगिक नीतियों और निवेशकों के अनुकूल वातावरण को वैश्विक मंच पर पेश करने के लिए आगामी 9 दिसंबर को नई दिल्ली में 'बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 एंबेसडर्स मीट' का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम बिहार की औद्योगिक क्रांति का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य राज्य को निवेश और विकास का वैश्विक केंद्र बनाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री सम्राट चौधरी होंगे। इनके साथ उद्योग-सह-पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयषी जैसे वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में लेबर विभाग, पावर कॉरपोरेशन और अन्य विभागों के उच्चाधिकारी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की विशेषता इसका अंतरराष्ट्रीय स्वरूप होगा। अमेरिका, रूस, जापान और यूएई जैसे देशों की एंबेसी को न्योता भेजा गया है, जिससे इन देशों के एंबेसडर और वरिष्ठ प्रतिनिधि कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके साथ ही इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स, यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल और यूके-इंडिया बिजनेस काउंसिल जैसे प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठन भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यह कार्यक्रम 19-20 दिसंबर 2024 को पटना में आयोजित होने वाले 'बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' की तैयारी का एक अहम हिस्सा है। इस मीट के जरिए बिहार सरकार अपनी योजनाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली तरीके से रखने का प्रयास कर रही है, जिससे विदेशी और घरेलू निवेशकों को बिहार में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। बिहार के उद्योग विभाग की यह पहल केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है; यह राज्य की पर्यटन क्षमता, श्रमिक कुशलता और ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं को भी प्रदर्शित करने का एक प्रयास है।

### बिहार की नई औद्योगिक पहचान

कार्यक्रम में बिहार सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पहल के तहत उठाए गए कदमों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें हाल के वर्षों में लागू की गई औद्योगिक नीतियां, राज्य में निवेश के नए अवसर, और व्यापारिक माहौल को सुदृढ़ करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, बिहार की प्रमुख परियोजनाओं और सफल निवेश मॉडलों को भी प्रस्तुत किया जाएगा।

# पूर्वी चंपारण में 12 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद, एक गिरफ्तार

निज सं. | मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)

पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने 12 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ ज़ब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने संवाद एजेंसी 'वार्ता' को बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सदर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जितेश पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लखौरा थाना क्षेत्र के छोटा पकही गांव में छापेमारी की और तस्कर भोला राय को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद भोला की निशानदेही पर उसके घर से 11.2 किलो स्मैक (ब्राउन शुगर) जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 11 करोड़ रुपये है, 6.10 किलो चरस जिसकी कीमत 50 लाख रुपये है, और 2.140 किलो गांजा जिसकी कीमत 3 लाख रुपये है,बरामद किया। कुल बरामदगी का मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 12 करोड़ रुपये बताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के आरोपित समेत 4 को पुलिस ने दबोचा

**टिकारी**। पुलिस ने अलग अलग मामले में हत्या करने के आरोपी सहित चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि विगत कुछ दिनों पूर्व थानाक्षेत्र के खड़गपुरा ग्राम में तिलक के दौरान हर्ष फायरिंग की गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। मामले को लेकर दर्ज प्राथमिकी के उपरांत एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। वहीं दो आरोपी न्यायालय में आत्म समर्पण कर चुका है। विगत शुक्रवार की रात्रि पुलिस ने रंगी पासवान के पुत्र अमोद कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। वहीं इस मामले में फरार दो अन्य आरोपी संतोष यादव व हीरा यादव की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने टिकारी थाना कांड संख्या 491/24 के नामजद आरोपी निरंजन विश्वकर्मा के पुत्र संजीत विश्वकर्मा को शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। उक्त कांड में चार अन्य नामजद आरोपी फरार चल रहे है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं टिकारी थाना की पुलिस द्वारा चोरी का प्रयास कर रहे एक युवक को मुहल्ले वासियों के सहयोग से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

### सुरेश हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त धराया

**फतेहपुर**। पुलिस ने सुरेश पासवान हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त नागेंद्र पासवान उर्फ नागो को गिरफ्तार कर लिया है। उसे बोधगया थाना क्षेत्र के जरहरा गांव से गिरफ्तार किया गया है। वह पिछले तीन साल से पुलिस की पकड़ से फरार था। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि फतेहपुर थाना क्षेत्र की चरोखरी पंचायत के रघुनाथपुर गांव निवासी व पीडीएस डीलर सुरेश पासवान की अक्टूबर 2021 में छठ के लोहंडा के दिन धान लगे खेत में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में गांव के नागेंद्र पासवान उर्फ नागो को मुख्य अभियुक्त बनाया गया था। घटना के बाद से वह पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार करने के लिए उसके ठिकाने पर छापेमारी की जा रही थी। लेकिन वह हमेशा बच कर निकल जा रहा था। इसी बीच शुक्रवार को मिली सूचना पर बोधगया थाना क्षेत्र के जरहरा गांव स्थित उसके ससुराल से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### शांति व्यवस्था को लेकर रैफ ने आमजन को किया जागरूक

**गया**। रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से आमजन को शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसको लेकर शहरी क्षेत्र के थानों में शांति समिति के सदस्यों व समाजसेवियों के साथ संवाद कर रैफ के क्रिया कलापों के बारे में बताया जा रहा है। शनिवार को इस संवाद का आयोजन रामपुर थाना में किया गया। 114 बटा के उप कमांडेंट जितेंद्र सिंह ने अपनी बातें रखी। संवाद के बाद रैफ ने रामपुर व सिविल लाइन पुलिस के साथ विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला और शहरी इलाके में शांति बनाए रखने के लिए आमजन को जागरूक किया गया।

### राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी के ऑनलाइन टिकट की संख्या बढ़ी

**राजगीर**। राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी के ऑनलाइन मिलने वाले टिकट की संख्या को बढ़ा दिया गया है। 10 दिसंबर से जू सफारी के 2000 टिकट ऑनलाइन मिलेंगे। वहीं काउंटर से अधिकतम 500 टिकट मिलेंगे। वहीं नेचर सफारी के 1080 टिकट ऑनलाइन और 120 टिकट काउंटर पर मिलेंगे। पर्यटक जू सफारी की वेबसाइट https://rajgirzoosafari.bihar.gov.in से 6 दिन पहले एडवांस में स्लॉट बुक कर सकते हैं। टिकट का शुल्क 250 रुपए है। इसी तरह नेचर सफारी की वेबसाइट https://naturesafarirajgir.in/ से ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। ग्लास ब्रिज पर चढ़ने के लिए 3 दिन पहले एडवांस टिकट बुकिंग कर सकते हैं। ग्लास ब्रिज का शुल्क प्रति व्यक्ति 150 रुपए है। आरसीसीएफ पटना गोपाल सिंह ने कहा कि जू सफारी और नेचर सफारी में बेहतर सुविधा दी जा रही है।

### करियना गांव में पानी भरे आहर से मिली सड़ी लाश

**सिलाव**। थाना क्षेत्र के करियना गांव के मांझी टोला के समीप पानी भरे आहर से शुक्रवार को अज्ञात युवक की सड़ी लाश मिली। पुलिस शव को कब्जे में कर उसे पोस्टमार्टम के लिए ले गई। ग्रामीणों ने बताया कि आहर के समीप एक बच्चा गया था। उसी दौरान उसे तेज दुर्गंध महसूस हुई। समीप में जाने पर बच्चे की नजर पानी में ऊपलाई लाश पर गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए सदर अस्पताल में रखा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### हाईस्कूल की छात्राएं सीखेंगी वूशु व कराटे



**गया**। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की तर्ज पर अब उच्च माध्यमिक और उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं को भी कराटे, वूशु व ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया जाएगा। रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत इन्हें 90 दिनों का प्रशिक्षण (अवकाश को छोड़कर) दिया जाएगा। इसके लिए गया जिले में राज्य स्तर से मार्शल आर्ट के पांच प्रशिक्षकों का चयन किया गया है। इसमें रणजीत कुमार चौधरी, कुंदन कुमार, अंकिता राज, अमित कुमार व नीतिश कुमार शामिल हैं। ये लोग आवश्यकतानुसार स्कूलों में ट्रेनिंग संचालित करने को ब्लैक बेल्टधारी प्रशिक्षकों के चयन में जिलास्तरीय चयन समिति को तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे। चयन समिति में डीईओ अध्यक्ष, डीपीओ एसएसए सचिव और संभाग प्रभारी गुणवत्ता सदस्य हैं। चयनित प्रशिक्षक विद्यालयों में एक माह में छात्राओं को 24 दिनों की ट्रेनिंग देंगे। विद्यालय प्रधान की सहमति से प्रशिक्षकों द्वारा दो श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशिक्षक के रूप में चयनित किया जाएगा। प्रशिक्षण के क्रियान्वयन की संपूर्ण जवाबदेही डीपीओ एसएसए और संभाग प्रभारी की होगी। प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग विद्यालय, प्रखंड और जिलास्तर से की जाएगी। संभाग प्रभारी प्रत्येक विद्यालय से प्रतिदिन प्रशिक्षण के फोटो व वीडियो प्राप्त कर जिलास्तर पर पांच फोटो का चयन कर फोल्डर बनाकर राज्य कार्यालय को ई-मेल से उपलब्ध कराएंगे। सभी मार्शल आर्ट प्रशिक्षक कार्य समाप्ति के बाद जिला कार्यालय में चिन्हित दो सर्वश्रेष्ठ बालिका प्रशिक्षक की सूची समर्पित करेंगे। रोज डेढ़ घंटे की मिलेगी ट्रेनिंग प्रशिक्षकों को जिला द्वारा विद्यालयों व प्रशिक्षकों की संख्या के आधार पर विद्यालय का आवंटन किया जाएगा। रोज तीन स्कूलों में ट्रेनिंग होगी। विद्यालय में ट्रेनिंग के लिए छात्राओं के चयन में इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि वे शारीरिक रूप से स्वस्थ हों। वैसे उच्च माध्यमिक विद्यालय जहां कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हैं, उन विद्यालयों में कस्तूरबा के नामित ट्रेनर ही ट्रेनिंग देंगे। नामित प्रशिक्षक संबंधित एचएम ी सहमति से प्रशिक्षण का समय निर्धारित करेंगे और प्रशिक्षण के लिए चयनित सभी छात्राओं को रोज एक घंटा तीस मिनट की ट्रेनिंग देंगे। इस दौरान एचएम प्रशिक्षक और प्रशिक्षण पा रही छात्राओं के लिए एक उपस्थिति पंजी संधारित करेंगे।

# महाबोधि मंदिर के बाहर नेपाल के बौद्ध भिक्षु घायल

## तबीयत बिगड़ने के बाद 30 मिनट तक नहीं मिली मदद, पुलिसकर्मी ने पहुंचाया अस्पताल

निज संवाददाता। गया

गया में विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में नेपाल से आए तिब्बती बौद्ध भिक्षु सुरेश अचानक गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वे रविवार को भगवान बुद्ध की शरण में पूजा-अर्चना के लिए आए थे। बताया जा रहा है कि भिक्षु को मंदिर के बाहर लाल पत्थर पर चलते समय चक्कर आया और वे जमीन पर गिर गए। उनके माथे पर गहरी चोट आई है। हालांकि उनकी स्थिति बेहतर है। घटना मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। घायल भिक्षु को देख वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग मदद के लिए मेडिकल टीम को आसपास खोजते रहे, लेकिन करीब 30 मिनट तक कोई मदद कहीं से नहीं मिली। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने तुरंत घायल भिक्षु को संभाला और उन्हें अपने कंधे का सहारा देकर पास के



अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल तक वह भिक्षु को कांधे पर ही ले गए।

**मेडिकल सुविधाओं पर उठे सवालः** श्रद्धालुओं ने मेडिकल टीम की गैर मौजूदगी पर सवाल उठाए। लोगों का कहना था कि इतने बड़े विश्व धरोहर स्थल पर मेडिकल टीम का समय पर उपलब्ध न होना गंभीर लापरवाही है। यह घटना महाबोधि मंदिर में बढ़ती भीड़ के बीच प्रशासनिक तैयारियों की कमी को उजागर करती है। हालांकि सरकारी हॉस्पिटल भी पास में ही है। घायल भिक्षु के इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वे बोधगया में आयोजित पूजा कार्यक्रम में हिस्सा लेने नेपाल से आए थे।

**मेडिकल टीम की तैनाती की मांग होती रही हैः** वहीं, बिहार टूरिस्ट गाइड के अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि हॉस्पिटल तो महाबोधि मंदिर के पास ही में है। लेकिन मन्दिर परिसर के बाहर लम्बे समय से एक मेडिकल टीम की तैनाती की मांग खासकर पर्यटन सीजन में की जाती रही है। लेकिन अब तक इसे अमल में नहीं लाया गया है। जबकि यहां दर्जनों देशों के पर्यटक पर्यटन सीजन में आते हैं। इस बात से बीटीएमसी को इत्तला किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि मन्दिर परिसर के बाहर आए दिन किसी न किसी वजह से कोई न कोई पर्यटक मेडिकल हेल्प की जरूरत पड़ती है। ऐसे में एक काउंटर मेडिकल टीम की भी पर्यटन सीजन में होनी चाहिए।

# ट्रेलर और ट्रैक्टर की बीच टक्कर में ड्राइवर की मौत



नालंदा में NH 20 पर हुआ हादसा, शव का शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में भागन बीघा ओपी अंतर्गत एनएच 20 मोरा पचासा के समीप रविवार की सुबह ट्रेलर और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में एक ड्राइवर की मौत हो गई। घटना के बाद मौजूद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक ड्राइवर की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके पर गाड़ी छोड़ फरार हो गया। ट्रैक्टर की ट्रॉली पर लोड ईंट सड़क पर बिखर गई। थोड़ी देर के लिए आवागमन अवरुद्ध हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर को सड़क से किनारे किया और सड़कों से ईंट हटाकर आवागमन को फिर से सुचारू कराया। भागन विगहा ओपी प्रभारी शैलेश कुमार झा ने बताया कि स्थानीय लोगों से सूचना प्राप्त हुई की एक ट्रैक्टर और ट्रेलर के बीच टक्कर हो गई है। जिसमें ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत हो चुकी है। घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक की पहचान की जा रही है। पहचान के लिए गाड़ी नंबर और सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। फिलहाल शव को सदर अस्पताल के मोर्चरी रूम में रखा गया है।

# नवजात को कचरे के ढेर में फेंका पूरी रात ठंड में ठिठुरती रही बच्ची

## रोने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने दिया सहारा

निज संवाददाता। गया

गया में शुक्रवार देर रात एक नवजात बच्ची को ठंड में कचरे के ढेर में किसी ने छोड़ दिया। बदन पर एक कपड़ा नहीं था। ठंड में ठिठुरती बच्ची रात भर रोती रही। आज सुबह करीब 11 बजे कचरा चुनने वाले किशोर ने रोने की आवाज सुनी तो वो बच्ची की ओर बढ़ा। उसने देखा कि एक झोले में बच्ची पड़ी हुई है। बच्ची को देखकर किशोर ने शोर मचाया। आसपास के लोग इकट्ठा हुए, काफी देर तक वहां भीड़ लगी रही। इसी दौरान एक बुजुर्ग महिला ने बच्ची को कचरे से निकाला और कंबल से उसे ढंका। पुलिस को भी सूचना दी। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिक्स लेन पुल के नीचे की है।

**पुलिस और बाल कल्याण समिति की पहलः** मुफस्सिल थाना पुलिस महिला कांस्टेबल के



साथ मौके पर पहुंची। नवजात को तत्काल चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) के हवाले कर दिया। विशेष दत्तक ग्रहण संस्थान, गया के समन्वयक ने नवजात को स्वास्थ्य जांच के बाद संस्थान में आवासित कराया। संस्थान ने अपील की है कि अगर किसी को नवजात बच्चा मिले तो तुरंत 1098 पर सूचना दें। संस्थान में अब तक 4 बच्चे ऐसे हैं जो लावारिस मिले हैं। सभी स्वस्थ्य हैं। अपर थानाध्यक्ष शशि भूषण ने बताया कि बच्ची को बचा लिया गया है उसका हेल्थ चेकअप कराया गया था। वह स्वस्थ है, उसकी देखभाल और पालन पोषण के लिए प्रशासन के आदेश पर दत्तक ग्रहण संस्थान को सौंप दिया गया है।

# गया में दो अलग सड़क हादसों में 2 की मौत बाइक सवार 2 युवक गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता। गया

गया जिले के वजीरगंज प्रखंड क्षेत्र में शनिवार देर शाम दो अलग-अलग सड़क हादसों ने दो युवकों की मौत हो गई। घटना के दौरान दो यवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक मृतक के परिजन शव लेकर गांव चले गए। पहला हादसा गया-राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 82 पर दखिनगांव फोरलेन बाईपास के पास का है। जहां दो बाइक की आमने सामने टक्कर होने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान नालंदा के तख्तरोजा गांव निवासी मनीष कुमार (22) के रूप में हुई है। जो अन्नपूर्णा फाइनेंस कंपनी में काम करता था। मनीष की मां ने बताया कि मनीष

मगध अस्पताल में चल रहा इलाज



की शादी इसी साल जुलाई में हुई थी। वो आज शाम फतेहपुर से काम निबटा कर लौट रहा था। वहीं, दूसरा युवक गया के चाणक्यपुरी निवासी वरुण प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद गया मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

**पिकअप वैन और बाइक में हुई टक्करः** दूसरी घटना बेलदारी गांव के पास पिकअप वैन और बाइक में टक्कर होने की वजह से हुई। जिसमें बाइक सवार विकास कुमार की मौत हो गई। जबकि सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। दोनों युवक मेयारी गांव के निवासी थे। जो जीरगंज से घर को लौट रहे थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सचिन को वजीरगंज सीएचसी पहुंचाया। सचिन की गंभीर हालत को देखते हुए गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। विकास के शव को परिजन घर लेकर चले गये। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। मृतकों के शवों का शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पिकअप वैन की तलाश की जा रही है।

## मंत्री अशोक बोले, तेजस्वी की यात्रा कभी नहीं होती पूरी

# ये कहते हैं, बिजली माफ कर देंगे, इनके माता-पिता के राज में तार पर कपड़े सूखते थे

निज संवाददाता। गया

ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने शनिवार को गया पहुंचे। जहां मानपुर भुसंड़ा मैदान में आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की कोई यात्रा पूरी नहीं होती। हर बार उनकी यात्रा अधूरी रह जाती है, फिर दो चरण, तीन चरण में यात्रा पूरी करने की बात कहते हैं। महादेव से प्रार्थना करते हैं कि इस बार उनकी यात्री पूरी हो जाए। तेजस्वी ने वृद्धा पेंशन 1500 करने का बयान दिया था। इस पर मंत्री ने कहा कि ये लोग सिर्फ बखेड़ा खड़ा करने वाले हैं। ये कहते हैं बिजली माफ कर देंगे। इनके मां-बाप के राज में तो बीजली के तार




पर कपड़े सूखते थे। ये कभी वृद्धा पेंशन बढ़ाने की बात करते हैं, तो कभी कोई और वादा। इनका मकसद केवल भ्रम फैलाना है। बिहार से इन्हें कोई लेना-देना नहीं।

**विपक्ष के पास कोई ठोस योजना नहींः** मंत्री ने नीतीश सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देश का सबसे बड़ा सामाजिक नेता बताते हुए कहा कि उनका काम और अनुभव अद्वितीय है। विपक्ष के पास न तो कोई ठोस योजना है और न ही नेतृत्व। जिला कार्यकर्ता सम्मेलन के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा कि पार्टी की नियमित प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखना है। लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह बनाए रखना जरूरी है। ऐसे आयोजनों से उनकी सक्रियता बढ़ती है।

**कुछ लोग माहौल बना रहेः** बीपीएससी अभ्यर्थियों के मुद्दे पर चौधरी ने कहा कि जिस मांग को लेकर आंदोलन हुआ, वह सरकार ने किया ही नहीं। खान सर से बात हो चुकी है। इसके बावजूद छात्रों को भड़काना सही नहीं। कुछ लोग जान बूझकर सरकार के खिलाफ माहौल बना रहे हैं।

# नालंदा में लगेगा हेल्थ कैंप, सुबह 9 बजे तक ले सकते निःशुल्क परामर्श

निज संवाददाता। नालंदा

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा की ओर से आयोजित एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर आज रविवार को आयोजित किया जाएगा, जो स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य परामर्श अवसर प्रदान करेगा। सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला परिसर में आयोजित होने शिविर में विविध चिकित्सा क्षेत्रों के 11 विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में बिना किसी शुल्क के विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। शिविर में उपलब्ध विशेषज्ञों में शिशु रोग विशेषज्ञ से लेकर नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन और दंत चिकित्सक शामिल हैं। इसके अलावा, शिविर में शुगर जांच भी निःशुल्क की जाएगी।

**लोगों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना**

**शुगर जांच के लिए भी नहीं लगेंगे पैसे**

**उद्धेश्यः** जिला शाखा नालंदा परिसर बिहार शरीफ शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. उमेश कुमार सिंह, फिजीशियन डॉ. इंद्रजीत कुमार, फिजीशियन डॉ. मेजर अजीत कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीनानाथ वर्मा, फिजीशियन डॉ. सुबोध कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष कुमार, सर्जन डॉ. त्रिशला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. दीपा भारती डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम, फिजियोथैरेपिस्ट संगठन के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य समुदाय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और लोगों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। यह शिविर स्वस्थ जीवन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नालंदा में छेड़खानी की सजा देने पर कर दी हत्या

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के बेन थाना क्षेत्र की छोटी आट पंचायत के मुखिया कारू तांती की हत्या का खुलासा करते हुए शनिवार को एक नाबालिग समेत दो आरोपितों ने कोर्ट में सरेंडर किया। नाबालिग आरोपित ने स्वीकार किया है कि छेड़खानी के एक मामले में मुखिया ने पंचायती के बाद उसे दंड दिया था। इसी खुन्नस में उसने हत्या की थी।

राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस दबिश से घबराकर गांव के ही आशीष राज उर्फ सुधीर गोप और एक नाबालिग ने सरेंडर किया है। न्यायालय के समक्ष नाबालिग आरोपित ने स्वीकार किया है कि पूर्व में उसने एक लड़की के साथ छेड़खानी की थी। लड़की के परिजनों की शिकायत पर मुखिया ने पंचायती की थी।

**छेड़खानी की सजा देने पर किया था हत्याः** शिकायत करने के बाद मुखिया ने शारीरिक दंड देकर उसे प्रताड़ित किया था। इसी गुस्से में उसने आशीष के साथ मिलकर हत्या की योजना बनायी।

आशीष ने ही उसे देसी कट्टा दिया था। उसके सहयोग से 14 नवंबर की शाम साढ़े तीन बजे घर से बुलाकर मुखिया को गोली मार दी। इसके बाद से वह भागा-भागा फिर रहा था। बता दें कि मृतक कारू तांती की उम्र 72 साल थी। वह जदयू के स्थानीय नेता थे। उनका विकास का काम देख जनता ने दूसरी बार मुखिया बनाकर मौका दिया था। बिहार सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्रवण कुमार मुखिया के परिवार को सांत्वना देने पहुंचे थे।

# नालंदा विश्वविद्यालय को गृहा काउंसिल का उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार, विदेश व संस्कृति मंत्रालय की पूर्व राज्यमंत्री ने नवाजा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा विश्वविद्यालय ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय को गृहा काउंसिल (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हेबिटेट असेसमेंट) द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में विदेश मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय की पूर्व राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने प्रदान किया।

**टिकाऊ विकास का आदर्शः** विश्वविद्यालय का कैंपस 455 एकड़ में फैला हुआ है और यह अपनी टिकाऊ विकास की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। यह विश्व का सबसे बड़ा नेट-जीरो कैंपस है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। कैंपस में उन्नत स्वदेशी और




नवीकरणीय ऊर्जा तकनीकों का उपयोग किया गया है। इमारतों को बनाने में पारंपरिक ईंटों के बजाय कंप्रेस्ड स्टेबलाइज्ड अर्थ ब्लॉक्स का उपयोग किया गया है। इसके अलावा, मोटी कैविटी दीवारें, भूकंप-रोधी एकीकृत ब्लॉक, डी-वेट सिस्टम आदि का उपयोग करके ऊर्जा दक्षता और जल संरक्षण को सुनिश्चित किया गया है।

**पंचामृत दृष्टि का अनुपालनः** नालंदा विश्वविद्यालय का कैंपस पंचामृत दृष्टि के तहत पर्यावरणीय संवेदनशीलता और नवाचार का आदर्श उदाहरण है। कैंपस में बायोगैस से संचालित सीएचपी (कंबाइंड हीट एंड पावर) इंजन, सौर ऊर्जा संयंत्र, जलवायु-उत्तरदायी लैंडस्केप, स्वदेशी पौधों का उपयोग आदि जैसी कई सुविधाएं हैं। यह पुरस्कार नालंदा विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि वह एक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल संस्थान बनना चाहता है। यह विश्वविद्यालय देश के अन्य संस्थानों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। नालंदा विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट्रिकल) और नेट जीरो सस्टेनेबल कैंपस के इंचार्ज, मनोज कुमार ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के प्रयासों को मान्यता देता है।

**देश का गौरवः** नालंदा विश्वविद्यालय को मिला यह पुरस्कार देश के लिए गौरव का विषय है। यह दिखाता है कि भारत में भी विश्व स्तरीय टिकाऊ विकास परियोजनाएं संभव हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## सत्संग से होती है ज्ञान की प्राप्ति



**हिसुआ (नवादा) (नि.सं.)**। सत्संग से होती है ज्ञान की प्राप्ति। सत्संग बिना ध्यान संभव नहीं और गुरू बिना ज्ञान संभव नहीं। यह बातें रविवार को सत्संग के दौरान पूज्यपाद गुरूसेवी स्वामी भगीरथ दास जी महाराज ने कही। बतादें कि हिसुआ गया पथ पर तिलैया नदी के तट पर स्थित महर्षि मेंहीं धाम रामबाग में दो दिवसीय सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। सभी सत्संग कर्ता भागलपुर के कुप्पा घाट से आए हुए हैं। सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने ज्ञान की गंगा में डूबकी लगाया। इस दौरान स्वामी भगीरथ दास महाराज जी ने कहा कि सत्संग करने से ज्ञान के दरवाजे खुलते हैं, जिससे मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिस प्रकार लोहे को नाव में लगाने से नवका तैयार होता है, गिटार में लगाने से संगीत का आनन्द मिलता है और उसी लोहे का हथियार बनाने से विनाश होता है। उसी प्रकार मनुष्य का मन भी लोहा है। जो जिसमें लगाता है वो उसी प्रकार बन जाता है। संतो के संग सत्संग करने से ज्ञान की प्राप्ति होती है। केवल तीर्थो का भ्रमण करने से ज्ञान अथवा वैराग्य की प्राप्ति संभव नहीं है। माता- पिता का सेवा भी बहुत बड़ा धर्म है। जो मनुष्य अपने माता पिता का सेवा तन-मन से करता है, उसपर प्रभु का आशीर्वाद सदैव बना रहता है। इस दौरान सत्संग में उपस्थित महात्माओं ने भी अपने मुखारबिन्द से ज्ञान की बातें बताई। सत्संग में पहूंचे श्रद्धालु भक्तो के लिए ठहरने एवं भोजन का भी प्रबंध किया गया है। सत्संग में कुप्पा घाट से स्वामी नरेशा नन्द, स्वामी ज्ञान शेखर बाबा, पूज्य नाथु बाबा, डॉ. प्रियरंजन एवं पूज्य गुरूदेव बाबा आए हुए थे। इस दौरान महान संत पूज्य तनिक दास जी महाराज उपस्थित श्रद्धालुओं को कोई तकलीफ ना हो इसपर नजर बनाए हुए थे। बाबा के अनेकों भक्त अपने-अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे थे।

## प्राइवेट स्कूलों की बैठक, सरकार को चेतावनी

**नवादा (नि.सं.)**। रविवार को फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल नवादा के प्रागंण में प्रो बिजय कुमार की अध्यक्षता में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रो बिजय कुमार ने कहा कि सरकार आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि का छह साल के बकाये राषि का भुगतान करें, नहीं तो हम सब आंदोलन करने के लिए वाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि कई बार डीएम तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा गया, लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक आरटीई के मामले को लेकर गए, लेकिन सुशासन की सरकार में कोई सुनने वाला नहीं है। विगत 6 साल से आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं होने से सभी प्राइवेट स्कूल काफी कमजोर हो चुका है तथा अंदर से सभी प्राइवेट स्कूलों का हालत जर्जर हो चुका है, लेकिन सरकार सुनती ही नहीं है। पुनः मार्च आते ही अगले सत्र का दस-दस विद्यार्थी को भेज दिया जाएगा। जब प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो अगले बच्चों को क्यों भेजा जाता है, क्या जिला शिक्षा पदाधिकारी या जिला अधिकारी बिना वेतन के एक माह भी काम करेंगे। ऐसा नहीं करेंगे, तो स्कूल जब आरटीई के बच्चे को पढ़ाया तो उन्हें प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार स्कूलों के साथ अन्याय कर रही है। सरकार यह चाहती है कि सरकारी स्कूल की तरह प्राइवेट स्कूल भी पढ़ाई के मामले में समाप्त हो जाए। उपाध्यक्ष श्रीनिवास ने कहा कि बैठकें होती है, अपार कार्ड बनाने की चिंता करने के लिए, इसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय दोषी है। वहीं महासचिव धर्मेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि शुरू में जिन स्कूलों को ई-संबंधन दिया गया है और उनका समय सीमा समाप्त भी हो गया तो ई- संबंधन का समय विस्तार विभाग जल्द से जल्द करें। सचिव मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि हम सब अगली बैठक14 दिसंबर को फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, नवादा में करेंगे तथा 16 दिसंबर से आरटीई की प्रतिपूर्ति के भुगतान नहीं होने के विरोध में काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे और सांकेतिक रूप से आंदोलन की शुरुआत करेंगे।

## बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

**नवादा (नि.सं.)**। जिले की उग्रवाद प्रभावित थाली पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की 4 बाइक के साथ 3 शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। थाली थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर चोरी की 4 बाइक के साथ 3 शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक शातिर चोर बाइक की चोरी कर शराब कारोबारी या अन्य लोगों के हाथों औने-पौने दाम में बेच दिया करता था। बाइक चोरी के अन्य मामले में शामिल इनके साथियों का नाम पता चला है, जिसका सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस गिरोह में शामिल अन्य अभियुक्तों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। पुलिस के हत्थे चढ़े सभी बाइक चोर अकबरपुर थाना क्षेत्र के लोहसिंघना गांव के सुधीर यादव पिता सुरेंद्र यादव, सिंटू यादव पिता चरित्र यादव और विधि विरुद्ध निरुद्ध बालक लवकुश कुमार पिता रामस्वरूप राजवंशी बताया गया है। बताते चलें कि मोटरसाइकिल चोर गिरोह का एक सिंडिकेट के रूप में काम करता है, जिसका काम जिले से बाइक की चोरी कर चोरी की बाइक को विभिन्न इलाके में शराब के धंधे से जुड़े धंधेबाजों को बेचा जाता है। इन्हीं चोरी की बाइक से शराब एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का काम किया जाता है। फिलहाल पुलिस सभी बाइक चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## चौकीदार के प्रमाण पत्र की जांच की मांग

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के वारिसलीगंज थाना में फर्जी प्रमाणपत्र पर बहाल चौकीदार के कार्य करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बात महिला बेवी देवी ने पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। महिला बेवी देवी एसपी-डीएम कार्यालय का चक्कर काट रही है। फर्जी चौकीदार का दावा करने वाली महिला वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मंजौर प्रखंड के दोसुत गांव की बेबी देवी ने वारिसलीगंज थाना में तैनात दोसुत गांव के चौकीदार मनोज पासवान को फर्जी बताया है। फर्जी चौकीदार को लेकर आवेदिका बेबी देवी ने गृह सचिव, मगध कमिश्नर समेत जिला लोक शिकायत कार्यालय में शिकायत कर बताया है कि वारिसलीगंज थाना में कार्य कर रहे दोसुत गांव का चौकीदार मनोज पासवान फर्जी तरीके से फर्जी दस्तावेज, कम आयु और फर्जी प्रमाण-पत्र देकर गैर कानूनी तरीके से कार्य कर रहा है। बेबी देवी ने पुलिस प्रशासन से वारिसलीगंज थाना में कार्यरत चौकीदार मनोज पासवान की नियुक्ति की जांच कर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## किऊल-गया रेलखंड पर दो ट्रेनें रद्द

**नवादा (नि.सं.)**। गया से असम जाने वाले रेल यात्रियों के लिए निराश करने वाली खबर है। किउल-गया रेलखंड पर ठंड और कोहरे के कारण कामख्या-गया साप्ताहिक एक्सप्रेस 15620 और गया-कामख्या 15619 को 24 फरवरी तक रद्द कर दिया गया है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को असम जाने के लिए दूसरे रूट का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसा किउल-गया रेलखंड पर विकास कार्य और कारणों से कई ट्रेनों के रद्द रहने से रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। ठंड की वजह कोहरे का व्यापक असर से केजी रेलखंड पर परिचालित कामख्या-गया साप्ताहिक एक्सप्रेस 15620 एवं गया-कामख्या 15619 को विभाग के उच्च अधिकारी के आदेश पर 24 फरवरी तक रद्द कर दिया गया है। इस एक्सप्रेस का परिचालन बंद होने से इसमें सफर करने वाले यात्रियों के समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। अब कामख्या जाने वाले यात्रियों को दूसरे रूट की ट्रेनों से सफर करना पड़ेगा। जबकि पहले से गया स्टेशन पर प्लेट फार्म के पुनर्विकास को लेकर पूर्व मध्य रेल दानापुर मंडल के उच्च अधिकारी के आदेश पर किउल-गया रेलखंड पर परिचालित चार जोड़ी ट्रेनों को 24 नवंबर से लेकर सात जनवरी 2025 तक यानी 45 दिनों के लिए परिचालन रद्द करने का आदेश दिया गया है। विभाग के आदेशानुसार पहले 03615 जमालपुर-गया फास्ट पैसेंजर व 03616 गया-जमालपुर फास्ट पैसेंजर, 03385 झाझा-गया पैसेंजर व 03386 गया-झाझा पैसेंजर, 03390 गया-किऊल पैसेंजर, 03393 किऊल-गया पैसेंजर व 03394 गया-किऊल पैसेंजर एवं 03627 किऊल-गया पैसेंजर आदि ट्रेनों को रद्द किया गया था।

# राष्ट्रीय फलक पर दर्ज होगा सीतामढ़ी का नाम, 14 राज्यों के लेखक और शोधकर्ताओं ने किया सीतामढ़ी का दौरा

**निज संवाददाता** | मेसकौर (नवादा)



रामायण कालीन सीतामढ़ी को अंतरराष्ट्रीय फलक पर पर्यटन स्थल के रूप में प्रतिष्ठित करने के अभियान को तब एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई जब देश के 17 राज्यों और नेपाल के शैक्षणिक संस्थान सहित 20 से अधिक विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं और लेखकों ने सीतामढ़ी पहुंचकर रामायणकालीन संदर्भों की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने साहित्य मनिषीयों का गर्म जोशी से स्वागत किया। बड़ौदा विश्वविद्यालय गुजरात में सैंकड़ों प्रमाणिक शोधार्थियों को निर्देशित करने वाले डॉक्टर कनु भाई निनामा, राजस्थान की बड़ी साहित्यकार सरिता गर्ग सरी, हरियाणा के साहित्यकार डॉ त्रिलोक चंद्र, सिहोरा राजस्थान कि लेखिका डॉ अरुण पांडे, जोधपुर के लेखक डॉ राजेन्द्र पुरोहित सहित सभी लेखकों और शोधकर्ताओं ने सीतामढ़ी के पौराणिक तथ्यों को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे साहित्य के लिए प्रमुख विषय वस्तु बताया। लेखकों ने अपने संस्मरण में शामिल करने के लिए स्थानीय लोगो से इलाके के बारे में भी परिचय लिया। बता दें कि सीतामढ़ी में आये साहित्यकार हिसुआ के अशोक स्मृति संस्थान और साहित्य प्रेरणा मंच द्वारा राजगीर के वीरायतन में आयोजित मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव में प्रतिभाग करने आयें थे। आयोजन समिति के संयोजक कवि ओंकार शर्मा कश्यप, अध्यक्ष जितेंद्र राज आर्यन, कलाकार व साहित्यकार देवेन्द्र विश्वकर्मा, चिकित्सक शैलेन्द्र प्रसून, विवेक कुमार सहित हिसुआ के प्रबुद्ध नागरिकों कि अगुवाई में 3 दिवसीय आयोजन किया गया था जहां लेखकों से सीतामढ़ी और ककोकलत को रचनाकर्म में शामिल करने का आग्रह किया गया था। लेखकों ने इसे सहर्ष स्वीकार करते हुए ककोलत और सीतामढ़ी का दौरा किया। सीतामढ़ी में लेखकों के दल ने प्रसिद्ध गुफा मां जानकी मंदिर, लव-कुश मंदिर, रसलपूरा के पहाड़ स्थित पौराणिक अश्वबंधन खुंटा, बारत टाल स्थित महर्षि वाल्मीकि कुटिया आदि का दर्शन किया। स्थानीय पुजारी सीताराम पाठक ने लेखक को सीतामढ़ी में मौजूद पौराणिक साक्ष्य भाग्नाअवशेष आदि से संबंधित पौराणिक मान्यताओं के बारे में बताया तथा आसपास के इलाके में मौजूद गांवों से जुडी मान्यताओं पर प्रकाश डाला। लेखकों ने कहा कि यहां मौजूद साक्ष्य बेहद महत्वपूर्ण है आश्चर्य होता है कि इतने महत्वपूर्ण स्थल को ऐसे उपेक्षित क्यों रखा गया है। साहित्य और इतिहास से जुड़े लोगों का दायित्व है कि इस पर अपनी लेखनी चलाकर अपनी रचना धर्म का पालन करें। मगध कि भूमि पौराणिक महत्व कि भूमि है और ककोकलत तथा सीतामढ़ी के भ्रमण के बाद हम सभी अभिभूत हैं। मौके पर प्रमोद कुमार, डॉक्टर शैलेश कुमार, मुन्ना राजवंशी, शंकर चौहान, पवन कुमार, सौरभ कुमार एवं श्रवण कुमार, उपेंद्र राजवंशी, शनि कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव पर महिलाओं का राजनीतिक परिचर्चा

**निज संवाददाता** | नवादा



जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद, समाजसेवी डॉ अनुज सिंह की अध्यक्षता में न्यू एरिया नवादा के एक बहुउद्देशीय सभागार में नवादा विधानसभा चुनाव विषय पर लगभग पांच सौ की संख्या में आए हुए महिलाओं के बीच एक परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें नवादा क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय स्तर पर महिलाओं का योगदान विषय पर चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में नवादा नगर परिषद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लगभग 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस परिचर्चा का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में नवादा विधानसभा के लिए योग्य उम्मीदवार डॉ अनुज सिंह के बारे में चर्चा की गई। इस परिचर्चा में आए हुए सभी महिलाओं का डॉ अनुज सिंह ने अभिनंदन किया और कहा कि आज आप सभी नवादा विधानसभा चुनाव में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति चुनकर आए, इस विषय पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी बुद्धिजीवी माताओं, बहनों का आशीर्वाद मिले तो अगला विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए तैयार हूं परंतु आपका आशीर्वाद आवश्यक है। आपको इस विषय पर अच्छी तरह चर्चा करनी चाहिए और यदि मैं सही उम्मीदवार लगूं तो आपको मेरा समर्थन करना चाहिए। इस विषय पर बोलते हुए समाजसेवी कंजू कुमारी ने कहा कि मैं पूरे तन मन के साथ श्रीमान का सहयोग करूंगी। आशा कार्यकर्ता कौशल्या देवी ने कहा कि आज के इस बदलते दौर में नवादा विधानसभा के लिए अनुज बाबू के अलावा किसी के अंदर वह क्षमता नहीं है जो की निस्वार्थ भाव से अपने क्षेत्र की सेवा कर सकें। हमें पूरा विश्वास है कि नवादा के विकास के लिए इन्हें राजनीति के क्षेत्र में आगे आना बहुत जरूरी है। नवादा जिले के विभिन्न स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाओं में किरण कुमारी, रूबी देवी, शशि सिंहा, अनीता सिंहा ने भी बोलते हुए एक मत से अनुज सिंह के पक्ष में साथ देने का वचन दिया। सभी ने एक सुर से कहा कि अनुज बाबू से ज्यादा ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति मुझे आज के समय में नवादा में कोई और नहीं दिखता है। पार्वती पैक्स अध्यक्ष विनय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि नवादा जिले को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने में आज इनका योगदान सराहनीय है और हमें पूरा विश्वास है कि अगर ये राजनीति के क्षेत्र में आते हैं तो निश्चित रूप से नवादा विधानसभा सहित बाकी क्षेत्र का भी चहुंमुखी विकास होगा। अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए सभी महिलाओं से अपील किया कि आप सभी मिलकर आगामी चुनाव में पूरे तन मन के साथ इनका सहयोग करें एवं अपने क्षेत्र को आगे ले जाने में अपना योगदान दें। डॉ अनुज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं क्षेत्र से आए हुए तमाम जनता जनार्दन का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर आप सभी मिलकर हमें साथ दें तो निश्चित रूप से मैं विश्वास दिलाता हूं कि निस्वार्थ भाव से अपने क्षेत्र की सेवा करूंगा। इस बात का समर्थन विपिन कुमार, दिलीप कुमार, डॉ संजय कुमार ने भी किया। इस तरह से लगभग 2 से 3 घंटे तक आगामी विधानसभा चुनाव के लिए परिचर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी प्रखंड के पंचायत एवं वार्ड के प्रभारी विकास कुमार, सोनुकुमार मनोज, रौशन कुमार, दिलीप कुमार आदि की सराहनीय भूमिका रही। अंत में सभी लोगों ने एक मत होकर डॉ अनुज सिंह के पक्ष में सहयोग देने का निर्णय लिया एवं पूरे तन मन के साथ विधानसभा चुनाव में आगे आने का अपील किया।

## पंचायतों में लगाये जायेंगे विद्युत विपत्र जमा करने को लेकर शिविर

**निज संवाददाता** | नवादा

जिले के सभी प्रखंडों में बिजली विभाग की ओर से 9 से 14 दिसंबर तक शिविर लगाये जायेंगे। पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस विशेष शिविर में स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायत पर सुनवाई की जायेगी। बिजली बिल सुधार व नये कनेक्शन के लिए आवेदन लिए जायेंगे। कार्यपालक अभियंता अनिल भारती ने बताया कि सदर प्रखंड में शुरुआत में एक दिन में चार पंचायतों में शिविर लगेगा। नौ दिसंबर को भदोखरा, आंति, आनंद पूरा और महुली में शिविर लगेगा। इसी तरह हर प्रखंडों में शिविर लगा कर बिजली से संबंधित सभी मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया जायेगा। जैसे स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतें, विद्युत आपूर्ति, विपत्र सुधार, बिल की गड़बड़ी, भुगतान, नये विद्युत संबंध, कृषि विद्युत संबंध, गलत रीडिंग, खराब मीटर इत्यादी व इन सभी शिविरों पर कनीय विद्युत अभियंता, आपूर्ति के साथ कनीय विद्युत अभियंता, राजस्व, सहायक सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक मौजूद रहेंगे। अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत दूर करने के लिए 09 से 14 दिसंबर तक प्रत्येक दिन पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन किया जायेगा।

> » कार्यपालक अभियंता अनिल भारती ने बताया कि सदर प्रखंड में शुरुआत में एक दिन में चार पंचायतों में शिविर लगेगा। नौ दिसंबर को भदोखरा, आंति, आनंद पूरा और महुली में शिविर लगेगा। इसी तरह हर प्रखंडों में शिविर लगा कर बिजली से संबंधित सभी मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया जायेगा।

## विभिन्न मामलों में 10 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के जोगियामारण, भड़रा, पचम्बा, हरदिया सेक्टर सी व सेक्टर ए, अमावां एवं एकम्बा गांव में पुलिस बलों ने छापेमारी कर विभिन्न मामलों में कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना काण्ड संख्या 234/21 के इश्तिहार वारंटी जोगियामारण गांव निवासी मुंद्रिका राजवंशी की पत्नी सोना देवी, बिजली राजवंशी की पत्नी सोनी देवी, उमेश राजवंशी की पत्नी कांति देवी एवं मंगर राजवंशी के पुत्र बिजली राजवंशी को एसआई पिंकी कुमारी ने गिरफ्तार किया। वहीं इश्तेहार वारंटी भड़रा गांव निवासी धुतर यादव के पुत्र दिनेश यादव को एएसआई पवन कुमार ने गिरफ्तार किया। थाने में पदस्थापित पीएसआई रौशन कुमार ने वारंटी हरदिया सेक्टर सी गांव निवासी स्व सीता साव के पुत्र बुधु साव एवं हरदिया सेक्टर ए गांव निवासी संजय मिस्त्री के पुत्र सिंटू कुमार को गिरफ्तार किया। वहीं पीटीसी जयप्रकाश चौधरी ने शराब मामले में वांछित अभियुक्त अमावां गांव निवासी फूली यादव के पुत्र पांचू यादव को गिरफ्तार किया। वहीं वारंटी एकम्बा गांव निवासी प्रभु राजवंशी के पुत्र दिलीप राजवंशी उर्फ रामचन्द्र राजवंशी एवं दशरथ राजवंशी के पुत्र रामस्वरूप राजवंशी को भी पुलिस बलों ने गिरफ्तार किया।

## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए छात्राओं के द्वारा किया गया प्रभात फेरी का आयोजन

**निज संवाददाता** | नवादा




समाज कल्याण विभाग बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा एवं जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए पदाधिकारी एवं विद्यालय के छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी समाहरणालय से निकल कर भगत सिंह चौक एवं विजय बाजार होते हुए प्रजातंत्र चौक पर समापन किया गया। इसके बाद सभी के बीच बाल विवाह, लिंग हिंसा, दहेज प्रथा पर बनी वीडियो को दिखाया गया एवं मोटिवेशनल वीडियो भी दिखाई गई। डॉ राज कुमार सिन्हा, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा द्वारा बताया गया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतराष्ट्रीय दिवस दिनांक 25.11.2024 से मानवाधिकार दिवस दिनांक 10.12.2024 तक दुनिया में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नई चेतना 3.0 पहल बदलाव की ओर इसी अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा द्वारा भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि विगत माह में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी को पॉक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम पर प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते ने कहा कि छात्राओं को किसी भी प्रकार की हिंसा को नहीं सहने के लिए एवं अपने लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राएं अपनी पढ़ाई पूरी कर आत्मनिर्भर बनने के बाद ही विवाह के लिए सोचें। किसी भी स्तर पर हो रही प्रताड़ना की शिकायत दर्ज करने के लिए 112, 181 तथा बच्चों की सहायता के लिए 1098 नंबर पर कॉल कर सकते है। उन्होंने अनेक कानूनी धाराओं पर भी प्रकाश डाला। साथ ही छात्राओं को बाल विवाह के बाद होने वाले हिंसाओं और समस्याओं से बारीकी से अवगत कराया। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, अमरनाथ कुमार द्वारा बताया गया कि समुदाय, विद्यालय, रेलवे स्टेशन, गांव एवं अन्य विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बाल संरक्षण अधिकारी मुकेश कुमार, शिक्षा विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, रोहित कुमार, सालीया उद्दीन, सुधा रानी, उषा कुमारी जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी कुमारी संगीता सिन्हा, ब्रजेश कुमार, रबी कुमार चाइल्ड हेल्प लाईन के कर्मी निरंजन कुमार तटवासी समाज न्यास के कर्मी कल्याणी कुमारी आदि मौजूद थे।

# श्री सत्या टीवीएस के सौजन्य से 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)




मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के मैदान में युवाओं के बीच कमांडो फिजिकल एकेडमी द्वारा देश प्रेम का अलख जगाया जा रहा है। युवाओं को खेल-कूद व दौड़ में प्रोत्साहन हेतु रविवार की सुबह सात बजे डाकबंगला स्थित श्री सत्या टीवीएस के सौजन्य से इंडियन आइडल की प्रतिभागी बिहार की बेटी रितिका राज के नाम 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान मेजर राम रतन यादव, सीआरपीएफ चन्दन कुमार, सीआरपीएफ सिंटू कुमार, आर्मी नीतीश कुमार व बीएसएफ के पीटीआई सुबोध कुमार के अलावे एकेडमी के विक्रम कुमार, दीपक कुमार, सतीश कुमार व विक्रम कुमार मौजूद रहे।इस दौड़ प्रतियोगिता में दर्जनों युवाओं ने भाग लिया। जिसमें हरदिया सेक्टर-ए के शंकर कुमार ने 4.50 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान फरका बुजुर्ग के बिराज गांव निवासी चन्दन कुमार एवं तृतीय स्थान मोहनपुर गांव निवासी नीतीश कुमार ने प्राप्त किया। वहीं टॉप-10 में साजन कुमार, श्रीकांत कुमार, निखिल कुमार, विनय कुमार, नीतीश कुमार, शिवम कुमार, सौरव कयमर, बंटी कुमार, अमन कुमार एवं सत्यम कुमार में शामिल रहे। पुरस्कार वितरण के दौरान भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम से पूरा मैदान गूंज उठा। श्री सत्या टीवीएस के मालिक राजेश कुमार ने बताया कि इंटर विद्यालय के मैदान में एकेडमी द्वारा युवाओं को अपने भविष्य संवारने को लेकर बेहतर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसी क्रम में युवाओं के उत्साह को बढ़ाने के लिए हीरो ऑफ द वीक नामक दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम विजेता को 2100 रुपये नगद,द्वितीय विजेता को 1100 रुपये नगद एवं तृतीय विजेता को 551 रुपये नगद के साथ शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टॉप-10 में शामिल युवाओं को भी नगद पुरस्कार के साथ मेडल प्रदान किया गया है। वहीं मेजर राम रतन यादव ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में प्रगति लाने में युवाओं का सहयोग अनिवार्य है। आज के युवा विभिन्न प्रकार के नशा आदि का सेवन कर रहे हैं एवं कम समय में अधिक पैसे कमाने की लालच में अवैध काम कर अपने उज्वल भविष्य को अंधकार में धकेल रहे हैं। जिससे वे न तो अपने परिवार के काम आ रहे हैं और न ही देश के काम आ रहे हैं। वैसे भटके युवाओं को देश की सेवा के साथ परिवार की सेवा करने को लेकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं सीआरपीएफ चन्दन कुमार ने कहा कि एकेडमी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ने का काम किया जा रहा है। देश के बॉर्डर से लेकर परिवार और समाज की सेवा करना युवाओं का कर्तव्य है। युवाओं को फिजिकली और मेंटली दोनों रूप से मजबूत करना हमारा लक्ष्य है। साथ ही बताया कि एकेडमी से जुड़ने के लिए युवा सिनेमा हॉल वाली गली स्थित कार्यालय में आ सकते हैं। साथ ही कहा कि भटके युवाओं को बिहार पुलिस, आर्मी व एसएससी जीडी समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। इस दौरान इंडियन आइडल में बिहार की प्रतिभागी रितिका राज को वोट करने की युवाओं से जोरदार अपील की गई,ताकि भविष्य में देश को एक बेहतर गायिका मिले। इस दौरान श्री सत्या टीवीएस टीम के सहयोगी मोहित कुमार, मनीष कुमार, राजू कुमार, सोनू कुमार, विशाल अग्निहोत्री, विनोद आर्या, संतोष कुमार, शिव कुमार, नुनु राजवंशी, सन्नी कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पैक्स चुनाव का असर : किसान बाजार में औने-पौने दामों में धान बेचने को मजबूर



**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र के बाजार में छोटे से लेकर बड़े दुकानों में किसान अपने खेतों में उपजे धान को औने-पौने दामों में बेच रहे हैं। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है, तो दूसरी ओर व्यवसायियों को अधिक लाभ हो रहा है। ऐसा नहीं है कि पहले किसान बाजार में धान नहीं बेचा करते थे, किन्तु इस बार पैक्स चुनाव को लेकर किसानों के धान की खरीदारी पैक्स अध्यक्षों द्वारा नहीं की गई। जिसके कारण किसान अपने खेत-खलिहान व घर में रखे धान को बाजार में बेच रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बाजार में मंसूरी धान 1800 रुपये एवं सीता धान 1870 रुपये प्रति क्विंटल बेचा जा रहा है। जबकि सरकार द्वारा धान की खरीदारी का निर्धारित मूल्य ग्रेड ए के लिए 2320 रुपये प्रति क्विंटल एवं सामान्य धान के लिए 2300 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। बाजार मूल्य एवं सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य में प्रति क्विंटल लगभग 500 रुपये का अंतर देखने को मिल रहा है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। सरकारी आंकड़े के अनुसार धान की खरीदारी 15 नवंबर से की जा रही है। किंतु पैक्स चुनाव को लेकर रजौली प्रखण्ड में 27 नवंबर को मतगणना के बाद नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष धान की खरीद में जुट गए हैं। बीसीओ राजकमल भारती ने बताया कि धान खरीद को लेकर जिला से कोई लक्ष्य का निर्धारण नहीं किया गया है, बल्कि सांकेतिक लक्ष्य के अनुसार धान अधिप्राप्ति को लेकर पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही बताया कि अबतक प्रखण्ड क्षेत्र से लगभग 1400 क्विंटल की धान की खरीदी किसानों से की जा चुकी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 20 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोईलवर**| गीधा पुलिस ने शराब मामले में कारवाई करते हुये थाना क्षेत्र के वास्तु बिहार के समीप से 20 लीटर महुआ बरामद के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस की मानें तो कायमनगर-बिरमपुर सड़क पर वास्तु बिहार के समीप से थाने की पुलिस ने 20 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गीधा थाने की पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक शराब धंधेबाज शराब बेंच रहा है, तभी पुलिस के द्वारा छापेमारी कर शराब को जब्त कर लिया। इस दौरान पुलिस ने धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज बिहटा थाना क्षेत्र के मौदहीं निवासी सूरज कुमार है।

### राष्ट्रीय लोजपा दलित सेना का हुआ स्वागत सह अभिनंदन समारोह

**आरा**| राष्ट्रीय लोजपा दलित सेना जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर, नव मनोनीत जिलाध्यक्ष डॉ मिथलेश कुमार पासवान का अभिनन्दन सह स्वागत समारोह प्रधान कार्यालय आरा में हुआ। राष्ट्रीय लोजपा के जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा कि डॉ मिथलेश को यह जिम्मेवारी दिए जाने के लिए दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री पशुपति कुमार पारस बधाई के पात्र है। इससे संगठन में नया जोश एवं काफी मजबूती आयेगीं।



मौके पर महानगर अध्यक्ष हरेकृष्णा पासवान, प्रवक्ता विकेश विधाता, विजयेंद्र कुमार पाठक, भारत पासवान, बिमलेश पासवान, मुन्ना यादव, रंजीत कुमार, विजय चौहान, डॉ चंदन पासवान, सरोज पासवान, गोल्डी सिंह, सुरेंद्र पासवान, सुबोध सिंह, आरती देवी, रमेश पासवान,समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिन्दगांवा संगम स्थल पर पहुंचे राजद सुप्रीमो, गंगा आरती में हुए शामिल

**कोईलवर**| आरा-छपरा के सीमा अवस्थित बिन्दगांवा संगम स्थल पर राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव पहुंचें व गंगा आरती में शामिल हुए। इस दौरान राजद सुप्रीमो ने माता गंगा की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। लोगों को संबोधित करते हए राजद सुप्रीमो ने कहा कि गंगा-सोन नदी के संगम हमारे बिहार राज्य के लिए धरोहर है। जिसपे मौजूदा सरकार का कोई ध्यान नहीं है। हमारी सरकार बनेगी तो प्रयागराज के तर्ज पर संगम स्थल को तीर्थ स्थल बनाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ सभास्थल पर पहुंची थी। मौके पर गरखा विधायक सुरेन्द्र राम, परसा विधायक छोटे लाल, राजद महासचिव मनोज सिंह, होटल मौर्य के डायरेक्टर बीडी सिंह, राजद नेता रामबाबू सिंह तथा ठाकुर प्रिंस कुमार समेत कई राजद कार्यकर्ता और नेता थे।



### आरसेटी में मुर्गी पालन का प्रशिक्षण

**कोईलवर**| पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोईलवर भोजपुर में मुर्गी पालन का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोजपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों के बेरोजगार युवक भाग ले रहे हैं। मुर्गी पालन के प्रशिक्षक रजनीकांत वर्मा द्वारा मुर्गी पालन करने के तौर तरीके, आवास का प्रकार, बीमारी एवं उनके रख-रखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। संस्थान निदेशक राणा संजीत ने बताया कि संस्थान में पोशाक, भोजन एवं आवासीय सुविधा के साथ निःशुल्क प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। इसी माह में डेयरी फॉर्मिंग, बकरी पालन, सिलाई एवं मछली पालन का प्रशिक्षण अतिशीघ्र शुरू किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी जल्द से अपना आवेदन कर नामांकन करा सकते है।



### कोईलवर में राजद सुप्रीमों लालू यादव का जोरदार स्वागत

**कोईलवर**| बिन्दगांवा संगम पर महाआरती में सम्मिलित होने जा रहे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का कोईलवर अवस्थित सिक्सलेन पुल के पास राजद कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान लालू यादव जिंदाबाद, राष्ट्रीय जनता दल जिंदाबाद का नारा लगाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके वाहन पर फूल मालाओं का वर्षात कर दिया। श्री यादव ने अस्वस्थता के कारण वाहन के अन्दर से ही कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। स्वागत समारोह का नेतृत्व राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से सीपी चक्रवर्ती, अनिल यादव, कोईलवर के राजद अति-पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस ठाकुर, श्री भगवान पासवान, लक्ष्मण सिंह, आकाश पासवान, पिंटू राय, धर्मेंद्र कुमार, विमल यादव, आजाद जी, पप्पू प्रसाद, विराट ठाकुर, बुटन राम आदि सहित कई राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ छात्र राजद ने सीएम नीतीश का पुतला फूंका

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में बिहार लोक सेवा आयोग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज के विरोध में छात्र राजद ने सीएम नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। नेतृत्व छात्र राजद के विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता तेजू त्यागी ने किया। जिला पार्षद सह युवा राजद प्रदेश महासचिव भीम यादव ने कहा कि 70 वीं बीपीएससी के द्वारा अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा फार्म भरने की प्रथम तिथि 18 अक्टूबर तक निर्धारित की गयी जिसमें चार से पांच लाख अभ्यर्थी फार्म भरने में सफल रहे। वही द्वितीय तिथि 4 नवम्बर तक निर्धारित की गयी जिसमें 80 से 90 हजार अभ्यर्थी फार्म भरने के लिए पंजीयन कराएं। लेकिन आयोग का निर्धारित तिथि से पहले ही परीक्षा फार्म का साइट तकनीकी कारणों से बंद हो गया। इससे 80 से 90 हजार अभ्यर्थी परीक्षा फार्म भरने से वंचित हो गए है। जब अभ्यर्थी परीक्षा फार्म भरने के लिए आयोग से तिथि घोषित करने की मांग कर रहे थे तो सीएम नीतीश कुमार की क्रूर पुलिसकर्मियों ने निहत्थे छात्रों पर लाठीचार्ज कर मानवता को शर्मशार कर दिया। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि जब से बिहार में नीतीश - मोदी के गठजोड़ की सरकार बनी हैं तब से यह सरकार छात्र - युवा एवं रोजगार विरोधी हैं। बिहार में तेजस्वी यादव के साथ सीएम नीतीश कुमार की महा गठबंधन सरकार थी तो इसी बीपीएससी के तहत मात्र विज्ञापन की तिथि से तीन महीने के अंदर बिना किसी रूकावट के बिहार सहित देश के नौजवान को तीन से चार लाख शिक्षकों की नौकरी दी गयी। छात्र राजद पुतला दहन के माध्यम से मांग करता है कि बीपीएससी अविलंब परीक्षा फार्म भरने की नई तिथि घोषित करे।



# युवक ने वीर कुंवर सिंह सेतु से गंगा नदी में लगाई छलांग

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में लापता की तलाश में जुटी गोताखोर की टीम, वीर कुंवर सिंह सेतु पर मिली बाइक

बक्सर में रविवार को वीर कुंवर सिंह सेतु से एक युवक ने गंगा नदी में छलांग लगा दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया गया। मौके से पुलिस ने एक बाइक बरामद को बरामद किया है, जिसके आधार पर युवक की पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया गया है। हालांकि, परिजनों का प्रशासन पर देरी से खोजबीन का प्रयास करने का आरोप भी है। रविवार को एक युवक अपनी बाइक से वीर कुंवर सिंह सेतु पर पहुंचा। उसने बाइक से उतर कर किनारे खड़ा किया और अचानक गंगा नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद कुछ लोगों ने जब युवक को छलांग लगाते देखा, तो तुरंत शोर मचाया और बचाने की कोशिश की। लेकिन जब तक कोई वहां तक पहुंच पाता, तब तक युवक नदी में कूद चुका था। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

**मामले की जांच में जुटी पुलिसः** घटना की सूचना पर नगर थाना और औद्योगिक थाना की पुलिस पहुंच मामले की जांच में जुटी हुई ही। नगर थाना अध्यक्ष संजय सिन्हा ने बताया कि घटनास्थल से एक बाइक बरामद किया गया है, जिसके नंबर और अन्य दस्तावेजों के आधार पर युवक की पहचान की गई। युवक का नाम अंकित कुमार (18) बताया गया है, जो लोहंदी थाना इटाढ़ी का रहने वाला है और उसके पिता का नाम डॉ मनु कुशवाहा है। परिजनों के अनुसार अंकित छात्र था और पढ़ाई कर रहा था। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया।

**युवक की तलाश जारीः** पुलिस की ओर से युवक की खोजबीन के लिए गोताखोरों को गंगा नदी में उतारा गया है। गोताखोर लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस का कहना है कि जब तक युवक का पता नहीं चलता, तलाश जारी रहेगी। घटना से स्थानीय लोगों में भी हैरानी और चिंता का माहौल है। आसपास के लोग इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक युवक के परिवार को घटना की जानकारी दे दी गई है और उनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक ने ऐसा कदम किन परिस्थितियों में उठाया।

## आशा व फेसिलिटेटर ने किया प्रदर्शन



निज संवाददाता। आरा

बिहार राज्य आशा एवं आशा फेसिलिटेटर संघ ने सिविल सर्जन के समक्ष रोष पूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत सभा की अध्यक्षता बसंती देवी ने किया। चिकित्सा संघ के जिला अध्यक्ष विनोद यादव व आशा संघ की जिला मंत्री शकुंतला कुमारी ने कहा कि सरकार, आशा एवं आशा फैसिलिटेटरों पर अत्यधिक कार्य का बोझ लादकर दमन कर रही है। तकनीकी रूप से अप्रशिक्षित आठवीं पास आशा के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने एवं पारिवारिक सर्वे कर उसे भव्य पोर्टल पर अपलोड करने का आदेश, अपने आप में दमन की कार्रवाई करने का एक हथियार है। आशा का मुख्य कार्य लाभुकों को संस्थान स्तर तक पहुंचना है। गाइडलाइन के अनुसार जो कार्य आवंटित है उसके अतिरिक्त भी कई सामाजिक कार्यक्रमों में बिना प्रोत्साहन राशि के कार्य कराया जाता है। आयुष्मान कार्ड बनाने एवं पोर्टल पर अपलोड करने जैसे तकनीकी कार्य करने में वह सक्षम नहीं है, इसलिए प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों या उपकेंद्रों पर डाटा ऑपरेटर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के द्वारा इस कार्य का संपादन कराया जाए। आशा लाभुकों को उसे केंद्र तक लाने का काम करेंगी।

## भोजमो ने आठ सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना




निज संवाददाता। आरा

भोजपुरिया जन मोर्चा पार्टी ने आठ सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना दिया। धरना में राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोरखनाथ अकेला, दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ललन प्रसाद नट ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गरीब, पिछड़ों व दलितों की अनदेखी कर रही है। इसका बदला 2025 के चुनाव में लिया जाएगा। भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन देने, झुग्गी झोपड़ी उजाड़ने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था करने, गरीबों को राशन कार्ड, कैंप लगाकर दिव्यांग, वृद्धा व विधवा पेंशन की सुविधा देने, पीएम आवास के तहत राशि का भुगतान करने, जमीन मोटेशन व परिमार्जन करने सहित आठ सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया गया है। नेताओं ने कहा कि 9 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में वोटर पेंशन, भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने, गरीब दलितों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने सहित 6 सूत्री मांगों को लेकर वोटर अधिकार सभा होगा।

# अहिरौली गंगा घाट पर रिवर रैंचिंग का आयोजन

♦ DM ने गंगा नदी में मछलियां डाल कर किया शुभारंभ, 3 लाख 86 हजार मछली छोड़ने का लक्ष्य



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के अहिरौली घाट पर गंगा नदी में 'रिवर रैंचिंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने गंगा नदी में 1 लाख 91 हजार मछलियों के बच्चों को छोड़ कर किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सरोज देवी, मत्स्य निदेशालय के अधिकारी टुनटुन सिंह, उप मत्स्य निदेशक, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

**प्रदूषण से घट रही मछलियों की संख्याः** जिला पदाधिकारी ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और मानव गतिविधियों के कारण नदियों में मछलियों की संख्या लगातार घट रही है। इससे जल का प्राकृतिक संतुलन और जैव विविधता पर नकारात्मक असर पड़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव मानव जीवन पर भी पड़ता है। इस स्थिति को सुधारने और मछलियों की संकटग्रस्त प्रजातियों को संरक्षित करने के लिए राज्य सरकार ने रिवर रैंचिंग कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत गंगा और अन्य प्रमुख नदियों जैसे करेह, कमला, बागमती, कोसी और बुढ़ी गंडक में 3 लाख 86 हजार मछली के बच्चे छोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

**रिवर रैंचिंग से मछुआरों को मिलेगा लाभः** उन्होंने बताया कि यह एक दीर्घकालीन योजना है, जिसके परिणाम 8-10 सालों में दिखने लगेंगे। इससे नदियों में मछली उत्पादन बढ़ेगा और मत्स्य जीविका से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा। साथ ही, नदियों की गुणवत्ता में सुधार और प्रदूषण में कमी आएगी।

# आश्रयविहीनों के लिए बक्सर में तैयार रैन बसेरा



♦ निगम जरूरतमंदों को देगी निशुल्क सेवा; 30 बेड सहित चादर, तकिया, बिजली, पानी उपलब्ध

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के रेलवे स्टेशन पर शनिवार को 30 बेड वाला अस्थाई आश्रय स्थल का उद्घाटन किया गया। इसके तहत शहर के आश्रयविहीनों को आने वाली कड़ाके की ठंड से राहत देने का प्रयास किया जायेगा। बता दें कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत ये आश्रय स्थल बनया गया है। जिसका उद्घाटन शहर की सभापति कमरून निशा और कार्यपलक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। जिसके बाद ठंड के मौसम में फुटपाथ पर सोने के लिए मजबूर व्यक्ति और आश्रयविहीन लोगों के लिए इसे खोल दिया गया है।

**आश्रय स्थल में उपलब्ध है ये सुविधाः** कार्यपलक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि अस्थाई आश्रयस्थल में चादर,तकिया, बिजली, पीने का पानी इत्यादि की व्यवस्था की गई है। DAY NULM योजना के अंतर्गत पहले से ही शहर के पुलिस चौकी के पास 30 बेड का स्थाई रैन बसेरा आश्रय बना हुआ है। जिससे शहरी आश्रयविहीनों को बहुत सारी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

**बेघरों के लिए बना अस्थाई रैन बसेराः** नगर परिषद की चेयर मैन कमरून निशा ने कहा की ठंड का मौसम दस्तक दे चुका है। रात के समय सर्दी ने सताना शुरू कर दिया है। ऐसे में बेघर और जरूरतमंद लोगों को रात खुले में न काटनी पड़े, इसे लेकर प्रत्येक साल की तरह इस बार भी नगर प्रशासन की तरफ से अस्थाई रैन बसेरा का व्यवस्था किया गया है। जरूरत पड़ने पर इसे और आगे बढ़ाया भी जा सकता है।

## डुमरिया गांव में ई-पंचायत सरकार भवन बनाने की मांग

निज संवाददाता। आरा



प्रखंड के डुमरिया गांव के ग्रामीण पंचायत सरकार भवन डुमरिया में बनाने की मांग को लेकर पिरो अनुमंडल ऑफिस पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने एसडीएम को नही रहने पर डीसीएलआर से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया। डुमरिया के गुडु सिंह, हरिद्वार सिंह, पूर्व जिलापरिषद उपाध्यक्ष रूपलाल राम, श्याम बिहारी भगत, दिनेश पासवान, कलामुदीन अंसारी ,रिंकू सिंह सहित दर्जनों लोगों ने डीसीएलआर से मिलकर कहा कि जब हमारे गांव में प्रयाप्त बिहार सरकार का जमीन है और हमारा पंचायत का नाम डुमरिया पँचायत के नाम से जाना एवं पहचाना जाता इसके बावजूद भी डुमरिया गांव में ई-पंचायत सरकार भवन नही बनाकर मुखिया और सिओ के प्रयास से कपुरडीहरा गांव में ई-पंचायत सरकार भवन का जमीन चयन कर निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जो गलत एवं बिहार सरकार के नियमावली के विरुद्ध है। ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग पूर्व में एसडीएम से लेकर डिएम एवं डीपीआरओ से मिलकर अपनी बात रखी थी। डीएम ने तरारी सिओ को 18 अक्टूबर को जांच प्रतिवेदन तीन दिन के अंदर देने को कहा था। लेकिन जांच प्रतिवेदन नही भेजे जाने से अभीतक समस्या का समाधान किये बगैर ई-पंचायत सरकार भवन बनाने का कार्य प्रगति पर है। जिससे डुमरिया के ग्रामीणों में लापरवाह अधिकारी के प्रति नाराजगी है वही ग्रामीणों में शिकायतकर्ता के बिना जानकारी दिए ही सिओ द्वारा जमीन नही होने की बात कहे जाने से आक्रोश भी है।

## सभी दुधारू पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं : पदाधिकारी

निज संवाददाता। आरा



स्थानीय प्रखण्ड के 52 गाँवो में खुरपका व मुँह पका रोग से बचाव को ले अभी तक 17400 दुधारू पशुओं ( गाय व भैंस) व उनके 4 माह से अधिक सभी बच्चों को भी टीकाकरण किया गया है जबकि 6 दिसंबर तक 21 हजार 3 सौ दुधारू गाय भैंस का टीका देने का लक्ष्य था। टीकाकरण 23 अक्तूबर से शुरू हुआ है जो 25 नवंबर तक चलना था लेकिन विभाग ने उस समय को बढ़ा कर 6 दिसंबर कर दिया था। टीकाकरण को ले 8 निजी कर्मियों को लगाया गया है जो प्रखण्ड के 54 गाँवो में घूम घूम कर पशुओं का टीकाकरण कर रहे थे। अभी तक क़रीब 45 गाँवो में टीकाकरण किया जा चुका है। इसमें दो तरह के टीका है। पहला ऐसे जानवरों को देना है जिसको अभी तक नही पड़ा है जिसका प्राथमिक डोज कहा जा रहा है और दूसरा बूस्टर डोज है जो पहले पशुओं को पड़ चुका है। 19 हज़ार 3 सौ 50 प्राथमिक डोज व 1950 बूस्टर डोज देना है, जिसमे अभी तक दोनों मिलाकर 21 हजार 3 सौ टीकाकरण का लक्ष्य है। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी शिव शंकर पाल ने बताया कि कुछ पशु पालक ऐसे है जो टीका नही दिलाना चाहते है, उनको डर है कि दूध पर असर पड़ेगा। लेकिन ऐसे पशु पालकों को पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि उनको डरने की जरूरत नही है। सभी दुधारू पशुओं को टीकाकरण अवश्य कराए, टीकाकरण कराने से पशुओं में वायरस संक्रमण नही होगा, टीकाकरण कराने से दूध पर कोई असर नही पड़ेगा। ये एक घातक बीमारी है,इसलिये विभाग का आदेश है कि 4 माह से अधिक सभी दुधारू पशुओं को टीका जरूर दिलावे।

# बक्सर में NH-319A के निर्माण काम में आएगी तेजी

निज संवाददाता। बक्सर



♦ भू-अर्जन से संबंधित कैंप का 10 दिसंबर को आयोजन, मुआवजा भुगतान प्रक्रिया में तेजी से होगा फायदा

बक्सर में एनएच संख्या-319A (मोहनिया-रामगढ़-चौसा-बक्सर) के निर्माण कार्य के लिए भू-अर्जन प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक विशेष कैंप का आयोजन किया है। यह कैंप 10 दिसंबर को प्राथमिक विद्यालय हरिपुर में लगाया जाएगा। कैंप का मुख्य उद्देश्य अंचल के अंतर्गत मौजा हरिपुर, लरई, कोडरवा समेत अन्य प्रभावित क्षेत्रों के रैयतों (जमीन मालिकों) से भू अर्जन के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करना और उनकी जांच के साथ मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। डीएम ने यह निर्देश दिया है कि आवेदन पत्र से संबंधित सभी आवश्यक प्रपत्र कैंप में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, ताकि रैयतों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की ओर से इस कैंप के सफल संचालन के लिए पुख्ता तैयारियां की जा रही हैं।

**दस्तावेजों के सत्यापन में नहीं हो देरीः** अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अंचल निरीक्षक, हल्का कर्मचारी और अमीन के साथ मौके पर उपस्थित रहें, ताकि आवेदन पत्रों की जांच तत्काल की जा सके। इसके साथ ही, हल्का कर्मचारी राजस्व अभिलेखों को साथ लाने के लिए भी बाध्य होंगे, ताकि दस्तावेजों के सत्यापन में किसी प्रकार की देरी नहीं हो। कैंप में बड़ी संख्या में हितबद्ध रैयतों (जिनकी भूमि अधिगृहीत होनी है) आने की संभावना को देखते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। थानाध्यक्ष बक्सर (मुफस्सिल) को कैंप स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि शांति और सुव्यवस्था बनी रहे।

**माइक से किया जाएगा प्रचार-प्रसारः** अंचल अधिकारी को यह भी जिम्मेदारी दी गई है कि वे संबंधित मौजा के रैयतों के बीच कैंप के आयोजन की सूचना व्यापक स्तर पर प्रचारित करें। इसके लिए माइक के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही, स्थानीय त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों को भी सूचित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक प्रभावित रैयतों को कैंप की जानकारी मिल सके और वे समय पर अपने आवेदन जमा कर सकें।

**मुआवजा भुगतान प्रक्रिया में तेजी से होगा फायदाः** कैंप प्रभावित रैयतों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसके माध्यम से उन्हें मुआवजा भुगतान प्रक्रिया में तेजी से फायदा मिल सकेगा। जिला प्रशासन ने रैयतों से अपील की है कि वे कैंप स्थल पर निर्धारित तिथि को आवश्यक कागजातों के साथ उपस्थित होकर आवेदन जमा कराएं। मौके पर अधिकारियों की मौजूदगी के चलते आवेदन जांच प्रक्रिया और अन्य औपचारिकताओं का काम तत्काल पूरा किया जाएगा। इस कैंप के आयोजन से प्रभावित रैयतों को सहूलियत मिलने के साथ-साथ एनएच संख्या-319A के निर्माण कार्य में भी तेजी आएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### दावाः बेहतर सुविधा के लिए शिफ्ट किए गए छात्र सच : पढ़ाई भी शुरू नहीं, पीने लायक पानी नहीं

**भागलपुर**। भागलपुर के कंपनीबाग स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्लस टू बालक अनुसूचित जाति आवासीय स्कूल के छात्रों को दूसरे जिले के स्कूलों में शिफ्ट किया जा रहा है। आर्ट्स के छात्रों को जमुई के झाझा स्कूल में भेजने की तैयारी चल रही है। साइंस के 38 छात्रों को अररिया के फारबिजगंज के रामपुर स्थित स्कूल में शिफ्ट किया गया है। शिफ्ट इस कारण से किया गया है कि वहां छात्रों के लिए बेहतर व्यवस्था है। इसके लिए भास्कर की टीम ने भागलपुर और अररिया के स्कूल में व्यवस्था की स्थिति जानने के लिए पड़ताल की। इस दौरान चौंकानेवाली हकीकत सामने आई। इसमें अफसर के दावे के उलट हालात नजर आए। भागलपुर के स्कूल में छात्रों को दी जानेवाली व्यवस्था ठीक दिखी, जबकि अररिया के स्कूल में व्यवस्था बदहाल नजर आई। वहां शिफ्ट दिए गए छात्रों के लिए अब तक पढ़ाई शुरू नहीं की जा सकी है। पानी पीने लायक स्थिति में नहीं है। छात्रों के मुताबिक खाना भी ठीक से नहीं मिलता है। वहां के हेडमास्टर ने कहा कि क्लास रूम के अभाव में पठन-पाठन में परेशानी हो रही है।

### टीएमबीयू ने वस्त्रदान की अपील की

**भागलपुर**। टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने उपयोग में नहीं आने वाले वस्त्र दान के रूप में एनएसएस कार्यालय में जमा कराने की अपील की है। उन्होंने छात्रों, विवि कार्यालय, इसकी सभी ईकाइयों के कर्मियों से यह अपील की है। ऐसे कपड़े 15 दिसंबर तक जमा कराए जा सकते हैं। कपड़े जरूरतमंद लोगों को दिए जाएंगे। इसकी सूचना रजिस्ट्रार प्रो. रामशीष पूर्वे ने जारी की है।

### मतदाता सूची का छह को होगा अंतिम प्रकाशन

**मुंगेर**। 1 जनवरी 2025 के आधार पर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम के तहत 29 अक्टूबर से 28 नवंबर-2024 तक चलाया गया था। इस अभियान में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए जिले में करीब 20,000 फार्म भरे गए हैं। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जितने भी फार्म-6 भरे गए हैं, उन सभी फार्मों की दावा व आपत्ति का निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तारापुर विधानसभा क्षेत्र में 5,600 फार्म, मुंगेर विधानसभा में 7,374 फार्म और जमालपुर विधानसभा में 7,000 फार्म नये मतदाता बनने को लेकर आए हैं। बता दें 1 जनवरी 2025 को जिन युवा का का उम्र 18 वर्ष पूरा हो गया था, वे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-6 भरे थे। एक महीने चले मतदाता सूची में नाम जोड़ने के अभियान में 2 और 3 नवंबर के अलावा 23 और 24 नवंबर को निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष अभियान चलाया गया था। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है के दिन नये मतदाता को वोटर कार्ड प्रदान की जाएगी।

### कन्या विवाह योजना पर 11 को कैंप

**टेटिया बंबर**। डीएम के निर्देश के आलोक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लाभुक पात्रों के बीच प्रचार-प्रसार के साथ आगामी 11 दिसंबर को प्रखंड कार्यालय में विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए बीडीओ निशा राय ने बताया कि इसको लेकर जिले के सभी प्रखंडों में अलग-अलग तिथि पर कैंप आयोजित किया जाएगा। टेटिया बंबर में 11 दिसंबर को कैंप लगाया जाएगा। जिसमें आवश्यक दस्तावेज के साथ फॉर्म भरवाकर जमा लिए जाएंगे। इसको लेकर विकास मित्र, पंचायत सचिव, सभी वार्ड प्रतिनिधि गण लाभुकों के बीच प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने का काम करेंगे। ताकि सरकार की इस योजना का लाभ इसके दायरे में आने वाले सभी पात्रों को मिल सके।

### पर्यावरण से लेकर संस्कृति के अलग-अलग आयामों पर सार्थक संवाद



**भागलपुर**। रानी तालाब स्थित माउंट असीसी सीनियर सेक्शन में शनिवार को अभिभावक दिवस पर सेलेस्टिया 24 का आयोजन हुआ। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से कई गंभीर संदेश भी दिए। पर्यावरण से लेकर संस्कृति के विभिन्न आयामों पर सार्थक संवाद इस आयोजन का खास हिस्सा रहा। पिछली कक्षाओं के श्रेष्ठ रहे बच्चों को सम्मानित किया गया। डीएम डॉ. नवल किशोर, पूर्णिया के प्रधान जिला न्यायाधीश कन्हैया जी चौधरी, एसएसपी आनंद कुमार आदि की उपस्थिति से छात्रों का उत्साह चरम पर रहा। गणमान्य अतिथियों के साथ विद्यालय के अध्यक्ष विद्यालय के अध्यक्ष रेवरेंट फादर थॉमस चिट्टूकलम, रेवरेंट फादर कुरियन ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। डीएम ने कहा कि सपने हमेशा ऊंचे रखने चाहिए। एसएसपी आनंद कुमार ने बच्चों को एकाग्र होकर मेहनत करने का संदेश दिया। पूर्णिया के प्रधान जिला न्यायाधीश ने उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि हर इवेंट एक थीम और सार्थक संदेश लिए हुए था। बच्चों का तालमेल और आत्मविश्वास प्रशंसनीय रहा। कार्यक्रम में शिक्षाविद राजीवकांत मिश्रा ने भी बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।

# मेट्रो परियोजना को लेकर रूट चार्ट तैयार, बैठक में दिखाया गया रिपोर्ट

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के समीक्षा भवन में शनिवार को भागलपुर मेट्रो के लिए तैयार किए गए कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान (CMP), अल्टरनेटिव एनालिसिस रिपोर्ट (AAR) एवं फैसिबिलिटी स्टडी का रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। जिसे संयुक्त महाप्रबंधक एम. विशाखा ने पावर प्रजेंटेशन (PPT) के माध्यम से दिखाया। उन्होंने बताया कि उनकी टीम शहर का सर्वेक्षण करते हुए आम लोगों की राय, ट्रैफिक सर्वे, टेक्निकल बिंदुओं और अन्य मानकों को ध्यान में रखते हुए पहले और दूसरे फेज में प्रस्तावित मेट्रो के कॉरिडोर को निर्धारित किया है। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी के नेतृत्व में हुई इस बैठक में एमएलसी संजीव कुमार सिंह, मेयर डॉ वसुंधरा लाल, डिप्टी मेयर डॉ मोहम्मद सलाउद्दीन, नगर आयुक्त प्रीति के समक्ष राइट्स लिमिटेड के पदाधिकारी राजीव कुमार तिवारी मौजूद थे। भागलपुर मेट्रो के लिए दो फेज में रिपोर्ट तैयार किया गया है।पहला फेज सैदपुर से रेलवे जंक्शन भागलपुर है। वहीं, दूसरा फेज रेलवे जंक्शन से चंपानगर तक और भागलपुर जंक्शन से वास्तु विहार तक है। बता दें कि DM डॉ नवल किशोर चौधरी ने मेट्रो के रूट लाइनिंग पर सुझाव दिया है।

## दो फेज में रिपोर्ट तैयार



**डीएम ने दिया सुझावः** कॉरिडोर प्रथम - सैदपुर- सबौर - भागलपुर- इंजीनियरिंग कॉलेज - जीरोमाईल - तिलकामांझी- भीखनपुर होते हुए भागलपुर रेलवे स्टेशन तक। भागलपुर रेलवे स्टेशन से ततारपुर - टीएनबी कॉलेज- नाथनगर से होते हुए चंपानगर तक के कार्यों को प्रथम चरण में करने का सुझाव दिया गया। कॉरिडोर द्वितीय में भागलपुर रेलवे स्टेशन - मुजाहिदपुर- महेशपुर - भैरोपुर से वास्तु विहार कॉलोनी तक के कार्यों को प्रथम चरण में करने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त DM ने कुछ अन्य मार्गों का CMP, AAR और फेसबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने हेतु निर्देश दिया। चंपानगर - पुरानी सराय - नूरपुर- दौबत - चौधरीडीह से कटारिया नदी तक अध्ययन कर दूसरे चरण में कार्य करने का सुझाव दिया गया।

बैठक में उपस्थित पार्षदों के द्वारा द्वितीय चरण में के लिए चंपानगर- बाईपास- कोहरा - शीतला स्थान चौक - मीरजान हाट से होते हुए भीखनपुर तक रूट निर्धारित करने का सुझाव दिया गया। TNB कॉलेज के पास मेट्रो रेल स्टेशन को भूमिगत बनाए जाने का सुझाव दिया गया। राइट्स लिमिटेड के पदाधिकारी को इसके टेक्निकल फैसिलिटी को ध्यान में रखते हुए CMP, AAR एवं फेसबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने हेतु सुझाव दिया गया। राइट्स लिमिटेड के पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त सुझावों पर कार्य करने की सहमति दी गई।

### जॉलीवुड के निवेशकों की आपात बैठक में लिया गया निर्णय

**मुंगेर**। जॉलीवुड निवेशकों की आपात बैठक शनिवार को संजय केसरी की अध्यक्षता में पोलो मैदान में हुई। बैठक में निवेशकों ने कहा कि जॉलीवुड संचालक जीतेन्द्र कुमार राजीव को कोर्ट में सरेंडर किए 10 दिनों से अधिक समय हो गया। लेकिन अब तक उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ नहीं की जा रही है। जिससे निवेशकों में आक्रोश व्याप्त है। मौके पर सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता संजय केसरी ने कहा कि जीतेन्द्र कुमार को तत्काल रिमांड पर लेकर पूछताछ किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर 15 दिनों के अंदर सभी अभियुक्तों की गिरफ्तार नहीं हुई और निवेशकों की जमाराशि वापस नहीं दिलाई गई तो 23 दिसंबर को शहीद स्मारक के समक्ष आक्रोश पूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निवेशकों की डूबी जमा राशि दिलाने के लिए ज़रुरत पड़ी तो जेल भरो अभियान और आमरण-अनशन भी किया जाएगा। मौके पर तालिब हुसैन, रवि रंजन, कुमार दयानंद उर्फ बीरू, चन्दन यादव, विजय गोपाल, अमन कुमार, बबलू पंडित, रवि गुप्ता, प्रेम कुमार समेत दर्जनों निवेशक मौजूद थे।

### भागलपुर में दो प्रतिबंधित पक्षी बरामद

## सड़क किनारे खड़े शख्स की वन विभाग ने ली तलाशी, कार्रवाई के दौरान आरोपी फरार

निज संवाददाता। भागलपुर



नौगछीया के नारायणपुर भवानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरबन्ना एनएच-31 पर शनिवार को वन विभाग ने प्रतिबंधित दो अप्रवासी पक्षी को बरामद किया। वन विभाग नवगछिया के रेंजर ऑफिसर पृथ्वी नारायण सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में वीरबन्ना एनएच-31 चौक के पास एक शख्स झोले में चिड़िया बेच रहा था, तलाशी ली गई तो मना कर रहा था। जब दबाव बनाया गया तो झोला में प्रतिबंधित दो पक्षी मिली। पक्षी कहां से लाया इस बारे में उसने बताया कि इसका शिकार करके हम लोग नदी किनारे से लाते हैं, इसके बाद कार्रवाई होता देख वहां भीड़ जुट गई। भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी वहां से भाग गया।

**दोनों पक्षियों को छोड़ दिया गयाः** पीएन सिंह ने भवानीपुर थाना में थाना अध्यक्ष महेश कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में जहां भी चिड़िया बिक रही है, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। क्योंकि यह वन्य जीव प्राणी एक्ट अधिनियम के खिलाफ है। वैसे व्यक्ति को चिह्नित कीजिए जो चिड़िया बेचने में या चिड़िया का शिकार करने में शामिल है। भवानीपुर थाना परिसर से ही दोनों प्रतिबंधित पक्षी को खुले आकाश में उड़ा दिया गया।

# बीएसएफ टीम रवाना, डीएम ने दिखाई हरी झंडी 60 सदस्यीय टीम गंगा को स्वच्छ बनाने का संदेश दे रहे

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बीएसएफ और नेशनल मिशन फ़ॉर क्लीन गंगा महिला टीम की ओर से गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाये रखने के लिए राफ्टिंग अभियान चलाया जा रहा है। डीएम डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने आमजनों से गंगा को स्वच्छ रखने की अपील की, डीएम नवल किशोर चौधरी ने रविवार को टीम को झंडी दिखाकर रवाना किया। राफ्टिंग की 20 महिला सदस्यीय टीम राफ्टिंग करते हुए साहेबगंज की ओर बढ़ गयी। टीम गंगोत्री से गंगासागर तक 2500 किलोमीटर की दूरी 53 दिनों में तय करेगी। कल ही यह टीम 1300 किलोमीटर दूरी तय कर भागलपुर पहुंची है। आज कार्यक्रम के बाद अगले स्थान के लिये प्रस्थान कर गयी। बीएसएफ और वीमेन राफ्टिंग टीम लोगों को गंगा की सफाई के लिए जगह जगह जागरूक कर रही है। बीएसएफ के कमांडेंट ने कहा हमलोग बॉर्डर की सुरक्षा के साथ देश कब अंदर गंगा की स्वच्छता का भी ध्यान रखते है साथ ही इससे नारी सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा बता दें कि शुक्रवार को, टीम 1300 किलोमीटर दूरी तय कर भागलपुर बरारी गंगा घाट पहुंची थी, जहां टीम को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने शिरकत की साथ ही स्कूली बच्चों ने भी भाग लिया था। शुक्रवार की शाम को टीम बरारी पुल घाट पहुंचे थे। टीम में 20 महिला व 40 पुरुष बीएसएफ के पदाधिकारी व जवान गंगानदी होकर नाव चलाते हुए भागलपुर पहुंची थी। बीएसएफ टीम के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह अभियान हरिद्वार से शुरू होकर कोलकाता तक चलेगी। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम आपदा प्रबंधन कुंदन कुमार ने बीएसएफ टीम का स्वागत किया था।


20 महिला जवान भी शामिल

# भूमि अधिग्रहण कर थाना बनाने के विरोध में प्रदर्शन, मजदूरों ने कहा- सरकार हम लोगों का रोजगार छीनना चाहती

निज संवाददाता। भागलपुर



सरकारी जमीन बताकर पुलिस ने DSP ईंट भट्टे के काम पर पिछले डेढ़ महीने से रोक लगा दी है। अकबर नगर और आसपास के करीब चार सो मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। शनिवार को जन संसद के संरक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में मजदूरों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, उन्होंने कहा कि हम लोगों को सरकार पलायन करने को लेकर मजबूर कर रही है। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का कहना है कि जिस जगह ईंट भट्ठा है, वह जमीन दिलीप गुप्ता का निजी है। एलपीसी और रसीद उन्हीं के नाम से कट रहा है, लेकिन अब पुलिस मुख्यालय ईट भट्ठा के भूमि अधिग्रहण कर न्यू अकबरनगर थाना का भवन बनाने का प्रस्ताव रखा है। इधर, अकबरनगर पुलिस ने ईट भट्ठा बंद कर दिया है। जिसके कारण मजदूर आर्थिक तंगी का शिकार हो रहा है। जिसको लेकर शनिवार को सभी ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का कहना है कि 1993 से ही ईट भट्ठा इसी जगह पर चल रहा है। रसीद भी भट्ठा के मालिक दिलीप गुप्ता के नाम से कट रहा है। लेकिन प्रशासन अब यहां पर थाना बनाएंगे। हम लोग प्रशासन से मांग करते हैं कि। आसपास कई सरकारी जमीन है वहां बनाए। ताकि हम लोग बेरोजगार ना हो हम लोग पलायन न हो। आगे कहना है कि हम लोग भुखमरी के शिकार हो गए हैं पिछले डेढ़ महीने से काम बंद होने के कारण राशन पर आफत हो गई है। जन संसद के संरक्षक अजीत कुमार ने बताया कि DSP ईट भट्ठा 1993 से चल रहा है। आज से डेढ़ महीना पहले जिला प्रशासन के द्वारा भूमि अधिग्रहण कर लिया गया है। जिससे 400 मजदूर इलाके के बेरोजगार हो गए हैं। वहीं, उन्होंने बताया कि मजदूरों का रोजगार छीनना हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। सुशासन की सरकार चाहती है बिहार में इंडस्ट्रीज लगे, बिहार के लोग बिहार में ही काम करें,लेकिन प्रशासन की ओर से मनमानी किया जा रहा है। अगर हम लोगों की मांग पूरी नहीं हुई तो हम लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। साथी उन्होंने जिला प्रशासन से अपील किया है कि किसी गरीब मजदूर का रोजगार ना छीने।

### पूर्वी क्षेत्र क्रिकेट के फाइनल में आज बिहार व उड़ीसा के बीच होगी भिड़ंत

भागलपुर। बिहार और उड़ीसा की टीम ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की ओर से सैंडिस कंपाउंड में कराई जा रही पूर्वी क्षेत्र क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली है। दोनों के बीच फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। टी20 फॉर्मेट में खेली जा रही प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार को खेले गए। पहले सेमीफाइनल में बिहार ने झारखंड को 15 रनों से हराया। झारखंड ने टॉस जीतकर बिहार को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बिहार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 162 रन बनाए। टीम की ओर से अनूप कुमार ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। झारखंड की ओर से शशि भूषण ने पांच विकेट लिए। जवाब में झारखंड की टीम छह विकेट खोकर 147 रन बना सकी। शैलेन्द्र सिंह ने सबसे ज्यादा 23 रन बनाए। बिहार के गेंदबाज विक्की ने दो विकेट लिए।

# हथियार तस्करों के लिए दियारा सेफ जोन, इस साल 40 फैक्ट्री पकड़ी गई

निज संवाददाता। मुंगेर



जिले की पुलिस लगातार हथियार निर्माण एवं तस्करी पर रोक लगाने को लेकर काम कर रही है। लगातार कार्रवाई से हथियार तस्करी का गढ़ कहलाने वाला मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में अब हथियार निर्माण का धंधा मंदा पड़ गया है। लेकिन अब तस्करों के द्वारा हथियार निर्माण का ठिकाना बदला जा रहा है। वे दियारा इलाका, पहाड़ी क्षेत्र और जंगल को सेफ जोन मानते हुए उधर का रूख कर रहे हैं। हाल के दिनों में हथियार तस्करों पर जो कार्रवाई हुई है, उनमें अधिकांश मामले दियारा क्षेत्र के ही हैं। इस वर्ष जनवरी से दिसंबर तक करीब 40 बार मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है। उसमें 15 बार दियारा क्षेत्र के अलावा पहाड़ी और जंगली क्षेत्र से अर्धनिर्मित और निर्मित हथियार के अलावा हथियार बनाने के उपकरण को बरामद किया गया है। जानकार बताते हैं कि मिनी गन फैक्ट्री के संचालन के लिए ये इलाके मुफीद होते हैं कि रेड होने की स्थिति में उन्हें भागने में सहूलियत होती है। अगर पुलिस पहुंच भी जाती है तो स्थल तक पहुंचने से पहले ही हथियार तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो जाते हैं। बता दें कि मुंगेर पुलिस के द्वारा अब तक जितनी बार हथियार तस्करों पर कारवाई की गई है, उसमें अधिकांश मामलों में दूसरे प्रदेश से अर्धनिर्मित हथियार को फिनीशिंग करने के लिए मुंगेर लाया गया था। जिसके लिए तस्कर सड़क मार्ग के अलावा ट्रेन का भी सहारा लेकर मुंगेर आते हैं। रेल पुलिस के द्वारा भी जमालपुर स्टेशन पर ट्रेन में चेकिंग के दौरान अर्धनिर्मित हथियार को बरामद किया गया है। सूत्रों के अनुसार मुंगेर में अभी हथियार बनाने वाले कारीगर सिर्फ देशी कट्टा बनाते हैं। जबकि पिस्टल को तैयार करने के लिए दूसरे प्रदेश के हथियार तस्करों के द्वारा मुंगेर लाया जाता है और हथियार की फिनीशिंग के बाद उसे 20 से लेकर 50 हजार रुपए तक में बेचा जाता है। जबकि कैरियर के रूप में हथियार को एक से दूसरे जगह पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए प्रत्येक हथियार पर दिया जाता है।

# कोविड में मरने वाले अधिकारियों के परिजनों को मिलेगा पेंशन

निज संवाददाता। भागलपुर



कोरोना काल में जिन कर्मियों व अधिकारियों का देहांत हुआ है। उनके परिवार वालों में विशेष पेंशन दिया जायेगा। इसे लेकर विभागीय स्तर से पहल शुरू कर दी गयी है। कोविड काल में शहर की व्यवस्था, मरीजों के इलाज, वैक्सीनेशन समेत अस्पतालों में अपनी जान की बाजी लगाकर स्वास्थ्य व दूसरे विभाग के कर्मियों ने ड्यूटी की थी। महामारी उन्मूलन में कर्मियों ने अहम रोल निभाया था। इस दौरान ड्यूटी करने वाले दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी कोरोना संक्रमण का शिकार हुए थे। कई की जान भी चली गयी।

कोरोना संक्रमण काल में भागलपुर में अपर अनुमंडल पदाधिकारी शंभु शरण सिंह, कार्यालय परिचारी प्रदीप कुमार घोष, कार्यालय परिचारी लक्ष्मी कुमारी, बीडीओ नवल किशोर ठाकुर का देहांत हुआ था। पारिवारिक पेंशन देने के लिए कागजात मांगे गये हैं। अनुमंडल व प्रखंड के अधिकारियों से मांगी गई सूची भागलपुर के सीएस डॉ अशोक प्रसाद ने एसडीओ कहलगांव, बीडीओ सुल्तानगंज, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीएचसी सबौर एवं सन्हौला को पत्र लिखा है।

पत्र में कहा गया है कि जिस सरकारी सेवक का देहांत कोरोना संक्रमण के कारण हुआ है। उनके परिवार को विशेष पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति मिली है। आपदा प्रबंधन शाखा भागलपुर ने जरूरी कागजात की मांग की है। कोरोना से देहांत होने वाले कर्मियों की सूची जल्द विभाग के पास भेजें।

# जिप का 3.22 करोड़ के घाटे का बजट पास

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर जिला परिषद की बजट को लेकर बैठक जिप सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी की अध्यक्षता में हुई। वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट पारित किया गया। जिला परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिला परिषद में लगातार सरप्लस बजट यानी मुनाफे का बजट पेश किया जाता रहा है। लेकिन इस साल पहली बार 3.22 करोड़ रुपए का घाटे का बजट पेश किया गया है। सदन में जो बजट पेश किया गया, उस बजट में अनुमानित आय 13 करोड़ 93 लाख 89 हजार 328 रुपए दिखाया गया है। वहीं 17 करोड़ 16 लाख 87 हजार 504 रुपए का व्यय दिखाया गया है। बजट पर जिला परिषद सदस्यों के द्वारा चर्चा के बाद सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट 3 करोड़ 22 लाख 98 हजार 175 रुपए का घाटे का बजट पारित कर दिया गया। बजट पारित होने के बाद स्थायी समिति गठन को लेकर भी चर्चा की गई। जिला परिषद सदस्यों ने जिप अध्यक्ष साधना देवी को अधिकार दिया कि वे स्थायी समिति गठन अपने विवेक से करें और स्थायी समिति गठित भी कर दिया गया। इसके बाद विभागीय चर्चा के दौरान जिला परिषद सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजना की बदहाली, बिजली की समस्या और मनरेगा योजना के काम अवरुद्ध होने को लेकर चर्चा की गई। जिला परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह ने सदन को बताया कि शिक्षा विभाग की मिलीभगत से हथियार के साथ गिरफ्तार कुतुलपुर के एक शिक्षक को जेल से निकलने के बाद उसे वापस स्कूल में पोस्टिंग कर दिया गया। बाद में शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह के अलावा अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी आनंद भूषण समेत जिला परिषद सदस्य मौजूद थे।

शिक्षा में सुधार के लिए प्रशासन का अभिनव कदम

# डीसी और अधिकारी बन रहे शिक्षक, 10वीं और 12वीं बोर्ड के बच्चों को पढ़ाएंगे डीसी

- अधिकारियों ने लिया पढ़ाने का जिम्मा
- सप्ताह में दो कक्षाएं लेंगे अधिकारी
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विशेष योजनाएं
- बच्चों के भविष्य निर्माण में सार्थक पहल
- शिक्षा में नवाचार से बढ़ेगा आत्मविश्वास

• 'सिकछा कर भेंट' अभियान से अभिभावकों और बच्चों में उत्साह



निज संवाददाता | गुमला

झारखंड का आदिवासी बहुल जिला गुमला, जहां शिक्षा की स्थिति को लेकर वर्षों से चिंता व्यक्त की जाती रही है, अब एक नई दिशा में अग्रसर है। यहां जिला प्रशासन ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से एक अभिनव अभियान 'सिकछा कर भेंट' शुरू किया है। इस अभियान के तहत जिला उपायुक्त (डीसी) कर्ण सत्यार्थी की अगुवाई में जिले के 96 अधिकारी 140 स्कूलों में जाकर पढ़ाई का जिम्मा उठा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य न केवल छात्रों को शिक्षित करना है, बल्कि उनमें शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना और उनका आत्मविश्वास मजबूत करना भी है। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में सुधार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस प्रयास की शुरुआत की गई। गुमला के डीसी, एसपी, डीडीसी समेत सीओ रैंक के अधिकारी बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ उनकी करियर योजनाओं में भी सहयोग कर रहे हैं। अधिकारियों ने अपने रूटीन कार्यों के बीच स्कूलों में समय देने का संकल्प लिया है। वे सप्ताह में दो दिन स्कूलों में जाकर छात्रों को पढ़ा रहे हैं। पढ़ाई के अलावा अधिकारी बच्चों को परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन, नोट्स बनाने और तनावमुक्त रहने के तरीके भी सिखा रहे हैं। डीसी सत्यार्थी स्वयं स्कूलों का निरीक्षण करते हुए बच्चों से संवाद स्थापित कर रहे हैं। छात्रों से उनकी जरूरतों और समस्याओं को समझने के बाद प्रशासन द्वारा उन्हें सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। डीसी ने बच्चों को बताया कि शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस पहल ने न केवल छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाई है, बल्कि अभिभावकों में भी उम्मीद जगाई है। बच्चों को अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन मिलना उनके लिए प्रेरणादायक साबित हो रहा है। अभिभावकों का मानना है कि यह पहल बच्चों के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगी। जिला प्रशासन ने इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक स्कूल के प्रदर्शन की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। जिन स्कूलों में छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करेंगे, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इन स्कूलों को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। 'सिकछा कर भेंट' अभियान के माध्यम से गुमला जिले में शिक्षा के प्रति जागरूकता और नवाचार का नया अध्याय लिखा जा रहा है। बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए यह कदम कारगर साबित हो रहा है। अधिकारी बच्चों को यह समझाने में सफल हो रहे हैं कि शिक्षा केवल उनकी किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज का हर हिस्सा उनके साथ खड़ा है। यह अभियान न केवल गुमला जिले के लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक प्रेरणा बन सकता है। शिक्षा के प्रति प्रशासनिक अधिकारियों की इस प्रकार की भागीदारी अन्य जिलों में भी लागू की जा सकती है। यह पहल दिखाती है कि अगर प्रशासन और समाज मिलकर काम करें, तो शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। डीसी सत्यार्थी का मानना है कि यह अभियान बच्चों के सुनहरे भविष्य निर्माण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इससे बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में भी सुधार होगा। अभिभावक इस पहल से बेहद खुश हैं। उनका मानना है कि बच्चों को प्रशासनिक अधिकारियों से मार्गदर्शन मिलना उनके लिए जीवन बदलने वाला अनुभव है। यह प्रयास न केवल बच्चों को शिक्षित करेगा, बल्कि उनके सपनों को उड़ान देने में भी मदद करेगा। गुमला के 'सिकछा कर भेंट' अभियान ने शिक्षा और प्रशासनिक भागीदारी का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। इससे न केवल छात्रों का, बल्कि पूरे समाज का विकास सुनिश्चित होगा।

अपराधियों के बढ़ते हौसले से बढ़ी चिंता, स्थानीय लोगों में आक्रोश

## ज्वेलरी शॉप से चार लाख के गहने की चोरी

निज संवाददाता | गुमला




घाघरा थाना क्षेत्र से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित मां जगदंबा ज्वेलर्स में बीती रात चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। चोरों ने शटर तोड़कर करीब 4 लाख रुपए मूल्य के सोने और चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद से इलाके में व्यापारियों और स्थानीय निवासियों के बीच रोष और भय का माहौल है। दुकान के मालिक जितेंद्र सोनी ने बताया कि रोजाना की तरह उन्होंने शनिवार रात करीब 8 बजे अपनी दुकान बंद कर दी थी। सुबह उन्हें चोरी की सूचना उनके मकान मालिक ने दी। जब जितेंद्र मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान के शटर पर लगा ताला टूटा हुआ था और शटर को काटा गया था। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था, और सोने-चांदी के कई कीमती गहने गायब थे। घटना की सूचना मिलने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए घाघरा थाना प्रभारी के साथ गुमला एसपी सुरेश प्रसाद यादव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल की गहन छानबीन की और चोरी की वारदात में शामिल अपराधियों को जल्द पकड़ने का भरोसा दिलाया। एसपी ने कहा कि मामले की जांच तेज कर दी गई है और अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस चोरी की घटना ने घाघरा के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों के बीच भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि चोरी की बढ़ती घटनाओं से वे बेहद डरे हुए हैं। दुकानदारों ने रात्रि गश्ती बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

गुमला जिले में हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। खासतौर पर शहरी और व्यापारिक क्षेत्रों में दुकानें चोरों के निशाने पर हैं। दो दिन पहले ही गुमला शहर में एक अंग्रेजी शराब दुकान से चोरी हुई थी। पुलिस अब तक उस मामले में भी किसी अपराधी को पकड़ने में सफल नहीं हो पाई है। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार चोरी की घटनाओं से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात में गश्ती बढ़ाने, प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और बाजार क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती की मांग की है। एसपी सुरेश प्रसाद यादव ने व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को भरोसा दिलाया है कि चोरी की इन घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गश्ती व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा और बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। घटनाओं की बढ़ती संख्या और चोरों के हौसले बुलंद होने से व्यापारियों और स्थानीय निवासियों के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। लोग प्रशासन से कठोर कदम उठाने की मांग कर रहे हैं ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके। घाघरा के स्थानीय निवासियों ने कहा कि इस घटना ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है। लोग अब अपनी दुकानें और घर सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं। कई लोगों ने अपने घरों और दुकानों में निजी सुरक्षा उपाय अपनाने शुरू कर दिए हैं।

## किराना दुकान से हुई चोरी के मामले में एक आरोपी धराया, पुलिस ने भेजा जेल




निज संवाददाता | पाकुड़

थाना क्षेत्र के हाथीमारा गांव में चार दिसंबर को एक किराना दुकान से चोरी करने वाला आरोपित को पुलिस ने शनिवार रात को उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया है। आरोपित का पहचान थाना क्षेत्र के सिराजपुर गांव निवासी हफीजुल शेख के रूप में हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। घटना को लेकर दुकान मालिक सह वादी रघुनाथपुर गांव निवासी अब्दुल मन्नान ने शनिवार को थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ उसकी दुकान का अल्बेस्टर तोड़कर दुकान में घुसकर हजारों रुपए का सामान एवं आवश्यक दस्तावेज चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज करवाया था। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। दुकान में रखे सीसीटीवी फुटेज के जांच करने पर आरोपित का पहचान किया है। इसके बाद शनिवार रात को उसके घर से उसे गिरफ्तार कर रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण करा कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने बताया कि आरोपित ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। वह घर एवं दुकानों को अपना निशाना बनाता था।

## पिकअप चालक ने चार को मारा धक्का बच्ची समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता | पाकुड़

महेशपुर-सोनारपाड़ा मुख्य सड़क के डिस्कोमोड़ चौक के पास रविवार को पिकअप वाहन के धक्का मारने से एक आठ वर्सिय बच्ची सहित चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना में बच्ची का पैर पूरी तरह फ्रैक्चर हो गया है। पिकअप वैन चालक नशे में धुत रहने की वजह से घटना घटी है। घायलों का पहचान थाना क्षेत्र के धर्मखापाड़ा गांव निवासी रब्बेकुल शेख 43 वर्षीय, साजिदा बीबी 30 वर्षीय, राहीद शेख 18 वर्षीय एवं आठ वर्षीय हफीजा खातुन के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए पश्चिम बंगाल भेज दिया। बच्ची का हालत नाजुक बताई जा रही है। बच्ची को पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट अस्पताल से बेहतर ईलाज के लिए बर्द्धमान रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही महेशपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन में जुट गयी है। इधर घटना के बाद ग्रामीणों ने उचित मुआवजे की मांग करते हुए पिकअप वाहन को अपने कब्जे में रखा है। ग्रामीणों का कहना है कि जबतक मुआवजा नहीं मिलेगा वाहन को नहीं छोड़ा जाएगा। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार रब्बेकुल शेख अपनी पत्नी एवं दो बच्चों के साथ बनारस में काम करता था। आज सुबह वह राशन कार्ड में केवाईसी करने के लिए परिवार के साथ अपना घर आ रहा था। इसी दौरान डिस्कोमोड़ चौक पर सभी उतरकर सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान महेशपुर के तरफ से टमाटर ले जा रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन संख्या डब्लूबी 37ई 6888 के चालक जो नशे में धुत होकर वाहन चल रहा था। उसने सड़क किनारे खड़ी चारों लोगों को जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने पिकअप वाहन से ड्राइवर के द्वारा नशा करने का सामग्री भी बरामद किया है। पुलिस आरोपित चालक को अपने हिरासत में ले लिया है। समाचार भेजे जाने तक जख्मियों के स्वजन एवं वाहन मालिक के बीच मुआवजे की मांग को लेकर वार्ता चल रही थी।

सोने और चांदी के जेवर समेत हथियार बरामद

## लूटकांड गिरोह के सरगना समेत छह आरोपी गिरफ्तार

- लूट का घटनाक्रम और जांच
- गिरफ्तारी और पूछताछ से खुलासा
- गिरोह के सरगना का इतिहास
- गिरोह में ई-रिक्शा चालक भी शामिल



निज संवाददाता | पलामू

जिले में लूटपाट की वारदातों में सक्रिय एक खतरनाक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पलामू पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन अपराधी पहले ही अलग-अलग मामलों में जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि हाल ही में चार और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह का सरगना पंजाब में रहता था और लूटपाट के लिए पलामू आता था। वारदात को अंजाम देने के बाद वह वापस पंजाब लौट जाता था। यह मामला 23 अक्टूबर की रात का है, जब पांकी थाना क्षेत्र के गजबोर गांव में स्थित कृष्णा सोनी के घर छह अपराधी घुसे। अपराधियों ने सोने-चांदी के जेवर और नकदी लूटकर फरार हो गए। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज के निर्देशानुसार, एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम को सूचना मिली कि गैंग का एक सदस्य, उपेंद्र कुमार उर्फ उपेंद्र विश्वकर्मा, अपने गांव ढूब में मौजूद है। पुलिस ने शनिवार को छापेमारी कर उपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उपेंद्र से पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी मिली।

इसके बाद पुलिस ने गैंग के सरगना सतीश राम उर्फ सतीश चंद्रवंशी (35), पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के पगार खुर्द निवासी छोटू कुमार सिंह (24), और रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के सिमलिया निवासी शत्रुघ्न कुमार वर्मा (34) को गिरफ्तार कर लिया। शत्रुघ्न के घर से लूटे गए जेवर और सोने को गलाकर बनाए गए सोने के गोले बरामद किए गए। इसके अलावा लूट के दौरान इस्तेमाल किए गए औजार, दो मोबाइल फोन, एक देशी कट्टा और दो गोलियां भी बरामद हुईं। गिरोह का सरगना सतीश राम उर्फ सतीश चंद्रवंशी पिछले 13 वर्षों से अपराध की दुनिया में सक्रिय है। उसके खिलाफ बरवाडीह, रांची के सुखदेवनगर, पांकी, पाटन और सदर थाना में सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि सतीश हर बार वारदात को अंजाम देने के बाद पलामू से फरार हो जाता था। गिरफ्तार अपराधियों में रांची का एक ई-रिक्शा चालक छोटू कुमार सिंह भी शामिल है। छोटू पर बरवाडीह और पिपराटांड़ थाना में आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। वह रांची में ई-रिक्शा चलाता था और लूट की योजना बनने पर पलामू आ जाता था। इस गिरोह के तीन अपराधी पहले से ही अलग-अलग मामलों में जेल में बंद हैं। गुलशन कुमार विश्वकर्मा, यह सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची गांव का निवासी है और कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के गिरोह से जुड़ा हुआ है। वह चैनपुर इलाके के एक क्रशर प्लांट पर रंगदारी मांगने गया था, जहां से एक दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। गुड्डू भुइयां उर्फ परमेंद्र राम, पांकी के केरकी माड़न गांव का रहने वाला गुड्डू भुइयां आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए के तहत गिरफ्तार हुआ। उसे दो दिसंबर को लातेहार के हेरहंज थाना की पुलिस ने पकड़ा। देवराज भुइयां, यह लेस्लीगंज के नौरंगा गांव का निवासी है। सात दिसंबर को सदर थाना पुलिस ने इसे बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार किया। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने इस मामले में खुलासा करते हुए बताया कि गिरोह का सरगना सतीश लंबे समय से अपराध में लिप्त था और हर वारदात के बाद फरार हो जाता था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने गिरोह के सभी सदस्यों की पहचान कर ली है और अब उनकी संपत्तियों की जांच भी की जाएगी। पलामू में लगातार हो रही लूट और अपराध की घटनाओं ने स्थानीय निवासियों को चिंतित कर दिया है। लोग अब सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पलामू पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही इस गिरोह का पूरी तरह सफाया किया जाएगा। यह कार्रवाई पलामू पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस मामले का खुलासा अपराधियों के हौसले पस्त करने और स्थानीय निवासियों में विश्वास बहाल करने के लिए एक अहम कदम साबित होगा।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में बकरा-बकरी का वितरण

निज संवाददाता | मारगोमुंडा (देवघर)



मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत रविवार को लहरजोरी मैदान में 15 लाभुकों के बीच बकरा और बकरी का वितरण किया गया। इस अवसर पर पशुपालन चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार दास ने लाभुकों को चार-चार बकरी और एक-एक बकरा सौंपते हुए इस योजना के उद्देश्य और महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने, आर्थिक स्थिति को सुधारने और आजीविका को स्थिर करने के लिए शुरू की गई है। पशुपालन चिकित्सक डॉ. दास ने योजना के मुख्य उद्देश्य को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। बकरा और बकरी पालन एक लाभकारी व्यवसाय हो सकता है, बशर्ते लाभुक इनका उचित देखभाल और प्रबंधन सही तरीके से करें। उन्होंने लाभुकों से यह भी अनुरोध किया कि वे बकरा और बकरी के पालन में स्वच्छता, उचित आहार और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, ताकि वे अच्छे से विकसित हो सकें और अधिक मुनाफा प्रदान कर सकें। डॉ. दास ने यह भी बताया कि बकरा-बकरी पालन के लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण और सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे लाभुकों को इस व्यवसाय में सफलता प्राप्त हो सके। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि अगर किसी भी लाभुक को इन जानवरों के स्वास्थ्य से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें, ताकि किसी भी समस्या का समाधान समय पर किया जा सके और जानवरों का स्वास्थ्य ठीक रहे। इस योजना के तहत बकरा-बकरी के वितरण से लाभुकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, जिससे उनके परिवार की आजीविका में वृद्धि होगी। इसके अलावा, इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या भी कम हो सकती है, क्योंकि यह व्यवसाय ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्यमों का रूप ले सकता है। यह योजना न केवल ग्रामीण आबादी को रोजगार प्रदान करेगी, बल्कि बकरा और बकरी के दूध, मांस और ऊन के व्यवसाय से जुड़े अन्य छोटे उद्योगों को भी बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान, पशुपालन कर्मी पूरण कुमार राउत, बबलू कुमार सिंह और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सभी ने योजना की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और लाभुकों से अपील की कि वे इसका सही तरीके से उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव ला सकती है, और इसे सही ढंग से अपनाने से वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की और यह विश्वास जताया कि यह योजना ग्रामीण समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाएगी।

### सड़क हादसे में एक घायल

**जामताड़ा (नि. सं.)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के कारीटांड गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के जानेडीह निवासी हेमसल किस्कू (26वर्ष) अपने घर से निकल कर बाइक से काम करने थाना क्षेत्र के कारीटांड गांव जा रहे थे। इसी दौरान कारीटांड गांव के समीप वह बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क मार्ग पर गिर कर घायल हो गया। घायल युवक को उनके परिवार वालों ने घटनास्थल से उठाकर इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में ले जाकर भर्ती करवा दिया।

## दीप महायज्ञ में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

निज संवाददाता | साहिबगंज

शहर के वार्ड नंबर 20 स्थित हनुमान नगर में विशेष दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह महायज्ञ पर्यावरण संरक्षण और समाज में सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरिद्वार के शांतिकुंज विश्वविद्यालय से आई तीन बहनों की टोली ने किया। इस टोली में राजस्थान की तेजस्विनी लक्षकार, उत्तराखंड की संजना चौधरी और अयोध्या की निष्ठा सिंह शामिल थीं। महायज्ञ के दौरान तेजस्विनी लक्षकार ने गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रतिपादित संस्कारों की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने समाज को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि दीप यज्ञ न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम भी है। इससे पहले, टोली ने शनिवार सुबह संध्या महाविद्यालय में एक प्रेरक उद्बोधन दिया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों को गुरुदेव के विचारों और संस्कारों की शिक्षा दी गई। उन्होंने बताया कि कैसे आध्यात्मिक अनुशासन और पर्यावरण के प्रति जागरूकता से समाज को नई दिशा दी जा सकती है। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजीत कुमार चौधरी, हरिहर प्रसाद मंडल, शंकर साह, शिवशंकर निराला, सरिता पोद्दार, श्वेता दत्ता, रानी देवी, और जयंती शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इन सभी ने दीप यज्ञ के महत्व और इसके माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की। दीप महायज्ञ के आयोजन ने स्थानीय निवासियों के बीच पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव को लेकर जागरूकता बढ़ाई।

## व्यवसायी ने चालिस जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल, मानव सेवा का दिया संदेश

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)



हरिहरगंज शहर के ब्लॉक के समीप एनएच 139 किनारे स्थित भारत ट्रेडर्स के प्रांगण में रविवार को एक विशेष कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रेडर्स के प्रोपराइटर मोहम्मद गुड्डू आलम ने अपने निजी कोष से 40 गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित किए। कंबल पाने वालों में हलीमा खातून, शैमूल खातून, शकीला बानो, सोगरा खातून, महंग राम, केसरी कुंवर और पनवा कुंवर सहित अन्य जरूरतमंद शामिल थे। इस ठंड के मौसम में कंबल पाकर लाभार्थियों ने व्यवसायी का आभार व्यक्त किया। मोहम्मद गुड्डू आलम ने इस मौके पर कहा, "क्षेत्र के सभी लोग मेरे परिवार जैसे हैं। उनके सुख-दुख में हमेशा साथ रहने का प्रयास करता हूँ। मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।" उन्होंने आगे कहा कि गरीबों और असहायों की मदद करने से उन्हें आत्मिक संतुष्टि मिलती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की मदद करें। इस कार्यक्रम में मोहम्मद कयामुद्दीन अंसारी, फिरोज आलम, युनुश अंसारी, और वशिम निजार समेत कई लोग उपस्थित थे। इन सभी ने मोहम्मद गुड्डू आलम के इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। स्थानीय निवासियों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में इस तरह की पहल जरूरतमंदों के लिए एक बड़ी राहत होती है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद गुड्डू आलम ने अपने कार्य से यह साबित कर दिया है कि इंसानियत और समाज सेवा आज भी जिंदा है। हरिहरगंज में आयोजित यह कंबल वितरण कार्यक्रम समाज सेवा का एक उत्तम उदाहरण है। इस प्रकार की पहल न केवल जरूरतमंदों को राहत देती है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और सद्भाव का संदेश भी फैलाती है। मोहम्मद गुड्डू आलम जैसे लोगों की इस भावना ने साबित कर दिया है कि इंसानियत ही सबसे बड़ी सेवा है।

## 11 पंचायतों में 12 दिसंबर को होगी जनसुनवाई

निज संवाददाता | देवघर



प्रखंड मुख्यालय में मनरेगा योजना के तहत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करने और समस्या समाधान के लिए एक विस्तृत जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शैंपू देवी ने की। इस अवसर पर मनरेगा के जिला लोकपाल कल्पना झा, जिला परिषद सदस्य ललन कुमार सिंह और जया राय भी उपस्थित थे। इस जनसुनवाई में मात्र तीन पंचायतों - बारा, सालतर और नागादेरी - के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इन पंचायतों की जनसुनवाई में कुल 1 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिसमें रानीडीह पंचायत के पंचायत सचिव पर 19 हजार रुपए का जुर्माना भी शामिल है। ये जुर्माने उन मुद्दों के लिए लगाए गए हैं जहां राशि भुगतान में अनियमितताएं पाई गईं और बिना हस्ताक्षर किए भुगतान किए गए थे। मनरेगा लोकपाल कल्पना झा ने बताया कि मनरेगा योजना में राशि के भुगतान में कई गंभीर गड़बड़ियां पाई गई हैं। इनमें अनधिकृत हस्ताक्षर, बिना आधार के भुगतान और नियमानुसार मजदूरी का भुगतान न किए जाने जैसी बड़ी अनियमितताएं शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की धोखाधड़ी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। 23 अक्टूबर की रात पांकी थाना क्षेत्र के गजबोर गांव में कृष्णा सोनी के घर में लूट की घटना के दौरान 6 अपराधियों ने सोना, चांदी के जेवर और रुपये लूट लिए थे। इस घटना के बाद अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज के निर्देशानुसार, एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम को गैंग के सदस्य उपेंद्र कुमार उर्फ उपेंद्र विश्वकर्मा (29) के अपने घर ढूब गांव आने की जानकारी मिली थी। शनिवार को पुलिस की टीम ढूब गांव पहुंचीं और उपेंद्र को गिरफ्त में ले लिया। पूछताछ में उपेंद्र ने अपने साथियों की जानकारी दी। इसके बाद गैंग के सरगना ढूब गांव के ही रहने वाले सतीश राम उर्फ सतीश चन्द्रवंशी (35), पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के पगार खुर्द निवासी छोटू कुमार सिंह (24) और रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के सिमलिया गांव के रहने वाले शत्रुघन कुमार वर्मा (34) पुलिस के हाथ लग गए। जनसुनवाई के दौरान सामने आए कुल मुद्दों के आधार पर अब बाकी 11 पंचायतों की जनसुनवाई 12 दिसंबर को निर्धारित की गई है। अधिक मुद्दों और गंभीर शिकायतों के कारण इन पंचायतों में विस्तृत जनसुनवाई की आवश्यकता है। यह बैठक उन क्षेत्रों में होगी जहां बड़ी संख्या में समस्याएं सामने आई हैं और जिनका तत्काल समाधान करना जरूरी है। मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने और योजना के लाभ को सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाने का संकल्प लिया है। योजनाओं में अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही मजदूरों के लिए भुगतान प्रक्रिया में सुधार किया जाएगा ताकि उन्हें समय पर और पूर्ण राशि मिल सके। जनसुनवाई का यह आयोजन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

### सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल रेफर

**नारायणपुर (जामताड़ा)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के करमदहा मंदिर के समीप हुई सड़क दुर्घटना में ससुर-दामाद घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के चंदाडीह-लखनपुर निवासी मंटू मुर्मू (40वर्ष) अपने ससुर देवलबाड़ी निवासी जगन हांसदा (60वर्ष) को लेकर बाइक से उनको पहुंचाने अपने ससुराल नारायणपुर थाना क्षेत्र के देवलबाड़ी गांव जा रहा था। इसी दौरान गोबिन्दपुर साहेबगंज मुख्य सड़क मार्ग पर पड़ने वाले नारायणपुर थाना क्षेत्र के करमदहा मंदिर के समीप विपरीत दिशा पांडेयडीह की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। जिसमें इस सड़क दुर्घटना में ससुर-दामाद सड़क मार्ग पर गिर कर घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटनास्थल से दोनों घायलों को उठाकर 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर भेज दिया। चिकित्सकों ने अपने मेडिकल टीम के साथ मिलकर दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के घायल जगन हांसदा को बेहतर इलाज कराने के लिए हायर सेन्टर धनबाद रेफर कर दिया।

गुप्त सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी, बरामद किए 6 मोबाइल और 12 एटीएम कार्ड

# शिकारीपाड़ा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी दो साइबर अपराधियों की हुई गिरफ्तारी, जेल



**निज संवाददाता | शिकारीपाड़ा (दुमका)**

साइबर अपराध के मामलों में जहां जामताड़ा जिला कुख्यात है, वहीं अब दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड में भी साइबर अपराधियों के सक्रिय होने की खबरें सामने आ रही हैं। शिकारीपाड़ा पुलिस को इस क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है, जहां दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना इलाके में बढ़ते साइबर अपराधों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। शिकारीपाड़ा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो साइबर अपराधी शिकारीपाड़ा कॉलेज मोड़ के पास छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां पहुंचकर अपराधियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान सरफराज आलम और सिराज अंसारी के रूप में हुई है। दोनों अपराधी देवघर जिले के सारठ प्रखंड के बरमसिया गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने अपराधियों के पास से 6 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इन आरोपियों के पास मिले एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वे बैंकिंग फ्रॉड और अन्य साइबर अपराधों में लिप्त थे। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की और उनके द्वारा किए गए साइबर अपराधों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की। शिकारीपाड़ा थाना में आरोपी सरफराज आलम और सिराज अंसारी के खिलाफ कांड संख्या 115/24 दर्ज किया गया है। विभिन्न सुसंगत धाराओं और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस गिरफ्तारी से पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है और यह भी संदेश दिया है कि साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस का कहना है कि यह गिरफ्तारी शिकारीपाड़ा और आसपास के इलाकों में साइबर अपराधियों के लिए एक चेतावनी है कि कानून से बचना अब आसान नहीं होगा। साथ ही, पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोग भी खुश हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि इससे इलाके में साइबर अपराधों में कमी आएगी।

## बिजली चोरी के खिलाफ विभाग की छापेमारी 13 पर मामला दर्ज, लाखों का लगा जुर्माना

**निज संवाददाता | महागामा**

प्रखंड अंतर्गत हनवारा क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा की गई छापेमारी को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी के साथ आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के अधिकारी ने हनवारा क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें करीब 2 लाख 3 हजार 600 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वहीं बिजली चोरी मामले में हनवारा क्षेत्र के उपेंद्र, सिद्दीकी, हारून, गोपाल शर्मा, गुफरान, फंटूश, धनंजय, कलीम, संजय, सकूल, सलीम आदि के खिलाफ हनवारा थाना में कांड संख्या 68/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी गरीबों और बेबस लोगों को निशाना बना रहे हैं और यह कार्रवाई मुख्य रूप से उन पर की जा रही है जिन्होंने स्थानीय बिजली मिस्त्री को नजराना नहीं दिया। इसके अलावा, छापेमारी के दौरान कई घरों के खिलाफ बिजली चोरी और अवैध कनेक्शन के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई बिजली चोरी और अवैध कनेक्शन को रोकने के लिए की जा रही है, लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पूरी प्रक्रिया एक वसूली की रणनीति बन चुकी है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया गया कि स्थानीय बिजली मिस्त्रियों के साथ कुछ अप्रत्यक्ष समझौते होते हैं जो लोगों को पूरा करना पड़ता है। वहीं इसके तहत गरीब लोग बिजली कनेक्शन और कनेक्शन के दौरान बिजली के अन्य कामों के लिए नजराना देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वे यह नजराना नहीं देते तो बिजली विभाग के अधिकारी उनके खिलाफ कार्रवाई करते हैं। आरोप है कि विभागीय अधिकारी जानबूझकर गरीबों पर दबाव डालते हैं और उनके खिलाफ छापेमारी करते हैं। वहीं छापेमारी के दौरान कुल 13 घरों के बिजली कनेक्शन काटे गए हैं और संबंधित मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं कई लोगों का कहना है कि उन्हें बिना किसी ठोस सबूत के दोषी ठहराया गया है और विभागीय अधिकारी कार्रवाई के दौरान बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए सीधे कनेक्शन काट देते हैं।

## झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ की बैठक में लिये गये कई अहम निर्णय

**निज संवाददाता | गोड्डा**



झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ की गोड्डा जिला कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेश्वरी देवी ने की, जिसमें संघ के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में रसोईया संघ के सदस्यों ने वर्तमान परिस्थितियों पर विचार किया और आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी 14 दिसम्बर को श्रम मंत्री और गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधीक्षक के वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदर्शन करेगा और रसोईया व संयोजिका के मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगा। बैठक में यह तय किया गया कि संघ द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक की कार्यशैली को लेकर सरकार से कार्रवाई की मांग की जाएगी। खासकर उन चार रसोईया और संयोजिका के पुनर्नियुक्ति के लिए आवाज उठाई जाएगी जिन्हें हाल ही में नौकरी से हटा दिया गया है। संघ के नेताओं ने साफ किया कि अगर सरकार या जिला शिक्षा अधिकारी उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं देते हैं, तो हटाए गए रसोईया और संयोजिका ने आत्मदाह करने की धमकी दी है। संघ के नेताओं का कहना है कि यह स्थिति बहुत ही गंभीर हो चुकी है और अब कार्रवाई न होने पर मजबूरी में इस प्रकार के कदम उठाए जाएंगे। बैठक में प्रदेश सचिव और प्रभारी मनोज कुमार कुशवाहा ने भी जिला शिक्षा अधीक्षक के ढिलाईपूर्ण रवैये पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल कुछ रसोईया या संयोजिका का नहीं है, बल्कि जिले के सभी रसोईया और संयोजिका बहनों के लिए यह सवाल सम्मान और अधिकार का है। उन्होंने कहा कि वह जल्दी ही नए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव से मिलकर इस मामले को गंभीरता से उठाएंगे। बैठक में गोड्डा प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी, बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष अंजना देवी, पोड़ैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष सुनीता कुमारी, चम्पा देवी, मोसमास सुशीला, टुभो देवी, प्रतीमा देवी, जूलो देवी, अरुणा देवी, कलावती देवी और सुचिता देवी समेत कई अन्य संघ प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## चोरों ने तीन घरों का ताला तोड़ नगद सहित उड़ाए लाखों का सामान

**सुंदरपहाड़ी (नि.सं.)**। प्रखंड क्षेत्र के कलहाजोर गांव में अज्ञात चोरों ने दिन के उजाले में तीन घरों का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। वहीं चोरी के घटना की खबर देर शाम पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। उक्त मामले में स्थितियों द्वारा बताया गया कि घर के सभी सदस्य अपने घर में ताला बंद कर धान कटनी करने खेत पर गए हुए थे इसी बीच अज्ञात चोरों द्वारा तीन घर का ताला तोड़कर घर में रखे जेवर जेवरात के अलावा लगभग 50 हजार नगद रुपए लेकर रफूचक्कर हो गए। घटना के बाद पीड़ित गृह स्वामी ने बताया कि दोपहर के बाद घर वापस होने पर घटना की जानकारी मिली जिसके बाद सबके होश उड़ गए। वहीं बताया गया कि घटना की सूचना सुंदर पहाड़ी थाना को दे दी गई है। उधर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले गांव में कभी भी ऐसी घटना नहीं घटी थी। फिलहाल जिला मुख्यालय से दूर प्रखंड क्षेत्र के इस गांव में हुई बड़ी चोरी की इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

## मृत सहायक अध्यापक के परिजन को दिया गया आर्थिक सहयोग

**निज संवाददाता | शिकारीपाड़ा (दुमका)**

रविवार 8 दिसंबर को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई शिकारी पाड़ा द्वारा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय केंद्रपाथर के सहायक अध्यापक स्वर्गीय राजेंद्र सोरेन की पत्नी सनोती मुर्मू को 37000 रु. का आर्थिक सहयोग दिया गया । बताते चले की उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय केंद्रपाथर में कार्यरत सहायक अध्यापक राजेंद्र सोरेन का पिछले 11 नवंबर को ब्रेन हेमरेज से आकस्मिक निधन हो गया था। वह अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री तथा अपनी पत्नी को छोड़कर गए हैं। राजेंद्र सोरेन अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे जिनके निधन से उनका परिवार काफी आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इसको देखते हुए संगठन ने उसे आर्थिक सहयोग किया है। मौके पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब और प्रखंड सचिव खलील अंसारी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि सरकार अविलंब स्वर्गीय राजेंद्र सोरेन के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी प्रदान करें तथा उसके परिवार को 20 लाख रुपया का आर्थिक मुआवजा दें। उनकी आवास पर मुआवजा राशि देने के लिए जिला प्रतिनिधि और प्रखंड प्रतिनिधि उपस्थित हुए जिसमें जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब, प्रखंड सचिव खलील अंसारी, मोहम्मद हसीब अंसारी, लखन मुर्मू, वकील मुर्मू, नितेश हेंब्रम, अजीत भंडारी, सोहन टुडू, विद्यासागर चटर्जी, भीमा टुडू, ईश्वर टुडू, सुरजीत चटर्जी, सुब्रत साह, लाल सोरेन, सुमिति टुडू, ब्रिटेन राय, श्रीमय दास, देवाशीष साह आदि दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## फाइनेंस कंपनी के ऑफिसर के बैग से 91 हजार रुपये की चोरी

**निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)**

फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड की स्थानीय शाखा हरिहरगंज में कार्यरत फील्ड ऑफिसर नीतीश पासवान के बैग से 91 हजार 340 रुपये की चोरी हो गई। इस संबंध में फील्ड ऑफिसर ने हरिहरगंज थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फील्ड ऑफिसर नीतीश पासवान 6 दिसंबर को फाइनेंस ऑफिस से 91 हजार 340 रुपये बैग में रखकर भारतीय स्टेट बैंक हरिहरगंज की शाखा में पैसे जमा करने के लिए गए थे। जब वे बैंक पहुंचे और अपना बैग खोला, तो पाया कि बैग का चयन (चेन) खुला हुआ था और उसमें रखा हुआ नगद गायब था। यह देख वह चौंक गए और तुरंत आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन चोर का कोई पता नहीं चल सका। नीतीश पासवान ने तुरंत मामले की सूचना हरिहरगंज थाना को दी और अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि कांड संख्या 167/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस अब इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने चोर का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। यह घटना इलाके में काफी चर्चा का विषय बन गई है, क्योंकि यह पहला मौका नहीं है जब इस तरह की चोरी की घटना सामने आई है। अब स्थानीय लोग पुलिस से जल्द चोरों को पकड़ने की उम्मीद कर रहे हैं।

## दुमका जिला तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय सबजूनियर तीरंदाजी ट्रायल का किया गया आयोजन

**निज संवाददाता | दुमका**



दुमका जिला तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय सबजूनियर तीरंदाजी ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न हिस्सों से आए बालक और बालिकाओं ने अपनी तीरंदाजी कौशल का प्रदर्शन किया। इस ट्रायल का मुख्य उद्देश्य आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन करना था, और यह आयोजन तीरंदाजी के प्रति युवाओं में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में जिले भर से कई युवा तीरंदाजों ने भाग लिया और अपनी कौशलता, एकाग्रता और परिश्रम से उपस्थित सभी को प्रभावित किया। इन उभरते तीरंदाजों ने अपने प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि दुमका जिला में तीरंदाजी के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। चयनित बालक और बालिकाएं अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुमका का प्रतिनिधित्व करेंगे और वहां अपने जिले का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान दुमका जिला तीरंदाजी संघ के संरक्षक श्री ब्रेंटियस किस्कू और झारखंड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष श्री के. एन. सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जमकर सराहना की और उनकी मेहनत को सम्मानित किया। श्री किस्कू ने कहा कि जिले में तीरंदाजी की संभावना अत्यधिक है और आने वाले समय में दुमका तीरंदाजी के क्षेत्र में प्रमुख स्थान बना सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि झारखंड सरकार खेलों को लेकर बहुत गंभीर है और इसके कारण बच्चों में खेलों के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ा है। झारखंड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष श्री के. एन. सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को अपने कौशल को सुधारने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अच्छा अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे मेहनत से तीरंदाजी जैसे खेलों में सफलता प्राप्त करें और अपने जिले और राज्य का नाम रोशन करें। इस अवसर पर दुमका जिला तीरंदाजी संघ के सचिव श्री देवीधन टुडू, आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक श्री देवीधन टुडू, संघ के संयुक्त सचिव श्री अग्नेश मुर्मू और सुनील सोरेन, साथ ही संघ के सदस्य मंटू सोरेन, शिवधान मुर्मू और सुबोध बास्की भी उपस्थित थे। सभी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आवासीय बालक तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र दुमका के मुख्य प्रशिक्षक श्री जितेन्द्र कुमार ने भी अपने मार्गदर्शन से बच्चों को प्रोत्साहित किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि यह ट्रायल बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इस प्रकार के आयोजनों से उन्हें अपनी ताकत और कमजोरियों का एहसास होता है, जिससे वे आगामी प्रतियोगिताओं के लिए और भी तैयार हो सकते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों में विजेता और उपविजेता तीरंदाजों की घोषणा की गई। रिकर्व धनुष बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर सागर कुमार, द्वितीय स्थान पर अमित टुडू और तृतीय स्थान पर एनिस मुर्मू रहे। कंपाउंड धनुष बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर अमन मुर्मू, द्वितीय स्थान पर रुद्राक्ष पांडे और तृतीय स्थान पर अगस्टिन हंसदा रहे। इंडियन राउंड धनुष बालक वर्ग में चंद्रमोहन सोरेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, गगन मांझी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और नोएल मरांडी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंडियन राउंड धनुष बालिका वर्ग में प्रमिला हंसदा ने प्रथम स्थान, बेला टुडू ने द्वितीय स्थान और मनीषा मुर्मू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन में दुमका जिला तीरंदाजी संघ के सचिव श्री देवीधन टुडू ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उन्हें आगे की प्रतियोगिताओं में सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने प्रयासों में निरंतरता बनाए रखने और कठिन मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अंत में, उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी आयोजकों और उपस्थित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम न केवल तीरंदाजी के क्षेत्र में युवाओं के उत्साह को बढ़ावा देने वाला था, बल्कि इसने यह भी साबित कर दिया कि दुमका में खेलों का भविष्य उज्जवल है और यहां के युवा खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

## टॉल कर्मियों के रोके जाने से सरकारी कार्य में आई बाधा, सीओ ने थाने में करायी एफआइआर दर्ज

**निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)**



हरिहरगंज के कौवाखोह स्थित टॉल प्लाजा पर सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने एफआइआर में टॉल कर्मियों पर दुर्व्यवहार का आरोप भी लगाया है। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने इस संबंध में एफआइआर दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के अनुसार, अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में आयोजित जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान, जब उनकी सरकारी गाड़ी कौवाखोह के पास स्थित टॉल प्लाजा पर पहुंची, तो टॉल कर्मियों ने बिना किसी स्पष्ट कारण के गाड़ी को अनावश्यक रूप से रोक लिया। अंचलाधिकारी ने टॉल कर्मियों से पहचानपत्र दिखाकर उन्हें समझाया कि वह सरकारी कार्य से जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद टॉल कर्मियों ने उनकी एक न सुनी और दुर्व्यवहार करने लगे।

अंचलाधिकारी ने बताया कि उन्होंने टॉल कर्मियों से आग्रह किया कि यह सरकारी कार्य है और उन्हें समय से बैठक में शामिल होना है, लेकिन फिर भी टॉल कर्मियों ने गाड़ी को रोककर 20 मिनट तक उन्हें रोके रखा। इसके कारण अंचलाधिकारी समय पर बैठक में शामिल नहीं हो पाए और बैठक में देरी से पहुंचे। सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के व्यवधान से सरकारी कार्य में रुकावट आना न केवल उनके लिए, बल्कि राज्य के प्रशासनिक कार्यों के लिए भी हानिकारक हो सकता है। उन्होंने बताया कि टॉल कर्मियों के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के कारण और सरकारी कार्य में जानबूझकर बाधा डालने के कारण उन्होंने उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई है। उनका कहना था कि इस एफआइआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, ताकि अन्य सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े। पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआइआर दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों की टीम टॉल कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी, ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने में मदद मिल सके। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है, और स्थानीय लोग भी इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस तरह के व्यवधानों से बचने के लिए कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई है, ताकि सरकारी कार्य सुचारू रूप से चल सकें और कोई भी बाधा उत्पन्न न हो।

## आज और कल बाधित रहेगी रामगढ़ व सरैयाहाट की विद्युत आपूर्ति

**सरैयाहाट (नि.सं.)**। विद्युत लाइन मेंटेनेंस कार्य के कारण रामगढ़ और सरैयाहाट प्रखंड की विद्युत आपूर्ति सोमवार और मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता सरैयाहाट, सत्यनारायण भोक्ता ने बताया कि नोनीहाट से सरैयाहाट और रामगढ़ तक 33 केवी लाइन में मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते 9 और 10 दिसंबर को दिन के समय विद्युत आपूर्ति में व्यवधान रहेगा।

## वीणा मेमोरियल जिला क्रिकेट लीग का हुआ उद्घाटन

**निज संवाददाता | दुमका**

दुमका में जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वीणा मेमोरियल जिला क्रिकेट लीग का आज भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन का कार्य डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट का पहला मैच एल ए जे कैंप क्रिकेट क्लब और नया पाड़ा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। नया पाड़ा क्रिकेट क्लब के कप्तान सूरज पाठक ने टॉस जीतने के बाद पहले क्षेत्र क्रिया करने का निर्णय लिया। उनका यह निर्णय एल ए जे कैंप क्रिकेट क्लब के बल्लेबाजों ने गलत साबित किया, और उन्होंने निर्धारित 35 ओवर के खेल में 267 रनों का विशाल स्कोर केवल 7 विकेट के नुकसान पर बना लिया। इस पारी में आनंद दुबे ने शानदार 97 रन बनाए, जिसमें उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाए। वहीं, सुभांशु वर्मा ने 81 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें उन्होंने सात चौके और दो छक्के लगाए। इसके अतिरिक्त, सुभांशु वर्मा ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया और तीन खिलाड़ियों को आउट किया। नया पाड़ा क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमन सिंह ने तीन खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा, जबकि अमित कुमार ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नया पाड़ा क्रिकेट क्लब की टीम 122 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अमन सिंह ने अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक 67 रन बनाए, लेकिन उनके अलावा अन्य कोई भी बल्लेबाज 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। एल ए जे कैंप क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुभांशु वर्मा ने तीन विकेट लिए, जबकि आशीष ने तीन, और प्रीत तथा राजेंद्र ने दो-दो विकेट प्राप्त किए।

## 14 दिसंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत मामले का करायें निष्पादन : डालसा

**निज संवाददाता | गोड्डा**




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की ओर से रविवार को सुंदरपहाड़ी प्रखंड के घटियारी गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डालसा की टीम के सदस्य चुनका मुर्मू और जोबाती मुर्मू ने ग्रामीणों को आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर को गोड्डा व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जहां बिजली, बैंक ऋण, एक्साइज के मामले, वन विभाग से जुड़े मामले, चेक बाउंस, नगर परिषद के मामले और सभी प्रकार के सुलहनीय वादों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इसमें निष्पादित मामलों को चुनौती नहीं दी जा सकती है। इस प्रकार के मामलों का अदालत में लंबा सुनवाई और मोटी रकम खर्च करने से बचने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत एक सबसे सुलभ और सशक्त प्लेटफार्म साबित हो सकता है। पुराने विवादों का न्यायालय में लंबा खींचने की बजाय, राष्ट्रीय लोक अदालत में मिनटों में समाधान किया जा सकता है। चुनका मुर्मू और जोबाती मुर्मू ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों का त्वरित समाधान कराएं। इसके लिए उन्हें व्यवहार न्यायालय में आवेदन देना होगा और संबंधित संस्थानों से मिले नोटिस के साथ अपने विवाद का निपटारा कराना होगा। इसके अलावा, इस शिविर में बाल विवाह, बाल श्रमिक, दहेज प्रथा, मानव तस्करी, डायन प्रथा, महिला सशक्तिकरण, मोटर वाहन दुर्घटनाएं, पोक्सो एक्ट और बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान जैसी सामाजिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई और ग्रामीणों को इन मुद्दों पर जागरूक किया गया।

## लायंस क्लब ने बांटे दो हजार सेनेटरी पैड

**गोड्डा (नि.सं.)**। लायंस क्लब द्वारा साथी संस्था के कार्य क्षेत्र सुन्दरपहाड़ी प्रखंड के कुसमाहा पंचायत में रविवार को किशोरियों के बीच दो हजार सेनेटरी पैड का वितरण किया। पैड का वितरण लायंस क्लब के अध्यक्ष अनूप गाडिया, उपाध्यक्ष डॉ० नीरज कुमार के द्वारा किया गया। वहीं उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए अनूप गाडिया ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र के सुदूर गाँव मे स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने और किशोरियों के स्वास्थ्य को ठीक रखने के उद्देश्य से क्लब द्वारा किशोरियों के बीच पैड दिया जा रहा है ताकि मासिक धर्म के समय किशोरी आवश्यकता अनुसार पैड को बदल सके और किसी भी प्रकार से असुरक्षित न रहे। वहीं डॉ० नीरज कुमार ने कहा कि ऐसे सुदूर क्षेत्र में खासकर किशोरियों के स्वास्थ्य को मजबूत करने और किशोरियों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए किया जा रहा है। वहीं मौके पर लायंस क्लब के डॉ० अरुण कुमार, गुंजन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**निज संवाददाता | महागामा**



महागामा प्रखंड अंतर्गत गोकुलधाम और महुवारा में भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) का विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष और महागामा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार, विधानसभा चुनाव के प्रभारी राजेश झा, जिला पदाधिकारी मुरारी चौबे, और अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन का विश्लेषण करना और आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना था। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के प्रमुख कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने चुनावी परिणामों पर अपने विचार साझा किए। कुछ कार्यकर्ताओं ने जहां चुनाव में हुई हार के कारणों पर चर्चा की, वहीं अन्य ने जीत की ओर बढ़ने के लिए पार्टी के रणनीतियों पर विचार रखा। प्रदेश उपाध्यक्ष और महागामा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में हार और जीत एक सामान्य बात है और हमें इससे विचलित नहीं होना चाहिए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस अनुभव को एक सीख के रूप में लें और भविष्य में पार्टी के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए मेहनत और समर्पण के साथ काम करें। अशोक कुमार ने आगे कहा कि भाजपा केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि एक विचारधारा के साथ काम करने वाली पार्टी है। समाज की सेवा और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना ही भाजपा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य भारत को परमवैभव पर ले जाना है। नरेंद्र मोदी जी के सतत प्रयासों के कारण भारत दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में भारत एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनेगा, जो दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाएगा।' उन्होंने कार्यकर्ताओं को यह समझाया कि चुनाव की हार और जीत से ऊपर उठकर हमें अपने जीवन के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने उदाहरण के रूप में पार्टी के इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा ने पहले दो सीटों के साथ अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी, और आज वह देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। अब हम सभी भाजपा कार्यकर्ता इस संगठन के सिपाही हैं और हमें इसे और मजबूत बनाना है ताकि देशहित में हमारा योगदान और बढ़ सके। बैठक के दौरान, पार्टी के जिला महामंत्री मुरारी चौबे ने बैठक का संचालन किया और पार्टी की ओर से आगामी कार्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से यह भी आग्रह किया कि वे पार्टी की विचारधारा को घर-घर पहुंचाएं और समाज में भाजपा के प्रति विश्वास को और मजबूत करें। बैठक के समापन पर जिला उपाध्यक्ष अजय साह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# पाक में क्यों बह रहा मुसलमानों का खून?

## खतरा है वास्तविक

शिरोमणि अकाली दल के नेता और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर बुधवार को जिस तरह से अमृतसर के स्वर्णमंदिर में जानलेवा हमला हुआ, वह बताता है कि खालिस्तानी अलगाववाद के दोबारा सिर उठाने का खतरा कितना वास्तविक है। गनीमत रही कि पंजाब पुलिस के स्ध्न जसबीर सिंह की सतर्कता और तत्परता की बदौलत बादल बाल-बाल बच गए, लेकिन इस घटना ने अलगाववादी ताकतों से जुड़े खतरनाक पहलुओं को बेनकाब कर दिया है। ध्यान रहे, बादल पर यह हमला तब हुआ, जब वह 2007 से 2017 के बीच अकाली सरकार के दौरान हुई 'गलतियों' के लिए तनखैया घोषित किए जाने के बाद अकाल तख्त के आदेश के मुताबिक स्वर्ण मंदिर के द्वार पर सेवादार की ड्यूटी निभा रहे थे। धर्म की आड़ लेकर पल रही उग्रवादी सोच कैसे करोड़ों लोगों की आस्था और उनकी धार्मिक भावनाओं की धज्जियां उड़ा देती है, वह इस घटना से एक बार फिर स्पष्ट हो गया। इस मामले में पकड़ा गया आरोपी 'लोन वुल्फ' की भूमिका में था या उग्रवादी-अलगाववादी संगठनों की सुनियोजित साजिश के तहत हमले को अंजाम दिया गया, यह पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि हमलावर आरोपी अतीत में अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त रहा है। वह न केवल खुद पाकिस्तान जा चुका है और कई मामलों में गिरफ्तार हो चुका है बल्कि हाल के वर्षों में भी उसके खालिस्तान समर्थक गतिविधियों में शामिल रहने की सूचना है। यह बात सही है कि नब्बे के दशक के मध्य तक आते-आते पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद पर काफी हद तक काबू कर लिया गया था। लेकिन उसके बाद पैदा हुई पीढ़ी के मन में उस दौर की कोई स्मृति न होने की वजह से उसे इस बात का अहसास नहीं है कि उस दौरान लोगों को उग्रवादियों के कारण किस-किस तरह की परेशानी हुई और किन-किन मुसीबतों का सामना करना पड़ा। इसी बात का फायदा उठाते हुए बाद के दौर में खालिस्तान समर्थक तत्वों ने सोशल मीडिया के सहारे इन युवाओं को टारगेट करना शुरू किया। ऑनलाइन चलाए जा रहे दुष्प्रचार में बड़े पैमाने पर झूठ का सहारा तो लिया ही जा रहा है, भारत विरोधी तत्वों की सहायता से फंड और हथियारों की सतत आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। इसी का परिणाम है कि जहां एक तरफ, छोटे ही सही पर सिख डायस्पोरा के एक हिस्से में खालिस्तान समर्थक भावनाएं सिर उठाती दिख रही हैं, वहीं देश के अंदर भी अमृतपाल सिंह जैसे कट्टर और उग्र नेताओं का उभार देखा जा रहा है।

**(आरके सिन्हा)**

मोहम्मद अली जिन्ना ने जिस इस्लामिक देश पाकिस्तान को बनवाया था, वहां मुसलमान ही अब मुसलमानों की जान के दुश्मन हो गये हैं। वहां सुन्नी और शिया समुदायों के बीच हुए हालिया संघर्ष में 100 से ज्यादा लोगों का खून बहा। हिंसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में हुई। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में 24 करोड़ की आबादी में शिया मुस्लिम लगभग 15 प्रतिशत ही हैं। पाकिस्तान में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच का हालिया संघर्ष जटिल है, जिसके जड़ें सदियों पुरानी धार्मिक और राजनीतिक विभाजन के इतिहास पर टिकी हैं। वैसे तो कुछ कट्टरपंथी समूह तो दोनों पक्षों में ही मौजूद हैं जो हिंसा का इस्तेमाल करके ही अपने धार्मिक विचारों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। ये समूह साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा देते हैं और हिंसा को सही ठहराते हैं। पाकिस्तान में सुन्नी समुदाय कतई शिया मुसलमानों को पसंद नहीं करते। इससे साफ है कि इस्लाम अपने मानने वालों को भी नहीं जोड़ता। हालांकि बातें बहुत होती हैं कि सारी दुनिया के मुसलमान एक हैं। लेकिन , ये अपनी इस बात को तो स्वयं ही बार-बार गलत साबित करते रहते हैं । पाकिस्तान में शिया मस्जिदों में धमाके और विष्फोट होना भी आम बात हो चुकी है। पेशावर में मई, 2022 में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान हुए दिल दहलाने वाले आत्मघाती बम विस्फोट में लगभग 60 से अधिक शिया नमाजी मारे गए थे।। हमलावरों ने निशाना बनाया था शिया मुसलमानों और उनकी इबादतगाह को। यह भी याद रखा जाए कि एक इस्लामिक मुल्क में ही शिया मुसलमानों का जीना मुश्किल हो गया है। वे हर वक्त डर-भय के साए में जीने को मजबूर बने रहते हैं। यह हाल उस पाकिस्तान का है जो मुसलमानों के वतन के रूप में बना था। पेशावर की शिया मस्जिद में हुआ हमला कोई अपने आप में पहली बार नहीं हुआ था। वहां पर शिया मुसलमानों पर लगातार जुल्मों-सितम होते रहे हैं। पाकिस्तान में लगातार प्रतिबंधित संगठन शियाओं के ख़िलाफ़ खुलेआम प्रदर्शन भी करते हैं। इस तरह के ज्यादातर प्रदर्शन लाहौर, क्वेटा, पेशावर वगैरह शहरों में देखने को मिलते हैं। वहां पर शिया मुसलमानों के खिलाफ माहौल बनाने वाला साहित्य भी हर जगह आसानी से वहाँ पर आम लोगों को आसानी से उपलब्ध है। तालिबान और इसी तरह के अन्य अतिवादी समूहों के विचारों का प्रभाव पाकिस्तान में है, जो साम्प्रदायिक संघर्षों को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यह समूह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए शिया-सुन्नी संघर्ष का उपयोग आम तौर पर करते हैं। पाकिस्तान में कुछ सियासी नेता साम्प्रदायिक तनाव को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे मतदाताओं को लुभाने के लिए और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने के लिए साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काते हैं। बेशक, पाकिस्तान सरकार की सुन्नी परस्त नीति के कारण साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने में नाकामी, या यहां तक कि कुछ मामलों में इसमें सहयोग करने से, इस समस्या को और बढ़ावा मिलता है। पाकिस्तान में कुछ सुन्नी जिन्ना को भी शिया बताते हैं। कौन जाने की एक बार जिन्ना शिया साबित कर दिए गए तो उनकी विरासत को भी बिना कुछ जाने समझे ही पाकिस्तान में धूल में मिला दिया जायेगा। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर शिया मुसलमानों, हिंदुओं, ईसाइयों और सिखों के साथ भेदभाव के कई जटिल कारण हैं, जिनमें धार्मिक कट्टरता, राजनीतिक उद्देश्य और कई सामाजिक-आर्थिक कारक शामिल हैं। कोई एकल कारण नहीं है, बल्कि ये कारक आपस में जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान में कुछ अतिवादी आतंकी धार्मिक समूहों का प्रभाव काफी है , जो सुन्नी इस्लाम के एक विशेष व्याख्या का प्रचार करते हैं जो अन्य धर्मों और शिया इस्लाम के प्रति असहिष्णुता को बढ़ावा देता है। कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं ने अपनी राजनीतिक शक्ति बढ़ाने के लिए धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल किया है। वे अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देते हैं, उन्हें 'दूसरे' के रूप में चित्रित करते हैं, जिससे सामाजिक विभाजन बढ़ता है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को अक्सर सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित किया जाता है। उन्हें अच्छी शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुँच होती है, जिससे वे और भी हाशिए पर आते ही चले जाते हैं। यह आर्थिक असमानता सामाजिक भेदभाव को और बढ़ाती है। एक समस्या यह भी है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाले अपराधों में अक्सर अपराधियों को सजा नहीं मिलती है, जिससे उन्हें अन्याय का सामना करना पड़ता है और भेदभाव जारी ही रहता है। न्याय प्रणाली में सुधारों की कमी से अल्पसंख्यकों का भरोसा कम होता है। अगर आप पाकिस्तान के इतिहास को देखें तो पायेंगे कि पाकिस्तान की स्थापना के समय से ही अल्पसंख्यकों के साथ लगातार अत्याचार और भेदभाव होता रहा है। यह सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कारक आज भी भेदभाव को बढ़ावा देते हैं। पाकिस्तान में हिन्दुओं को भी नफरत की निगाह से देखने वाले भी कम नहीं हैं। हालांकि लगभग सारे पाकिस्तानियों के पुरखे हिन्दू ही तो थे। पाकिस्तान का इतिहास हिन्दुओं के खिलाफ नाइंसाफी और खून से लथपथ है। हालांकि 11 अगस्त,1947 को मोहम्मद अली जिन्ना ने एक भाषण में यह कहा था कि पाकिस्तान में सभी धर्मों के मानने वालों को अपने धार्मिक स्थानों में जाने की अनुमति होगी। यानी पाकिस्तान के विश्व मानचित्र में आने से सिर्फ तीन दिन पहले। उन्होंने अपनी कैबिनेट में जोगिन्दर नाथ मंडल नाम के एक हिन्दू को शामिल भी किया था। वे पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से थे।मंडल को जिन्ना ने अपनी कैबिनेट में विधि मंत्री की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा था कि इस्लामिक पाकिस्तान में सबके हक सुरक्षित हैं। पर हुआ इसके ठीक विपरीत। मंडल पाकिस्तान के पहले और शायद आखिरी हिन्दू मंत्री बने। वे वहां पर अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के नेता थे। मंडल अपने को बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों से बहुत प्रभावित बताते थे। वे दलित समुदाय से आते थे। वे 1946 में पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में भी विधि मंत्री थे। जिन्ना की 11 सितंबर, 1948 को मौत के साथ ही मंडल की वहां पर दुर्गति चालू हो गई थी। उनकी हर सलाह को नामंजूर कर दिया जाता।

> *नतीजा यह हुआ कि वे पाकिस्तान को छोड़कर भारत आ गए। ये 1951 के आसपास की बातें हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ नाइंसाफी होती है। इसलिए उनका पाकिस्तान में रहना मुमकिन नहीं होगा। मंडल उसके बाद कोलकत्ता आ गए। उनका 1968 में निधन हो गया। मंडल ने जो कहा था, वह अक्षरशः सही निकला।*

## वंडर बॉय वैभव सूर्यवंशी

वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी से अंडर-19 एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। खिताबी मुकाबले में उसकी टक्कर बांग्लादेश से होगी। भारतीय क्रिकेट टीम को उसका अगला उभरता सितारा मिल चुका है। महज 13 साल के वैभव सूर्यवंशी ने भारत के लिए बैक टू बैक दो फिफ्टी जड़ते हुए अपने नाम का डंका बजा दिया। खब्बू ओपनर ने श्रीलंका के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल में महज 36 गेंद में 64 रन की विस्फोटक पारी खेली। वैभव सूर्यवंशी की इस दमदार इनिंग के बूते भारत अब फाइनल में पहुंच चुका है। यूएई में जारी अंडर-19 एशिया कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत और श्रीलंका के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम 46.2 ओवर में 173 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। 174 रन के मामूली लक्ष्य के जवाब में वैभव सूर्यवंशी ने भारत को जोरदार शुरुआत दिलाई। आयुष म्हात्रे के साथ पहले विकेट के लिए 8.3 ओवर में 91 रन जोड़े। म्हात्रे भले ही 28 गेंद में 34 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन इस लिटिल मास्टर का बल्ला नहीं थमा। पारी के दूसरे ओवर में वैभव ने श्रीलंकाई पेसर सिजेरा को एक ओवर में 31 रन कूट दिए। इस ओवर में गेंदबाज ने सात गेंद फेंकी, जिसमें 22 रन बाउंड्री से तो नौ एक्सट्रा रन दिए। 186.11 की स्ट्राइक रेट से वैभव ने छह चौके पांच छक्के जमाए। वैभव इतनी बेखौफ बल्लेबाजी कर रहे थे कि उनके 67 में से 54 रन तो बाउंड्री से ही आए। वैभव सूर्यवंशी की ये टूर्नामेंट की लगातार दूसरी फिफ्टी थी। पिछले मैच में उन्होंने यूएई के खिलाफ 46 गेंद में नाबाद 76 रन बनाए थे। पाकिस्तान के खिलाफ जब वह सिर्फ एक रन बनाकर चलते बने थे, तब सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हुए थे। आईपीएल मेगा ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी को एक करोड़ 10 लाख में खरीदा था।

# सब पॉलिटिक्स का चक्कर है बाबू भइया

**(स्वामीनाथन एस अंकलेसरिया अय्यर)**

भारतीय इकॉनमी एक पहेली की तरह है। कोविड महामारी की तबाही के बाद के तीन वर्षों में जीडीपी में लगातार ग्रोथ दिखी, जो वित्त वर्ष 2023-24 में शानदार 8.2 प्रतिशत तक जा पहुंची। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी ग्रोथ 7.2प्रतिशत थी, जो बहुत ही अच्छी कही जा सकती है। फिर भी खपत कमजोर बनी हुई है। इसका अंदाजा नेस्ले के सितंबर तिमाही के नतीजों से भी लगा, जो 1.6त्न रह गई थी। यह पिछले कई वर्षों में कंपनी की सबसे कम ग्रोथ है। दूसरी ओर, स्मॉल फाइनैंस बैंकों में लोन डिफॉल्टर्स की संख्या बढ़ रही है। इससे पता चलता है कि समाज के निचले तबकों की आर्थिक मुश्किलें काफी ज्यादा हैं। जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ घटकर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जो कोविड के बाद किसी भी तिमाही में सबसे कमजोर ग्रोथ है। इसके बाद जो अर्थशास्त्री पहले मौजूदा वित्त वर्ष में ऊंची ग्रोथ का अंदाजा लगा रहे थे, वे अब अपने अनुमान में कटौती करने में जुटे हैं। अब वे कह रहे हैं कि इस वित्त वर्ष में ग्रोथ 6.5 प्रतिशत के करीब रहेगी। लेकिन सरकार की ख्वाहिशें बड़ी हैं। उसने 2047 तक भारत को उच्च आय वाला देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए तब तक 8 प्रतिशत की औसत जीडीपी ग्रोथ हासिल करनी होगी। शायद, इस लक्ष्य को हासिल भी किया जा सकता है, लेकिन देश में जो राजनीतिक रोड़े सामने आते रहते हैं, वे इसे नामुमकिन बना देते हैं। सितंबर तिमाही में ग्रोथ के 5.4 प्रतिशत तक फिसलने का मतलब है कि इकॉनमी में बुनियादी दिक्कतें बनी हुई हैं। जिन्हें भारत से बहुत आशा नहीं है, वे कहते हैं कि ग्रोथ कहीं वित्त वर्ष 2019-20 की तरह गोता न लगा दे। उस वित्त वर्ष की शुरुआत में 6-7 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान लगाया गया था। लेकिन यह फिसलकर 4.0प्रतिशत तक जा पहुंची थी। अर्थशास्त्रियों को इसका कारण समझाने में मुश्किल हुई। उनकी ओर से जो वजहें बताई गईं, वे आधी-अधूरी लगती हैं। मेरे खयाल से इसका आसान जवाब यह है कि उस वित्त वर्ष में देश की सारी कमजोरियां सामने आ गईं। वैश्विक ग्रोथ में गिरावट का भी बुरा असर पड़ा। फिर उसी वित्त वर्ष के आखिरी महीने में कोविड महामारी ने भी दस्तक दी थी। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार शंकर आचार्या जैसे निराशावादी कहते आ रहे हैं कि भारत शायद 5.5 प्रतिशत की ग्रोथ से ही बढ़ता रहे। आईएमएफ के पूर्व अर्थशास्त्री अशोक मोदी ने तो इससे भी कम ग्रोथ की भविष्यवाणी की है। लेकिन सच यह भी है कि कोविड महामारी के बाद भारत की ग्रोथ काफी तेज रही है। फिर सितंबर तिमाही में ग्रोथ क्यों घटकर 5.4 प्रतिशत पर आ गई? गलती कहां हुई? मैन्युफैक्चरिंग कमजोर है। दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र में भी रिकवरी नहीं हुई। लेकिन इस साल मॉनसूनी बारिश अच्छी हुई है, इसलिए अगली दो तिमाहियों में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी रह सकती है। इस साल मई में आम चुनाव हुए थे। इसलिए वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में सरकार की ओर से खर्च धीमा रहा। आने वाली दो तिमाहियों में इसमें भी बढ़ोतरी होनी चाहिए। ज्यादातर एक्सपर्ट्स मानते हैं कि इस वित्त वर्ष में ग्रोथ 6.5 प्रतिशत या उससे कुछ ज्यादा रहेगी। मुझे भी ऐसा ही लगता है। भारत निम्न मध्यम आय वाला देश है। ऐसे में 6.5प्रतिशत की ग्रोथ सराहनीय कही जा सकती है। खासतौर पर ऐसे हालात में जब दुनिया में नए शीत युद्ध की वजह से वैश्विक व्यापार और निवेश पर बुरा असर पड़ा है। लेकिन इसके साथ यह बात भी सही है कि चीन यह साबित कर चुका है कि निम्न मध्यम आय वाला देश भी कई वर्षों तक 10प्रतिशत से अधिक ग्रोथ हासिल कर सकता है। ऐसे में यह सवाल तो बनता है कि भारत लगातार 8त्न की ग्रोथ हासिल क्यों नहीं कर पाता? इसका जवाब देश के सियासी माहौल में छिपा है। चुनाव जीतने के लिए यहां सरकारें किसान, ट्रेड यूनियन, शिक्षक, जज लॉबी को खुश करने की कोशिश करती हैं। वे किसानों, बड़े उद्योगों, एसएमई एंटरप्राइजेज और कई धार्मिक समूहों, जातियों, बच्चों, महिलाओं, पेंशनधारियों को रेवड़ियां बांटती हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन लाभदायक है, लेकिन व्यस्त भी रहेगा। भागदौड़ ज्यादा होगी। आपके निर्णय लेने की क्षमता से आपको फायदा होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और अच्छा लाभ मिलेगा। निवेश के लिए भी दिन अच्छा है। भविष्य में इससे अच्छा फायदा होगा। किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने से भी लाभ होगा। आपका खर्च भी उसमें काफी हो सकता है।

### वृष

आज करियर के लिहाज से बहुत अच्छा है। आपको लाभ होगा और सम्मान भी मिलेगा। अगर आप लोन लेने की सोच रहे हैं तो आज का दिन अच्छा है। पुराने दोस्तों से मदद मिलेगी और नए दोस्त भी बनेंगे। जीवनसाथी के परिवार से भी सम्मान मिलेगा। शाम का समय आनंददायक और लाभदायक रहेगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

### कर्क

आज भाग्य साथ देगा। लेकिन साथ ही कुछ अनचाहे खर्चे भी आपको करने पड़ सकते हैं। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय में मन लगेगा और आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। नए काम में निवेश करने से आपको लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। धन के मामले में आपको लाभ होगा।

### सिंह

आज दिन लाभदायक रहने वाला है। कुंभ राशि वालों को कल हर कदम पर भाग्य का साथ मिलेगा और शनिदेव की कृपा से आपकी कई इच्छाएं पूरी होने के योग बन रहे हैं। संपत्ति संबंधी कोई विवाद चल रहा है तो वह कल सुलझता नजर आ रहा है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार के सदस्यों से कल कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

### मिथुन

आज करियर में लाभ होगा। विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान-पुण्य करने का मन करेगा। धार्मिक कार्यों में लाभ होगा और लोग मदद करेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शाम के बाद कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या

आज किसी विवाद का हल निकलेगा। मिलनसार स्वभाव से फायदा होगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा, जिससे मनोबल बढ़ेगा। रात में परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। घर में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। कोई आपके घर में मिलने आ सकता है।

### तुला

आज फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। सेहत से जुड़ी परेशानी बढ़ सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में कुछ बाधाएं आ सकती हैं। अचानक से कुछ लाभ भी हो सकता है, जिससे खुशी बढ़ेगी। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए पैसों का निवेश करने के लिए दिन अच्छा है।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में दिन अच्छा है। हर मामले में लाभ होगा। किसी की बातों में आने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। दोपहर के बाद सफलता मिलेगी। ससुराल पक्ष से कुछ नाराजगी हो सकती है, इसलिए मीठा बोलें। आपको ऑफिस के लोगों से किसी प्रकार के विवाद में पड़ने से बचना चाहिए। वरना आपका पूरा दिन खराब हो सकता है।

### मकर

आज दिन शुभ है। साहस से काम करने से अच्छा लगेगा। आपको हर कार्य में माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी की सेहत बिगड़ सकती है, जिससे परेशानी होगी। फिजूलखर्ची भी हो सकती है। आप लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग आपकी बातों को गलत समझेंगे। व्यापार में धन लाभ होगा।

### कुंभ

आज दिन शुभ है। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करेंगे और बुजुर्गों की सेवा भी करेंगे। अपने गुरु के प्रति निष्ठा रखेंगे, जिससे लाभ होगा। नए काम में निवेश करना शुभ रहेगा। आपको अगर किसी कंपनी के शेयर खरीदने हैं तो ऐसा करने के लिए भी दिन शुभ है। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### धनु

आज दिन भाग्यशाली है। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। बच्चों की सफलता से खुशी होगी। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। नाना-नानी के परिवार से अच्छी खबर मिल सकती है। अपनी शान-शौकत पर खर्च करेंगे, जिससे आपके दुश्मन परेशान होंगे। माता-पिता का ध्यान रखें, आपका दिन अच्छा बीतेगा।

### मीन

आज करियर में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। व्यापार बढ़ाने के प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे। लेकिन धैर्य और प्रतिभा से दुश्मनों पर विजय प्राप्त करेंगे। कोई पुराना विवाद चल रहा है तो उसमें जीत मिलेगी। धन में वृद्धि होगी। आपको कारोबार में कहीं से बकाया पेमेंट मिलने से खुशी होगी और आपके रुके कार्य बन जाएंगे। आपके धन में वृद्धि होगी। भाग्य साथ देगा।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5576

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5575

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली 5576



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 17 जुलाई 1919 का इस देश संविधान अंगीकार किया गया (4)
4. यह कीड़ों द्वारा बनाया गया एकलौता ऐसा पदार्थ है जिसे इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
7. ऊनी कालीन या मोटे गद्दे को यह भी कहते है (3)
9. हमला या आक्रमण करने की क्रिया, सप्ताह का दिन (2)
10. प्रस्थिति, प्रेषिति, गमन (3)
12. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
14. शरीर रोम, पशु रोम (2)
15. पुराणानुसार अमृत मंथन के समय निकला प्रचंड विष (4)
17. दयावान, कृपालु, हमदिल (3)
18. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल प लटके (2)
21. शासक मंडल, हुक्मरान, शासक वर्ग (4)
22. पृथ्वी के भूपटल पर निचले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)
24. शैन, शनै आगे प्रेषित करना, अपनी जगह से हिलाना (4)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
2. जननेन्द्रीय, लिंगीय (3)
3. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
5. विविध भारती से नाटकों पर आधारित प्रसारित होने वाला एक दैनिक कार्यक्रम (5)
6. भाव, मूल्य, निर्ख (2)
8. आलेप, प्रलेप, लोशन (4)
11. वृत्ताकार, गोलाई लिए हुए (5)
13. पुराणानुसार विभीषण की बड़ी बेटी का नाम (2)
16. पैंडेट, प्रालंब (4)
19. एक प्रकार का मादक पदार्थ (3)
20. वेस्टइंडीज के ग्रेटर एंटीलीज समूह का द्वीप जिसकी राजधानी किंगस्टन है (3)
21. कठोर व्यवहार, निर्दयता (2)
23. आखेटचारा, चबैना, कण (2)

### वर्ग पहेली 5575 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ज | रा | इ | ल | | रू | स |
| ब | ल | वी | र | | ज | ना | ब |
| ति | या | | ला | ल | | लै | ब |
| दा | न | व | | ह | म | ला | |
| ई | | ह | स | र | त | | |
| | रा | शि | | दा | ल | रो | टी |
| मृ | ग | या | | र | ब | | च |
| ग | | ना | ते | | | दौ | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# मटर से बहार



**मटर भारत की एक महत्वपूर्ण दलहनी फसल है। जो हमारे भोजन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इसका उपयोग दाल के रूप में, कच्चो दाने एवं भूनकर किया जाता है।**



## जलवायु

यह शीत ऋतु की फसल है। एवं ठण्डे मौसम में अच्छा उत्पादन देती है। अंकुरण के लिये 22 डिग्री सेल्सियस तापक्रम की आवश्यकता होती है। पुष्पन अवस्था में पाला फसल को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा सकता है। अतः मटर को पाले से सुरक्षा अति आवश्यक है। फसल की वृद्धि की लिये 13-18 सेल्सियस तापक्रम उत्तम है।

## भूमि

भुरभुरी दोमट मिट्टी मटर की खेती के लिए उत्तम मानी जाती है। उचित जल निकास वाली भूमि खेती के लिए सबसे अच्छी होती है।

बुआई समय- बुवाई उद्देश्य अनुसार सितम्बर के अंतिम सप्ताह से अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में करें।

## बीज की मात्रा

शीघ्र पकने वाली किस्मों के लिए 100-120 किग्रा एवं मध्यम व देर से पकने वाली किस्मों के लिए 80 से 90 किग्रा बीज प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होता है।

## बीज उपचार

बीज को थायरम 3 ग्राम प्रति किलो या बाविस्टीन 2 ग्राम प्रति किलो की दर से उपचारित कर लें एवं इसके बाद 3 ग्राम प्रति किलोग्राम राइजोबियम से भी उपचारित करें।

## बीज बोने की दूरी

शीघ्र तैयार होने वाली किस्मों के लिये पंक्ति से पंक्ति की दूरी 30 सेमी एवं पौधे से पौधे की दूरी 5-6 सेमी रखें। मध्यम एवं देर से पकने वाली किस्मों में, 45 सेमी पंक्ति से पंक्ति तथा पौधे से पौधे की दूरी 8-10 सेमी रखें। खेत में पलेवा देकर बतर आने पर 5-7 सेमी गहराई पर बोनी मशीन द्वारा करें।

## उन्नतशील किस्में

पूसा प्रगति- फलियों की लंबाई 9-10 सेमी एवं प्रति फली 8-10 दाने पाये जाते है। पहली तुड़ाई 60-65 दिन में हो जाती है एवं पाउडरी मिल्डयु प्रतिरोधी किस्म है। इसकी उपज 70 क्विंटल हरी फलिया प्रति हेक्टेयर है।

## पीएलएम-3

फलियों की लम्बाई 8-10 सेमी एवं फलियों में 8-10 दाने पाये जाते है। पहली तुड़ाई 60-65 दिन में हो जाती है। इसकी उपज 90 क्विंटल प्रति हेक्टेयर हरी फलियां है।

## जवाहर मटर-1

यह जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई है। इसकी तुड़ाई 70-80 दिन में आरंभ हो जाती है। इसकी उपज 90-120 क्विंटल प्रति हेक्टेयर हरी फली है। फली में दानों की संख्या 8 से 9 एवं प्रोटीन प्रतिशत 24.6 प्रतिशत तक होता है।

## जवाहर मटर-2

यह ज.ने.कृ.वि.वि. जबलपुर द्वारा विकसित प्रजाति है। इस किस्म का छिलका मोटा होने के कारण भण्डारण एवं दूरस्थ स्थानों में भेजने के लिए उत्तम है। इसमें प्रोटीन 24.67 प्रतिशत होता है। इसकी उपज 135 से 150 क्विंटल प्रति हे. हरी फलियां है।

## फसल चक्र-

| | | |
|---|---|---|
| सोयाबीन | मटर (अगेती किस्म) | गेहूं |
| सोयाबीन | मटर | मूंग (ग्रीष्मकालीन) |
| बरबटी आलू | मटर | |

## जवाहर मटर-3

यह किस्म टी-19 एवं अर्लीबेजर के क्रास से विकसित की गई है। इसमें फलियों की लम्बाई 6-7 सेमी एवं फली में दाने 7 तक होते है। इसकी उपज 75 क्विंटल प्रति हे. हरी फलियां है।

## जवाहर मटर-4

यह किस्म बीज की बुवाई से 75 दिन में तैयार हो जाती है। फलियों की लम्बाई 7 सेमी एवं फलियों में 6 दाने पाये जाते है इसमें प्रोटीन की मात्रा 28.7 प्रतिशत तक होती है।

## आजाद पी-1

इस किस्म में फलियों की लम्बाई 8 सेमी तथा वजन 8 ग्राम तक होता है।

**अर्किल-** इस प्रजाति की फलियां तलवार नुमा 8-10 सेमी लम्बी एवं औसतन 5-6 दाने युक्त होती है। फसल बुवाई के 60-65 दिन में पहली तुड़ाई के लिए तैयार हो जाती है। यह किस्म पाउडरी मिल्ड्यू के लिए सहनशील है। इसकी औसत उपज 70-80 क्विंटल प्रति हे. हरी फलियां है।

## बोर्नविले

इस किस्म में पुष्प सफेद, लम्बे एवं घने होते है। प्रथम तुड़ाई 80 से 85 दिन में होती है। फलियों में दाने 7-8 एवं मीठे होते है। औसतन उपज 90-100 क्विं प्रति हेक्टर हरी फलियां है।

## मटर अगेती

इस किस्म में फलियां बुवाई के 45-50 दिन में तुड़ाई योग्य हो जाती है। फली में दाने 5-6 एवं इसकी उपज 45-55 क्विंटल प्रति हे. है। मटर के बाद गेहूं की फसल लेने के लिये अच्छी किस्म है।

मध्यम समय में तैयार होने वाली किस्म

## आजाद मटर-3

यह किस्म कानपुर कृषि विवि में विकसित की गई है। इसके पौधे मध्यम आकार के पत्तियां बड़ी एवं सीधी होती है। फलियों की तुड़ाई 65-70 दिन में की जा सकती है। फलियों में दानों की संख्या 7-11 तक होती है। हरी फलियों की उपज 65-70 क्विंटल प्रति हे. है।

## खाद एवं उर्वरक

अच्छी सड़ी हुई गोबर की खाद 20 टन प्रति हे. की दर से खेत की तैयारी के समय में अच्छी तरह से मिला दें। 40 किग्रा यूरिया, 375 सिंग सुपर फास्फेट किग्रा एवं 50 म्यूरेट ऑफ पोटाश बुवाई के समय दें।

## खरपतवार नियंत्रण

खेतों में पलेवा करके खेत को तैयार करने में काफी संख्या में खरपतवार खत्म हो जाते हैं। रसायनिक विधि से खरपतवार नियंत्रण के लिए बुवाई के 48 घंटे के भीतर पेंडीमिथालीन नामक दवा 3.3 किग्रा/ हे. की दर से 1000 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।



---

**गन्ना की खड़ी फसल पकाव की ओर अग्रसर है। पिछले वर्ष अक्टूबर-नवम्बर में समय से लगी फसल दीपावली बाद पर्याप्त शक्कर की मात्रा देगी। इसी समय अधिकतर प्रदेश के कारखाने में पिराई शुरू करेंगे। कटाई के उपरान्त जड़ी का रख-रखाव जितना जल्दी हो, शुरू करना चाहिये। गन्ने के कुल क्षेत्रफल का लगभग 50 प्रतिशत प्रायः जड़ी की फसल में रहता है।**



# गन्ने की जड़ी से कैसे हों मालामाल

गन्ने की जड़ी का कम उत्पादन पूरे प्रदेश के औसत उत्पादन को नीचे ले आता है, जो हमेशा चिन्ता का विषय रहा है। अनुभव किया गया है कि औसत उत्पादक्ता में पहली जड़ी 30–40 प्रतिशत, दूसरी जड़ी 50 प्रतिशत एवं तीसरी या चौथी जड़ी तो 60 प्रतिशत से भी ऊपर कमी आती है। कृषक भी अकसर जड़ी को मूलधन पर ब्याज की तरह ही लेते हैं। जड़ी प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अगर अपनाया जाये तो जड़ी की बीजू गन्ने के बराबर एवं कभी–कभी तो उससे अधिक उत्पादन देने की क्षमता रखती है। कुछ मुख्य कृषक उपयोगी उपाय निम्नलिखित हैं।



## गन्ने के ठूंठ न रहने दें

पहले तो गन्ने की कटाई में ही सावधानी रखें कि सतह के पास से ही मजदूर कटाई करें। अगर फिर भी ठूंठ रह जावें तो तेज धार वाले कत्ते से कटाई करें। ठूंठों के रहने से कृषक को गन्ने के वजन का एवं कारखाने को शक्कर का नुकसान होता है।

## अधिक से अधिक कल्लों की फुटान के वैज्ञानिक प्रयास

### (अ) इथोफोन का छिड़काव

भारत की अनेकों गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में इथोफोन के छिडकाव से पौधों में अधिक कल्ले, ऊँचाई, पोरियों की संख्या व प्रति हेक्टर गन्नों की संख्या में आशातीत वृद्धि हुई। शरद ऋतु में कम तापमान के विपरीत असर को भी काफी कम किया। म.प्र. में इथोफोन के छिड़काव से शहपुरा भिटोनी, (जबलपुर) के कृषक अच्छी उपज के प्रति आशान्वित हैं।

उत्तर प्रदेश के अनेकों क्षेत्रों एवं गन्ना प्रजातियों पर किये गये परीक्षणों में काफी अच्छे उपज व गुणवत्ता के नतीजे प्राप्त हुये हैं। परीक्षणों से ज्ञात हुआ कि ऊंचाई में 22 प्रतिशत पोरियों की संख्या 14.7 प्रतिशत गन्नों की संख्या में 10.3 प्रतिशत एवं उपज में 6.8 से 13 टन/ हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई।

## कैसे बनायें घोल ?

इथोफोन (इथेरेल) एक हेक्टर वास्ते 50 मि.ली. दवा को 500 लीटर पानी में घोलें साथ में 5 किलो यूरिया भी मिलायें और जड़ी फसल पर ठूंठ काटने के एक सप्ताह के अन्दर छिड़कें। (15 लीटर छिड़काव यन्त्र में 1.5 मि.ली. इथोफोन दवा) खेत में छिड़काव के असर हेतु नमी होना उत्तम होगा। इस छिड़काव में रू. 50/– प्रति एकड़ का खर्च आता है एवं मुनाफा हजारों का होता है। जड़ी फसल को रोगों के संक्रमण से बचाने हेतु इसी घोल में प्रति लीटर पानी के मान से 2 ग्राम बाविस्टीन या वीटावैक्स पावर नामक बीजोपचार दवा भी मिलायें।



## गन्ने की सूखी पत्तियाँ कभी न जलायें

जैविक खेती में पदार्पण करने वाले इस युग में गन्ने की सूखी पत्तियों को जलाने से जीवांश पदार्थ की क्षति होती है। सूखी पत्तियों को पलवार के रूप में प्रयोग करें या खाद बनाए। जैविक की नियंत्रण में भी यह एपीरीकेनिया आदि परजीवियों को संरक्षण देने हेतु आवश्यक हैं।

## पुरानी मेढ़ों को तोड़े

पुरानी जड़ों को तोड़ना, नई जड़ों को प्रस्फुटित होने एवं वायु के संचार हेतु आवश्यक है। इसी स्थान पर जड़ों के पास खाद भी दिया जाना है, जो फसल को त्वरित उपलब्ध होगा।

## खाली स्थान अवश्य भरें

जड़ी फसलों का कमजोर होने का मुख्य कारण यह भी है कि 25–30 प्रतिशत स्थान जड़ी के न फूटने से खाली रह जाते हैं। प्रति इकाई पौधों की संख्या कम होने से उपज भी कम हो जाती है। इसके कारण रिक्त स्थानों को भरना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए पॉलीबेग द्वारा आवश्यकतानुसार गेप–फिलिंग करें, यह सर्वोत्तम विधि है।

## भरपूर खाद का उपयोग करें

जड़ी फसल को मूलधन पर ब्याज की तरह न लेकर भरपूर खाद का प्रयोग करें। जड़ी फसल की पोषक तत्व उपयोग क्षमता बीजू गन्ने की अपेक्षा कमजोर होने से तत्वों एवं जैविक खादों की मात्रा में कटौती न करें। 600 किलोग्राम यूरिया, 500 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट व 100 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टर या 250 किलो इफको (12:32:16) एवं पूरक यूरिया एवं पोटाश को आवश्यकतानुसार प्रयोग करें। सुपर फास्फेट या स्फुर युक्त खाद की सम्पूर्ण मात्रा मेढ़ तोड़ते समय हल की सहायता से अवश्य दें पोटाश को दो भागों में एवं यूरिया तीन या चार भागों में क्रमशः फुटाव, कल्ले फूटने एवं मिट्टी चढ़ाते समय बांटकर दें। जीवाणु खाद पी.एस.बी. (5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर) एजेटोबेक्टर या एजोस्प्रिलियम (2–4 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर) की अनुशंसा अनुसार प्रयोग कर रसायानिक खादों की 20–25 प्रतिशत उपलब्धि बढ़ायें।

## सिंचाई समय पर करें



### खरपतवार नियंत्रण आवश्यक

मिट्टी चढ़ाने के उपरांत अगर नींदा उगें तो एक किलो प्रति हेक्टर 2, 4 डी (सोडियम साल्ट) का 750 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़कें।

## फसल को दीमक से कैसे बचायें

अक्सर जड़ी फसल में दीमक का प्रकोप अधिक होता है। सर्वोत्तम तो यह है कि आस–पास की दीमक की बाम्बियों को नष्ट करें। नालियों में 25 किलो/ हेक्टेयर नीम की खली– चूर्ण का प्रयोग करें। जैविक उपाय के तौर पर मोटाराईझियम ऐनासोपलाई की आधा लीटर मात्रा प्रति 100 लीटर पानी में घोल कर खेत में छिड़कें। असर दिखने के बाद आवश्यक्ता हो तो छिड़काव को दोहरायें। रसायनिक नियन्त्रण हेतु वाईफोन्थ्रिन (मारकर) 400 मि.ली. को 2–3 लीटर पानी में मिलाकर 20–25 किलो बारीक रेत में मिलायें/ शाम के समय भुरकाव करें एवं हल्की सिंचाई करें। अन्य भूमि जन्य कीटों हेतु भी यह प्रभावी होगा।

## जड़ी की फसल कितनी बार लें

वैसे तो म.प्र. में प्रायः 2 और अधिक से अधिक 3 जड़ी फसलें ही ली जाती है पर सही प्रबंधन से आप 5–6 बार जड़ी ले सकते हैं। कर्नाटक प्रदेश के कृषक श्री प्रफुल्ल पटेल ने जैविक पद्धति से एक के बाद एक बिना उपज कम किये 25 बार जड़ी फसल ली एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। उपरोक्त कम खर्च वाले तरीके को अपनाने से साल दर साल जड़ी फसल लेने से उपज भरपूर होगी एवं प्रति हेक्टर अधिक लाभ होगा–तो आप पीछे क्यों ?

उपरोक्त कम खर्च वाले तरीकों को अपनाकर जड़ी फसल की उपज भी बीजू गन्ने से कम नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों को सिम कार्ड बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी करने वालों को सिम कार्ड बेचने के आरोप में बिहार से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने अनुज कुमार के कब्जे से 5,000 सिम कार्ड और 25 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने बताया कि कुमार को बिहार के गया से चीन, कंबोडिया और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में लोगों को सिम कार्ड की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) रवि कुमार सिंह ने बताया कि एक कंपनी के सीए ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने खुद को कंपनी का निदेशक बताकर उससे 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। मोबाइल नंबरों और तकनीकी निगरानी के विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से अनुज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पूछताछ के दौरान पता चला कि अनुज इस नेटवर्क का षडयंत्रकर्ता है।

### सिलीगुड़ी बंगाल सफारी में बाघ के तीन शावकों की मौत



**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी में बाघ के तीन शावकों की उस समय मौत हो गई जब उनकी मां ने उन्हें मुंह में रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते समय गलती से उनकी गर्दन पर काट लिया। प्राणी उद्यान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकार दी। पश्चिम बंगाल प्राणी उद्यान प्राधिकरण के सचिव सौरव चौधरी ने बताया कि बाघिन 'रिका' के पिछले सप्ताह जन्मे शावकों की श्वास नली में उस समय छेद हो जाने के कारण मौत हो गई जब बाघिन उन्हें अपने मुंह में रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान लेकर जा रही थी। दो शावकों की मौत बृहस्पतिवार रात को हुई, जबकि शुक्रवार को एक और शावक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से बाघिन सदमे में प्रतीत हो रही है, जो उसके व्यवहार से स्पष्ट है। उन्होंने कहा, यह बाघिन द्वारा गले पर गलत जगह से पकड़ने के कारण शावकों की मौत होने का मामला है। हम भविष्य में और अधिक सावधानी बरतेंगे।

### ठाणे जिले में एक महिला पर व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 24 वर्षीय व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सितंबर में हुई उनके बेटे की मौत के संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित कुणाल कृष्ण वर्ता ने 12 सितंबर को भिवंडी शहर में अपने घर में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि महिला शादीशुदा है और उसने सोशल मीडिया पर उनके बेटे से दोस्ती की और उससे नजदीकियां बढ़ाईं। अधिकारी ने कहा कि महिला के प्यार के झूठे वादे के कारण ही उसने आत्महत्या की। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और इस संबंध में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### सेना प्रमुख ने उत्तरी कमान की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की




**उधमपुर , एजेंसी।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को उधमपुर में स्थित उत्तरी कमान की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों के पेशेवर कामकाज और परिचालन में तालमेल कायम करने के प्रति कमान द्वारा की गई पहलों की सराहना की। भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) ने संयुक्त क्षमता को और बढ़ाने के उद्देश्य से हुई बैठक की अध्यक्षता भी की। थलसेना,वायु सेना, नौसेना और आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# 27 साल पुराने हिरासत में यातना मामले में पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को राहत

## अदालत ने बरी किया



**पोरबंदर, एजेंसी।** गुजरात के पोरबंदर की एक अदालत ने 1997 के हिरासत में यातना मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे मामले को साबित नहीं कर सका। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश पंड्या ने शनिवार को पोरबंदर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) भट्ट को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज मामले में बरी कर दिया। यह धारा कबूलनामा प्राप्त करने के लिए गंभीर चोट पहुंचाने और अन्य प्रावधानों से संबंधित है। संजीव भट्ट को इससे पहले जामनगर में 1990 के हिरासत में मौत के मामले में आजीवन कारावास और पालनपुर में राजस्थान के एक वकील को फंसाने के लिए ड्रग्स रखने से संबंधित 1996 के मामले में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। वह वर्तमान में राजकोट सेंट्रल जेल में बंद है। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे मामले को साबित नहीं कर सका कि शिकायतकर्ता को अपराध कबूल करने के लिए मजबूर किया गया था और खतरनाक हथियारों और धमकियों का उपयोग करके स्वेच्छा से दर्द देकर आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया था। अदालत ने यह भी नोट किया कि आरोपी पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी, जो उस समय अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा एक लोक सेवक था, मामले में प्राप्त नहीं की गई थी। संजीव भट्ट और कांस्टेबल वजुभाई चौ, जिनके खिलाफ उनकी मृत्यु के बाद मामला खत्म कर दिया गया था, पर भारतीय दंड संहिता की धारा 330 (स्वीकारोक्ति के लिए चोट पहुंचाना) और 324 (खतरनाक हथियारों से चोट पहुंचाना) के तहत आरोप लगाए गए थे, जो नारन जादव की शिकायत पर आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) और शस्त्र अधिनियम के मामले में पुलिस हिरासत में कबूलनामा लेने के लिए उसे शारीरिक और मानसिक यातना देने के लिए था। 6 जुलाई, 1997 को मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष नारन जादव की शिकायत पर कोर्ट के निर्देश के बाद 15 अप्रैल, 2013 को पोरबंदर शहर के बी-डिवीजन पुलिस स्टेशन में भट्ट और चौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 1994 के हथियार बरामदगी मामले में नारन जादव 22 आरोपियों में से एक था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पोरबंदर पुलिस की एक टीम 5 जुलाई, 1997 को अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल से ट्रांसफर वारंट पर नारन जादव को पोरबंदर में संजीव भट्ट के घर ले गई थी।

# दीपक बाबरिया ने ली हरियाणा में हार की जिम्मेदारी, बोले- 10 से 15 सीटों पर गलत टिकट दिए



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार को लेकर अभी तक कांग्रेस में कलह छिड़ा हुआ है। नई दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस नेताओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें लंबे समय बाद के बाद हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया भी शामिल हुए। बाबरिया ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि अगर सब लोग यह मानते हैं कि कांग्रेस की हार में मेरा दोष है तो मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं, लेकिन असली बात यह है कि 10 से 15 विधानसभा सीटों पर टिकटों का वितरण सही ढंग से नहीं किया गया था। दीपक बाबरिया ने कहा कि मेरे पास जब कई सीटों पर धांधली होने संबंधी संदेश आया तो मैंने उसे तुरंत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के पास फॉरवर्ड कर दिया था। पार्टी अध्यक्ष ने उसे क्यों गंभीरता से नहीं लिया। बाबरिया ने कहा कि अभी मैं पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हूं। बहुत जरूरी बैठकों में ही हिस्सा ले सकूंगा।

चुनावी नतीजों के बाद हुई इस पहली बैठक में दीपक बाबरिया शामिल हुए थे। विधानसभा चुनाव में प्रचार से भी उन्होंने दूरी बना ली थी। बाबरिया पर टिकट आवंटन सही नहीं करने और एक ग्रुप विशेष की सुनवाई करने के आरोप भी लगे थे। बाद में बाबरिया ने खुद को बीमार बताते हुए चुनाव प्रचार से किनारा कर लिया था। नतीजों के बाद अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने प्रभारी पद से इस्तीफा देने की पेशकश भी कर दी थी, लेकिन पार्टी ने उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया है। हरियाणा कांग्रेस प्रधान चौधरी उदयभान अभी तक दीपक बाबरिया की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे थे। उदयभान ने आरोप लगाया कि दीपक बाबरिया की वजह से हरियाणा में कांग्रेस का संगठन नहीं बन पाया, क्योंकि वह उनके द्वारा भेजी गई सूचियों को अपने पास दबाकर बैठे रहे और उन्हें हाईकमान के पास मंजूरी के लिए नहीं भेजा। दीपक बाबरिया को पहले से यह सूचना थी कि 12 से अधिक सीटों पर कांग्रेस हार रही है। उन्हें यह संदेश आ गया था लेकिन बाबरिया ने यह संदेश छिपाकर रखा और पार्टी को इसकी सूचना नहीं दी।

**चुनावी नतीजों को हाई कोर्ट में देंगे चुनौती:** विधानसभा चुनाव में हार में ईवीएम की भूमिका और कथित धांधली के आरोपों के साथ कांग्रेस फिर से हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। पहले से ही कई कांग्रेस उम्मीदवारों ने ईवीएम में गड़बड़ी, चुनाव में धांधली, चुनाव आयोग की भूमिका व सरकार पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग सहित कई आरोपों के साथ हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं। अब कुछ और उम्मीदवार भी हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हरियाणा के इतिहास में यह पहला मौका है जब चुनावी नतीजों को एकसाथ इतने लोगों ने चुनौती दी है।

# मणिपुर में हिंसा भड़काने की कोशिश नाकाम, इंफाल में अपहरण की कोशिश में उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर को फिर से सुलगाने की एक कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया है। दरअसल मणिपुर पुलिस ने इंफाल के थंगल बाजार इलाके में अपहरण की कोशिश नाकाम कर दी और दो लोगों को बचा लिया। इस मामले में पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनगांबा) से जुड़े उग्रवादी तेनसुबाम बंगकिम को अपहरण के इस मामले में इंफाल पश्चिम जिले से गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार उग्रवादी के पास से हथियार बरामद:** उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मणिपुर के एक शरणार्थी कैंप से तीन महिलाओं और बच्चों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद मणिपुर में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। अब एक बार फिर उग्रवादियों की मंशा राज्य में हिंसा भड़काने की थी, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से अपहरण की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। हालांकि पुलिस ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से 9 एमएम पिस्तौल, सात कारतूस और एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया।

इस बीच, सुरक्षा बलों ने शनिवार को कांगपोकपी जिले के एल जंगनोमफाई इलाके में तलाशी अभियान चलाया और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया, जिसमें एक स्नाइपर राइफल, तीन पिस्तौल, एक .303 बोल्ट एक्शन राइफल, पांच हथगोले, पांच स्टारडाइन 90 विस्फोटक, चार इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, कारतूस, पांच दंगा-रोधी गोले और एक रेडियो सेट शामिल हैं। इसके अलावा, उखरुल जिले के खमासोन रेंज में अवैध अफीम की खेती के आरोप में भी चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बयान में कहा है कि करीब 30 एकड़ में अफीम की खेती का पता चला है, गिरफ्तार लोगों के कब्जे से एक एयर गन और दो चाकू भी जब्त किए गए हैं।

### गुरुग्राम के एक फार्म हाउस में खेला जा रहा था गंदा खेल; पुलिस ने 40 को दबोचा

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने शुक्रवार रात को खादरपुर गांव में एक फार्महाउस पर छापेमारी कर के अवैध कैसीनो का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 40 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि खुफिया इनपुट मिलने के बाद पुलिस ने शुक्रवार रात खादरपुर गांव में मैपल फार्महाउस पर छापा मारा। पुलिस ने कैसीनो संचालकों और वहां जुआ खेल रहे लोगों समेत कुल 40 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो कैसीनो टेबल, 3,180 टोकन और जुआ खेलने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ताश के छह पैकेट बरामद किए हैं। थाने में मामला दर्ज करवाया गया। सभी आरोपियों को जांच में शामिल करने के बाद हिदायत देकर जमानत पर छोड़ दिया। पुलिस ने आरोपियों से जुआ खेलने में प्रयोग की जाने वाली दो कसीनो टेबल, 3180 टोकन और छह पैकेट ताश के बरामद किए हैं।

# यूट्यूब से सीखी खोपड़ी वाली तांत्रिक क्रिया, काले जादू के लिए काटा था युवक का सिर



**गाजियाबाद एजेंसी।** खोपड़ी से तांत्रिक क्रिया कर पैसे कमाने को एक युवक की हत्या कर उसका सिर काटने के चार आरोपियों को गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के साढ़े पांच माह बाद मृतक की खोपड़ी भी बरामद की गई। मुख्य आरोपी ने यूट्यूब पर काला जादू और खोपड़ी से तांत्रिक क्रिया कर पैसे कमाने का वीडियो देखने के बाद वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में दो आरोपी पहले पकड़े जा चुके हैं।

गाजियाबाद के टीला मोड़ थानाक्षेत्र में 22 जून 2024 को एक सिर कटी लाश मिली थी। पुलिस ने 15 अगस्त को दिल्ली के ताहिरपुर निवासी विकास उर्फ मोटा और बिहार के मोतिहारी निवासी धनंजय को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश किया गया था। मृतक की पहचान बिहार के मोतिहारी निवासी राजू के रूप में हुई थी। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में युवक की हत्या की गई थी। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि शनिवार को दिल्ली से बिहार के मोतिहारी निवासी विकास उर्फ परमात्मा, नंदनगरी निवासी नरेंद्र उर्फ एनडी और आदर्शनगर निवासी पवन और उसके भाई पंकज कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

विकास उर्फ परमात्मा की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, जबकि पवन इस हत्याकांड का मुख्य सूत्रधार है। पवन तंत्र-मंत्र का जानकार होने का दावा करता है। उसने ही दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में लिफ्ट ऑपरेटर अपने दोस्त नरेंद्र के जरिये बाकी आरोपियों को खोपड़ी के साथ तांत्रिक क्रिया करने पर मोटी रकम मिलने का झांसा देकर अपने साथ जोड़ा था।

ई-रिक्शा चलाने वाले परमात्मा ने ऑटो चलाने वाले विकास उर्फ मोटा को उसके साथ रहने वाले धनंजय को इंसान की खोपड़ी के बदले पांच लाख रुपये देने की बात कही थी। धनंजय ने दिल्ली के कमला मार्केट में अपने पास ही पकौड़ी की दुकान लगाने वाले दोस्त राजू की नशे की लत का फायदा उठाया। धनंजय और मोटा ने उसे अपने कमरे पर पांच दिन तक शराब पिलाई और गला दबाकर हत्या कर दी।

# प्रदूषण के कारण नहीं मिला काम, एनसीआर के श्रमिकों को हर महीने मिलेंगे एक हजार; योगी सरकार का ऐलान

**गाजियाबाद एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) वाले जिलों के श्रमिकों को एक हजार रुपये प्रतिमाह पोषण भत्ता देगी। तकरीबन पांच लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को यह धनराशि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण (बीओसीडब्ल्यू) बोर्ड के माध्यम से दी जाएगी। इस पर करीब 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

योजना के तहत 18 नवंबर तक पंजीकृत श्रमिकों को यह भत्ता चार सप्ताह का दिया जाएगा, जिसमें से पहले दो सप्ताह के भत्ते की धनराशि श्रमिकों के खातों में भेजे जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। राजधानी दिल्ली और उससे सटे एनसीआर क्षेत्र के जिलों में पिछले दिनों प्रदूषण चरम पर था। दमघोंटू प्रदूषण के चलते जहां इन जिलों के स्कूलों को बंद कर दिया गया था। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियां भी रोक दी गई थीं। ऐसे में निर्माण श्रमिकों के सामने रोजी-रोटी का संकट न हो सो सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को इन श्रमिकों को भत्ता देने के आदेश दिए थे। हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष वर्चुअल पेश हुए थे। कोर्ट ने जल्द भत्ता दिए जाने के आदेश दिए थे। इसके बाद काम तेज हो गया।

# युवा हिंदी के राजदूत बनें, और दुनिया भर में इसकी महानता का प्रचार करें : सर्बानंद सोनोवाल



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शनिवार को हिंदी में स्नातक करने वाले युवाओं से हिंदी भाषा के राजदूत बनने और दुनिया भर में इसकी महानता का प्रचार करने की अपील की। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के 83वें दीक्षांत समारोह में सोनोवाल ने कहा कि हिंदी में एक महान शक्ति है। इसने दुनिया भर के लोगों के दिलों पर कब्जा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने छात्रों को डिग्री प्रदान की।

उन्होंने कहा, इस भाषा में मानवता है। सभी भारतीय भाषाओं का जन्म भारत माता के चरणों से हुआ है। वे सब एक हैं, हमें दुनिया को यह संदेश देना चाहिए कि ये भाषा देशभक्ति और मानवता की प्रतीक है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, हिंदी की सुंदरता और महानता का प्रसार करें। इसे एक सार्वभौमिक भाषा बनाएं। हिंदी एकता की भाषा है और इसका इस्तेमाल सभी भारतीयों को एक सूत्र में बांधता है। यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लोकाचार का भी प्रदर्शन है जहां हम अपनी एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए विविधता को अपनाते हैं। सोनोवाल ने छात्रों को राष्ट्र-निर्माण गतिविधियों में उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 1918 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ओर से स्थापित इस संस्थान में उपस्थित होना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। समारोह में प्रवीण और विशारद परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले लगभग 8,000 छात्रों ने अपनी डिग्री प्राप्त कीं। परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले चेन्नई के छात्रों और रैंक हासिल करने वाले स्नातकोत्तर छात्रों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

# गुरुग्राम में आएगी जॉब की बहार, पचगांव चौक के पास 3000 एकड़ में बनेगी नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप



**गुरुग्राम एजेंसी।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) बनाने की तैयारी है। हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) ने पचगांव चौक के पास 3000 एकड़ में यह औद्योगिक टाउनशिप बनाने की योजना तैयार की है। जिले में एचएसआईआईडीसी चौथी टाउनशिप बनाएगा। इससे पहले गुरुग्राम-दिल्ली बॉर्डर के पास उद्योग विहार,आईएमटी मानेसर और सोहना में टाउनशिप बनाई जा चुकी है।

एचएसआईआईडीसी की सभी टाउनशिप में दस हजार से ज्यादा छोटे और बड़े उद्योग संचालित हो रहे हैं। इन उद्योगों में लगभग एक लाख से ज्यादा लोग काम करते हैं। जिले में कई विदेशी और देश की कंपनियां उद्योग लगाने के लिए इच्छा भी जाहिर कर चुकी हैं।

एचएसआईआईडीसी नए साल से पचगांव चौक के पास तीन हजार एकड़ में नई टाउनशिप विकसित करने के लिए प्रक्रिया शुरू करेगा। पचगांच चौक के पास 3 हजार एकड़ जमीन दो हिस्सों में निगम के पास है। एक हिस्से में 1300 और दूसरे हिस्से में 1700 एकड़ के लगभग जमीन है। यहां पर उद्योगों के लिए प्लॉट विकसित होंगे। इसकी योजना तैयार हो गई है और टाउनशिप में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए कितना खर्च होगा इसका आकलन के बाद मुख्यालय प्लॉन को अनुमति के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा।

हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) सोहना, मानेसर और खरखौदा के माध्यम से पलवल को सोनीपत से जोड़ेगा। कॉरिडोर का स्टेशन पचगांव के पास बनाया जाएगा। ट्रेन से भी उद्योगों के लिए अपना सामान गुरुग्राम से हरियाणा के दूसरे जिलों के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों में भेजना आसान होगा। मेट्रो का विस्तार भी होगा = कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) के पास निगम की पचगांव में तीन हजार एकड़ जमीन है।

# 31 दिसंबर के बाद नहीं चलेंगे डीजल ऑटो, उल्लंघन पर जब्त; प्रशासन ने बताई फैसले की वजह

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम जिले में प्रदूषित हवा से राहत दिलाने के लिए 31 दिसंबर के बाद डीजल ऑटो के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। नए साल से गुरुग्राम में सिर्फ सीएनजी और इलेक्ट्रिक ऑटो चलाने की अनुमति होगी। फिलहाल जिले में 1015 डीजल के ऑटो का संचालन ज्यादातर सवारियों को बैठाने के लिए हो रहा है।

अब डीजल के ऑटो पर कार्रवाई करते हुए सभी ऑटो जब्त किया जाएगा, ताकि वह संचालन नहीं हो सके। डीसी अजय कुमार ने बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी शहर की छवि को मजबूत बनाने में वहां की यातायात व्यवस्था का महत्वपूर्ण रोल होता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा 30 नवंबर 2022 को दिए गए आदेशों के तहत समूचे एनसीआर क्षेत्र में सड़कों से डीजल ऑटो हटाने के लिए अलग अलग समय सीमा निर्धारित की है। इसमें गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद व गौतमबुद्ध नगर जिले के लिए 31 दिसंबर 2024 की समय सीमा तय की गई थी। वहीं साथ लगते अन्य जिलों के लिए 31 दिसंबर 2025 तक का समय निर्धारण किया गया है। अब ऐसे डीजल वाले ऑटो को जब्त किया जाएगा।

# शर्मनाक हार के बाद गम में डूबे रोहित शर्मा



**एडिलेड, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पर्थ टेस्ट में गैरमौजूदगी के बाद वापसी अच्छी नहीं रही। एडिलेड ओवल में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से हरा दिया। रोहित ने इस मैच में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में तीन और दूसरी में छह रन बनाए। उनके नेतृत्व और गेंदबाजी में बदलावों पर सवाल उठे। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि भारत ने कई मौके गंवाए, जो हार का कारण बने। मैच के बाद रोहित ने कहा- हमारे लिए यह हफ्ता निराशाजनक रहा। हमने उतना अच्छा नहीं खेला जितना जीत के लिए जरूरी था। ऑस्ट्रेलिया ने हमसे बेहतर प्रदर्शन किया। खेल के दौरान कई ऐसे मौके आए जिन्हें हम भुना नहीं सके और यही हार की वजह बनी।

उन्होंने आगे कहा- पर्थ में जो हमने किया था वह खास था। यहां भी हम वही दोहराना चाहते थे, लेकिन हर टेस्ट मैच अलग चुनौती लाता है। हमें पता था कि गुलाबी गेंद के साथ यह मैच मुश्किल होगा। लेकिन जैसा मैंने कहा, ऑस्ट्रेलिया बेहतर खेली। पांच मैचों की सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। रोहित ने कहा कि टीम 14 दिसंबर से शुरू हो रहे गाबा टेस्ट के लिए तैयार है। उन्होंने कहा- अगले मैच से पहले ज्यादा समय नहीं है। हमें पर्थ में किए गए अच्छे प्रदर्शन और पिछली बार गाबा में किए गए प्रदर्शन को याद रखना होगा। वहां की अच्छी यादें हैं। हर टेस्ट मैच की चुनौती को समझते हुए हमें अच्छी शुरुआत करनी होगी।

# अफरीदी ने भारत में होने वाले मैचों के बहिष्कार करने को कहा

### पीसीबी से बोले- आत्मनिर्भर बनना होगा

**कराची (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सलाह दी है कि जब तक भारत अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने पर सहमत नहीं हो जाता तब तक वह आईसीसी (अंतरराष्टीय क्रिकेट परिषद) टूर्नामेंट सहित किसी भी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए राष्टीय टीम को भारत भेजने से परहेज करे।



कराची कला परिषद में आयोजित उर्दू सम्मेलन में अफरीदी ने पीसीबी से भारत के साथ क्रिकेट संबंधों पर कड़ा रुख अपनाने की वकालत करते हुए कहा कि पाकिस्तान को मजबूत निर्णय लेने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट को मजबूत और आत्मनिर्भर होने के साथ सैद्धांतिक फैसले लेने चाहिए। भारत अगर पाकिस्तान में आकर नहीं खेल सकता है तो हमारे लिए भारत में जाकर खेलने का कोई कारण नहीं है। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च के बीच पाकिस्तान में होने वाली है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया है और इसके बजाय टूर्नामेंट को 'हाइब्रिड मॉडल' में कराने की मांग की है जिससे उसे अपने मैच तटस्थ स्थान पर खेलने की अनुमति मिल सके।

### इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हराया



**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के दिन-रात्रि दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को 10 विकेट की शानदार जीत दर्ज की। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच को 295 रन से गंवाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इस जीत से श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

ऑस्ट्रेलिया ने दिन के पहले सत्र में ही जीत के लिए मिले 19 रन के मामूली लक्ष्य को 3.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 157 रन की बढ़त लेने के बाद भारत की दूसरी पारी को महज 175 रन पर समेट दिया । भारत ने दिन की शुरुआत अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 128 रन से आगे से की थी।

मिचेल स्टार्क ने शुरुआती ओवर में भी स्कोर बोर्ड पर बिना कोई रन जोड़े ऋषभ पंत (28) को आउट कर मैच में भारत की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने इसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता करने की औपचारिकता पूरी की। हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 42 रन का योगदान दिया जिससे टीम पारी की हार से बच गयी। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस ने पांच विकेट झटके। मिचेल स्टार्क ने दो और स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट चटकाए।

### ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी

ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन चाहिए थे जिसे ओपनरों नाथन मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा ने बिना विकेट गंवाए हासिल कर दिया। मैकस्वीनी ने 10 जबकि ख्वाजा ने 9 रन बनाए।



# ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने भारत के खिलाफ बनाया सबसे बड़ा वनडे स्कोर

## वोल-पैरी के शतक

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** जॉर्जिया वोल (101) और एलिसे पैरी (105) के शानदार शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे महिला वनडे मैच में भारत के खिलाफ 8 विकेट पर 371 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद फोबे लिचफील्ड (60) और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई। यह स्कोर अब महिला वनडे में भारत के खिलाफ बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है जिसने इस साल जनवरी में वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया द्वारा बनाए गए 338/7 के पिछले स्कोर को पीछे छोड़ दिया। भारत उस मैच में 190 रनों के बड़े अंतर से हार गया था। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और बेथ मूनी (56) के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया।

भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए। मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट जबकि रेणुका सिंह (78 रन पर एक विकेट), दीप्ति शर्मा (59 रन पर एक विकेट), और प्रिया मिश्रा (88 रन पर एक विकेट) को एक-एक सफलता मिली।

### एललोब्रेगाट ओपनः

# क्रिस्टोबल से ड्रॉ खेलकर याहिल की बढ़त बरकरार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्पेन के सबसे मजबूत टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम रखने वाले एललोब्रेगाट ओपन शतरंज 2024 के आठवें राउंड में सबसे आगे चल रहे इज़राइल के ग्रांड मास्टर याहिल सोकोलोव्स्की नें टॉप सीड चिली के ग्रांड मास्टर क्रिस्टोबल हेनरिक विजाग्रा को ड्रॉ पर रोकते हुए अपनी बढ़त को बरकरार रखा है।

शीर्ष बोर्ड पर काले मोहोरो से खेल रहे याहिल नें क्यूजीडी एक्स्चेंज वेरिएशन में एक बेहद रोचक स्थिति में मात्र 17 चालों में ड्रॉ स्वीकार किया जब उनकी स्थिति बेहद रोमांचक नजर आ रही थी । इस ड्रॉ के बाद अब याहिल 7 अंको के साथ एकल बढ़त पर बने हुए है जबकि क्रिस्टोबल 6.5 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर चल रहे है । आठवे राउंड में शीर्ष 10 बोर्ड में से सिर्फ 4 बोर्ड पर परिणाम जीत - हार के आए जबकि छह मुक़ाबले बेनतीजा रहे । दूसरे बोर्ड पर इज़राइल के ग्रांड मास्टर इदों गोर्शतेन नें जर्मनी के ग्रांड मास्टर मार्टिन क्रेमर से और तीसरे बोर्ड पर बुल्गारिया के इंटरनेशनल मास्टर ट्स्वेटन स्टोयनोव नें स्वीडन के इंटरनेशनल मास्टर सेओ जुंग मिन से ड्रॉ खेला ।

चौंथे बोर्ड पर इज़राइल के इंटरनेशनल मास्टर ब्रोंस्टेन ऑर नें स्पेन एक ग्रांड मास्टर जूलियन लुईस मरतीनेज को पराजित करते हुए अपने ग्रांड मास्टर नार्म की ओर कदम बढ़ा दिये है ,नीमजो इंडियनोपनिंग में सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए उन्होने 34 चालों में बाजी अपने नाम की यह उनकी लगातार दूसरी जीत ग्रांड मास्टर के ऊपर थी और फिलहाल 2533 रेटिंग के प्रदर्शन के साथ वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है ।

पांचवें बोर्ड पर पोलैंड के ग्रांड मास्टर तजबीर मर्चिन नें स्पेन के ग्रांड मास्टर जोसेफ मनुएल लोपेज मार्टीनेज से ड्रॉ खेला तो छठे बोर्ड पर स्पेन एक युवा फीडे मास्टर और वर्तमान विश्व अंडर 16 चैम्पियन जविएर हबंस नें पिछले खेल की हार से उबरते हुए शानदार वापसी की और फीडे के इंटरनेशनल मास्टर आर्टिओम स्ट्रीबुक को पराजित करते हुए एक बार लय मे लौट आए है । फिलहाल 8 राउंड के बाद 2567 रेटिंग प्रदर्शन के साथ वह ग्रांड मास्टर और इंटरनेशनल मास्टर नार्म की तरफ बढ़ रहे है । सफ़ेद मोहरो से खेले मुक़ाबले मे उन्होने इंग्लिश ओपनिंग में 47 चालों में जीत दर्ज की ।

आठवें राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ियों में महिला इंटरनेशनल मास्टर तेजस्विनी जी ने नीदरलैंड्स के वैन डेर हेगन लोएक को हराकर शानदार वापसी की। कल की हार के बाद इस जीत से उन्होंने अपनी महिला ग्रैंड मास्टर नॉर्म की उम्मीदों को जिंदा रखा है। वहीं, महिला कैंडिडेट मास्टर चार्वी ए को स्पेन के रोका प्लानस एडगर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अब केवल दो राउंड शेष हैं, और भारतीय खिलाड़ी अपने-अपने नॉर्म और रेटिंग बढ़ाने की दिशा में पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

# डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसका भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए दूधिया रोशनी में दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में भारत को शानदार अंदाज में हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर वापसी कर ली है। इस चक्र में अपनी नौवीं जीत के साथ, पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने अपने पीसीटी में सुधार करके 60.71 कर लिया और तालिका में दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पीछे छोड़ दिया। दूसरी ओर, भारत को 2023-25 चक्र में दसवें उलटफेर का सामना करना पड़ा और उसका पीसीटी गिरकर 57.29 पर आ गया, जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया।



दक्षिण अफ्रीका इस समय श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट में मजबूत स्थिति में है और जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकता है।

### भारत की पहली पारी 180 पर सिमटी, नीतीश रहे शीर्ष स्कोरर

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश रेड्डी शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 42 रन बनाए। नीतीश के अलावा केएल राहुल ने 37, शुभमन गिल ने 31, रविचंद्रन अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट झटके। स्टॉर्क के अलावा कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट लिए।

## छेत्री ने रचा इतिहास

### आईएसएल में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने



**नईदिल्ली, एजेंसी।** छेत्री 40 साल और 126 दिन की उम्र में आईएसएल के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। भारत के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने शनिवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया और लीग के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। छेत्री की हैट्रिक से बेंगलुरू एफसी ने केरला ब्लास्टर्स पर 4-2 से जीत दर्ज की। छेत्री 40 साल और 126 दिन की उम्र में आईएसएल के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इससे उन्होंने बार्थोलोम्यू ओगबेचे को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने जनवरी 2023 में एफसी गोवा के खिलाफ हैदराबाद एफसी के लिए 38 साल और 96 दिन की उम्र में यह कारनामा किया था।

इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले पूर्व भारतीय कप्तान छेत्री ने आठवें, 73वें और 90+8वें मिनट में गोल किए जबकि रेयान विलियम्स ने टीम के लिए 38वें मिनट में दूसरा गोल किया। केरला ब्लास्टर्स के लिए जीसस जिमेनेज (56वें मिनट) और फ्रेडी लालामामा (67वें मिनट) गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

# शतक मशीन ने 289 दिन में ठोके 6 शतक

### ● जो रूट ने वेलिंग्टन में सेंचुरी जड़ राहुल द्रविड़ की बराबरी की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंग्टन में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार (8 दिसंबर) को इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट करियर का 36वां शतक जड़ा।



इस शतक के साथ ही उन्होंने भारत के दिग्गज क्रिकेटर राहुल द्रविड़ के टेस्ट शतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। रूट के लिए 2024 शानदार रहा है। इस साल यह उनका छठा शतक था। उन्होंने केवल 289 दिन में 6 शतक ठोक दिए हैं।

जो रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 दिसंबर को 208 गेंद पर 106 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी के बदौलत इंग्लैंड ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। बेन डकेट 92 और जैकब बेथेल 96 शतक से चूक गए। हैरी ब्रूक ने 55 और कप्तान जो रूट ने नाबाद 49 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड को 583 रन का टारगेट मिला।

### जो रूट का 2024 में प्रदर्शन

जो रूट ने 2024 में पहला शतक फरवरी में जड़ा था। इसके बाद जुलाई में 1, अगस्त में 2, अक्टूबर में 1 और दिसंबर में 1 शतक जड़ा। उन्होंने 2024 में 16 मैच की 29 पारी में 56.53 के औसत से 1470 रन बनाए हैं। 6 शतक के अलावा 4 अर्धशतक लगाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में रूट से ज्यादा कुमार संगकारा 38, रिकी पोंटिंग 41, जैक कैलिस 45 और सचिन तेंदुलकर के 51 शतक हैं।

### जो रूट के टेस्ट क्रिकेट में रन

टेस्ट क्रिकेट में रन की बात करें तो जो रूट ने 50.93 के औसत से 12886 रन बनाए हैं। राहुल द्रविड़ के 13288, जैक कैलिस के 13289, रिकी पोंटिंग के 13378 और सचिन तेंदुलकर के 15921 रन हैं। वेलिंग्टन टेस्ट मैच न्यूजीलैंड के हाथों से निकलता दिख रहा है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंस ने शनिवार (8 दिसंबर) को हैट्रिक लेकर इतिहास रचा था।

## बीसीसीआई का ऐलान

# 15 दिसंबर को फिर होगा ऑक्शन, 120 खिलाड़ियों के नाम आए सामने

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के बाद अब महिला प्रीमियर लीग के अगले सीजन के लिए ऑक्शन का आयोजन किया जाएगा. डब्ल्यूपीएल में 5 टीमें खेलती हैं और हर एक टीम में छह विदेशी खिलाड़ियों सहित 18 खिलाड़ी हो सकते हैं. वहीं, सभी टीमों का पर्स 15 करोड़ है. पिछले महीने की शुरुआत में ही सभी टीमों ने रिटेंशन लिस्ट का ऐलान किया था. अब पांचों टीमें ऑक्शन में अपना स्क्वॉड पूरा करने उतरेंगी. ये एक मिनी ऑक्शन होगा, जिसका आयोजन 15 दिसंबर को होने वाला है.

महिला प्रीमियर लीग के लिए होने वाले ऑक्शन के लिए खिलाड़ियों की लिस्ट सामने आ गई है. ऑक्शन 15 दिसंबर 2024 को बेंगलुरु में होगा. इस बार ऑक्शन के लिए 120 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट की गई हैं. 120 खिलाड़ियों की लिस्ट में 91 भारतीय और 29 विदेशी क्रिकेटर हैं, जिनमें 3 एसोसिएट देशों की हैं. वहीं, 82 भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी और 8 अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी इस बार ऑक्शन का हिस्सा बनने वाली हैं. बता दें, ऑक्शन में ज्यादा से ज्यादा 19 खिलाड़ियों की ही किस्मत खुलेगी, क्योंकि 5 टीमों को मिलाकर अब सिर्फ 19 स्लॉट की खाली हैं. जिसमें से 5 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के हैं.

गुजरात जायंट्स की टीम ऑक्शन में सबसे ज्यादा 4.40 करोड़ रुपए के पर्स के साथ उतरेगी. वहीं, उसकी टीम में सिर्फ 4 जगह ही बाकी हैं. ऐसे में वह बड़ी बोली लगाती हुई नजर आ सकती है. यूपी वॉरियर्स की टीम के पर्स में भी 3.90 करोड़ रुपए हैं. वह ऑक्शन में ज्यादा से ज्यादा 3 खिलाड़ियों को खरीद सकती है. उसने कुल 15 खिलाड़ियों को रिटेन किया है.

पिछले सीजन की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पर्स में अब 3.25 करोड़ रुपए बचे हुए हैं और वह ज्यादा से ज्यादा 4 खिलाड़ियों को खरीद सकती है. मुंबई इंडियंस के पर्स में अब 2.65 करोड़ रुपए बचे हुए हैं. लेकिन दिल्ली के पास अब सिर्फ 2.5 करोड़ रुपए ही बाकी है.

रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

रिटेनः स्मृति मंधाना (कप्तान), सब्बीनेनी मेघना, ऋचा घोष, एलिसे पेरी, जॉर्जिया वेरेहम, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, सोफी डिवाइन, रेनुका सिंह, सोफी मोलिनेक्स, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, कनिका आहूजा, डैनी व्याट (ट्रेड).

### मुंबई इंडियंस

रिटेनः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), पूजा वस्त्राकर, यास्तिका भाटिया, नैट साइवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, अमनजोत कौर, सैका इशाक, जिंतिमनी कलिता, एस सजना, कीर्तन बालाकृष्णन, शबनीम इस्माइल.

### दिल्ली कैपिटल्स

रिटेनः शैफाली वर्मा, जेमिमाह रोड्रिग्स, तानिया भाटिया, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, शिखा पांडे, स्नेहा दीप्ति, मिन्नू मणि, तितास साधु, मेग लैनिंग, एलिस कैप्सी, मारिजैन कैप, जेस जोनासेन, एनाबेल सदरलैंड.

### यूपी वारियर्स

रिटेनः एलिसा हीली (कप्तान), ताहलिया मैकग्राथ, ग्रेस हैरिस, दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), श्वेता सहरावत, सोफी एक्लेस्टोन, चामरी अटापट्टू, किरण नवगिरे, राजेश्वरी गायकवाड़, अंजलि सरवानी, उमा छेत्री, पूनम खेमनार, साइमा ठाकोर, गौहर सुल्ताना, वृंदा दिनेश

### गुजरात जायंट्स

रिटेनः हरलीन देओल, दयालन हेमलता, तनुजा कंवर, शबनम शकील, मन्नत कश्यप, वेदा कृष्णमूर्ति, तरन्नुम पठान, सयाली सथगरे, मेघना सिंह, तृषा पूजिता, प्रिया मिश्रा, बेथ मूनी, एशले गार्डनर, लौरा वोल्वार्ड्ट, ली ताहुहु, फोएबे लिचफील्ड, कैथरीन ब्राइस.

## न्यूज बाइट्स

### नीलगाय को गोली मारने के बाद गांव में बढ़ा तनाव

**बारुण (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ग्राम बरूना में गांव के निकट नीलगाय को गोली मार कर हत्या किए जाने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सूचना पाकर थानाध्यक्ष गुफरान अली एवं फॉरेस्टर दिलीप कुमार, पीटीसी राकेश राय दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ। ग्रामीण अरुण कुमार, शुभक शर्मा, नवल किशोर शर्मा, अंजनी शर्मा, बीरेंद्र शर्मा, उज्ज्वल शर्मा, राम उदित शर्मा, विनय शर्मा, बिट्टू शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि सिहुली गांव के युवक बंदूक एवं चाकू लेकर आए एक नीलगाय को गोली मारी जिसका सिर एवं पैर खेत में छोड़कर निकल गए, उसी बीच कुछ देर बाद सभी युवक पुनः गांव के पास आकर दूसरे जानवर पर गोली चला दिया। जानवर गांव के निकट खेत में गिरा, जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया। इस घटना का वीडियो बना रहे दीपक शर्मा को पटककर बंदूक सटा दिया तथा मोबाइल छीन कर फरार हो गए। ग्रामीणों द्वारा प्रशासन पर मोबाइल बरामद करने के लिए दबाव बनाया। सूचना हंगामा बढ़ता देख एसडीपीओ 2 अमित कुमार भी मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष द्वारा छीने गए मोबाइल को बरामद कर डीएसपी के समक्ष सभी ग्रामीणों के बीच दिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि आवेदन के आलोक में एफआईआर दर्ज कर कारवाई की जाएगी।

### पुराने विवाद को ले युवक की पिटाई मामले में दो गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह पुलिस ने गुप्त सूचना पर शनिवार की रात दुल्ला बिगहा गांव से गोह थाना कांड संख्या 109/20 के नामजद फरार दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। पुलिस ने बताया की गुप्त सूचना मिली की दुल्ला बिगहा गांव निवासी राम लखन यादव एवं लल्लन यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। गौरतलब हो की 2020मे पुराने बिवाद को लेकर दुल्ला बिगहा नहर के समीप मारपीट की घटना घटी थी। जिसमे संजय बिंद के बयान पर कांड संख्या 109/20 दर्ज किया गया है जिसमें लल्लन यादव ललेंद्र यादव, गुड्डू यादव सहित 15 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही थी और आरोपी फरार थे। जिसमे दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं।

### एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव निवासी स्व मंगर कहार के पुत्र अनिल कुमार और उसके भाई अमर कुमार को पुलिस ने गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। अनिल कुमार व उसकव भाई अमर कुमार पर एनबीडब्ल्यू वारंटी जारी था, जिसके तहत पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अनिल कुमार व अमर कुमार के खिलाफ गोह थाना मे मामले दर्ज थे और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था। अनिल कुमार व अमर कुमार को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने एक को भेजा जेल

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के भूरकुण्डा गांव निवासी कृपाल चन्द्रबंशी के पुत्र बिनय चंद्र बंशी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। बिनय चंद्र बंशी गोह थाना कांड संख्या 325/24 के नामजद अभियुक्त हैं। पुलिस ने बताया कि बिनय चंद्र बंशी के खिलाफ गोह थाना मे मामले दर्ज थे और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था। बिनय चंद्र बंशी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन करेंगी सहकारी समितियां

**पटना (नि. सं.)।** राज्य की सहकारी समितियों के जरिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाएगा। समितियों को 500 किलोवाट से दो मेगावाट तक के सोलर पैनल अनुदान पर दिए जाएंगे। सहकारिता विभाग पीएम कुसुम योजना को समितियों के जरिए क्रियान्वित करने की तैयारी कर रहा है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा संरक्षण एवं उत्थान महाभियान के तहत सौर ऊर्जा पर किसानों की निर्भरता बढ़ाई जाएगी। सहकारी समिति सोलर पैनल से उत्पादित बिजली किसानों को मुहैया करा सकती है या बिजली कंपनी को बेच सकती है। राज्य में सहकारी समितियों से जुड़े करोड़ों किसान इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे।

नक्सल गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए चलाया जा रहा है एंटी नक्सल अभियान

# कारतूस और विस्फोटक सामान बरामद

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है। शनिवार की देर रात पुलिस ने पचरुखिया के शिकारी कुआं पहाड़ी क्षेत्र की एक गुफा से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस के मुताबिक, इस छापेमारी में 99 इंसास कारतूस, 25 डेटोनेटर, एके-47 का एक कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई है। यह बरामदगी एंटी नक्सल अभियान के तहत की गई, जो कि नक्सली गतिविधियों को खत्म करने के लिए औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। औरंगाबाद एसपी अंबरीश राहुल ने जानकारी दी कि यह सफलता विशेष योजना और सटीक खुफिया सूचना के आधार पर मिली। नक्सलियों के संभावित ठिकानों की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने पचरुखिया के शिकारी कुआं क्षेत्र को चारों ओर से घेर लिया। इसके बाद गुफा की तलाशी ली गई, जहां ये हथियार और विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखे गए थे।

इस बरामदगी के बाद मदनपुर थाना में कांड संख्या 516/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल कमजोर हुआ है। जिले में नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। औरंगाबाद पुलिस और सुरक्षा बलों को पहले भी इस इलाके में बड़ी कामयाबी मिली है। कुछ समय पहले भी सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के साथ चलाए गए अभियान में नक्सलियों द्वारा छुपाए गए आईईडी प्रेशर बम बरामद किए गए थे। इन बमों को मौके पर ही निष्क्रिय किया गया था। पुलिस की यह कार्रवाई नक्सलियों के लिए एक बड़ा झटका है। इससे उनकी योजनाओं पर प्रभाव पड़ा है और उनके हथियारों का एक बड़ा भंडार खत्म हो गया है। एसपी ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बल संयुक्त रूप से नक्सलियों के खिलाफ और प्रभावी कदम उठाएंगे। पुलिस की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नक्सलियों के ठिकानों को लगातार निशाना बनाया जाएगा। छापेमारी और तलाशी अभियान तेज किए जाएंगे ताकि नक्सलियों को और नुकसान पहुंचाया जा सके। यह अभियान औरंगाबाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक अहम कदम है। पुलिस और सुरक्षा बलों की इस सफलता की हर ओर सराहना हो रही है। यह संदेश स्पष्ट है कि कानून और व्यवस्था को चुनौती देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# रास्ता विवाद को लेकर बड़े भाई ने मारी छोटे भाई को गोली, हालत गंभीर

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विषैणी गांव में रविवार की सुबह मामूली रास्ते के विवाद ने ऐसा उग्र रूप ले लिया कि पूरा गांव रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दो सगे भाइयों के बीच गोलीबारी तक की नौबत आ गई। इस दौरान बड़े भाई योगेंद्र यादव ने छोटे भाई सत्येंद्र यादव के सिर में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद गांववालों ने घायल सत्येंद्र को आनन-फानन में सदर अस्पताल, औरंगाबाद पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजनों का कहना है कि योगेंद्र यादव ने जान से मारने की नीयत से यह गोली चलाई। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन यह विवाद अचानक से इतना बढ़ गया कि बात मारपीट और फिर गोली चलाने तक पहुंच गई। घटना की सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष से लिखित शिकायत दर्ज नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और दोषियों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। गोलीबारी की इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। लोग इस बात से चिंतित हैं कि परिवार के अंदर का झगड़ा इतना उग्र हो गया कि जानलेवा हमला हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस मामले को सुलझाया जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए संवाद और समझौते का रास्ता क्यों नहीं अपनाया जाता। छोटे से विवाद का ऐसा जानलेवा अंजाम न केवल परिवार के लिए बल्कि समाज के लिए भी चिंता का विषय है।

# सेवानिवृत शिक्षक के निधन पर समाजसेवियों ने जताया शोक

**निज संवाददात | हसपुरा(औरंगाबाद)**



हसपुरा प्रखण्ड के बंगाली विगहा गाँव निवासी एवं वरिष्ठ साहित्यकार सह पत्रकार शंभू शरण सत्यार्थी के पिता अवकाश प्राप्त शिक्षक,सामाजिक कार्यकर्ता कॉ. श्रवण कुमार सिंह का रविवार को निधन हो गया । इनके निधन की खबर मिलते हीं क्षेत्र के कई बुद्धिजीवि,सामाजिक कार्यकर्ताओं व नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

कहा कि श्री सिंह आजीवन वामपंथी आंदोलन से जुड़े रहें। सौम्य,शालीन व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थें। वे आजीवन कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े रहें थें। उनके शव को लाल झंडे में लपेटकर शव यात्रा निकाली गयी। जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रवण कुमार सिंह को समान देतें हुये लाल सलाम से सलामी दी। श्रवण कुमार सिंह अमर रहें, लाल सलाम जिंदाबाद जैसे नारे लगें। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भाकपा के जिला मंत्री रामचंद्र यादव, वरिष्ठ नेता जयनारायण सिंह विकल, हसपुरा के प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख आरिफ़ रिजवी, नागेश्वर यादव, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल, प्रखंड उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, श्याम किशोर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, अमन कुशवाहा, चितरंजन सिंह, पत्रकार बिरेन्द्र खत्री,विजय कर्ण,राजू भारती, भाकपा नेता गोह अंचल मंत्री सुरेश यादव,चन्द्रशेखर सिंह,आचार्य पं. लालमोहन शास्त्री, हसपुरा के उप मुखिया विकास गुप्ता, पिंटू चौधरी, अशोक कुमार सहित सैकड़ों बुद्धिजीवियों ने कहा कि श्रवण कुमार सिंह के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रवण कुमार सिंह की अंतिम विदाई दो मिनट का मौन रखकर दी गयी। इसी के साथ लाल सलाम से श्मशान घाट गूंज उठा।

# थाना परिसर में मासिक अपराध समीक्षा बैठक संपन्न

- बालू चोरी और शराब तस्करी के खिलाफ कड़े कदम उठाने का निर्देश।
- महिला व बाल अपराधों की त्वरित जांच और निष्पादन को प्राथमिकता।
- पुलिस-जन संवाद बढ़ाने और क्षेत्र में जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर।

**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**



रविवार को हसपुरा थाना परिसर में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता दाऊदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने की। इस बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष और अंचल पुलिस निरीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें अवैध बालू खनन पर रोक, शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान तेज करना, लंबित कांडों का समय पर निष्पादन, महिला और बच्चों से जुड़े अपराधों की त्वरित जांच, वारंट और कुर्की मामलों का शीघ्र निपटारा, क्षेत्र में पुलिस उपस्थिति बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार करना, और कम्युनिटी पुलिसिंग को सशक्त बनाना शामिल है। अवैध बालू चोरी और शराब तस्करी जैसी गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में चर्चा हुई कि इन गतिविधियों से न केवल कानून व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यावरण को भी भारी नुकसान होता है। लंबित वारंट और कुर्की के मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसे कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। कम्युनिटी पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के लिए नई रणनीतियों पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है, जिससे क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम में जनसहभागिता सुनिश्चित हो सके।

### बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों की सूची

इस महत्वपूर्ण बैठक में हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम, देवकुंड थानाध्यक्ष अनंत कुमार, उपहारा थानाध्यक्ष मनेश कुमार, बंदेया थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, गोह प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार, खुदवां थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार, ओबरा थानाध्यक्ष अजय कुमार, और दाऊदनगर थानाध्यक्ष फहीम आजाद समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### महिला और बाल सुरक्षा पर विशेष जोर

महिला और बालकों से जुड़े अपराधों पर त्वरित अनुसंधान को प्राथमिकता देते हुए, एसडीपीओ ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इन अपराधों से संबंधित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने का संकल्प जताया।

बैठक के अंत में सभी थानाध्यक्षों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और जनता के साथ मिलकर कानून व्यवस्था को मजबूत करने की अपील की गई। इस मौके पर एसडीपीओ ने कहा, "पुलिस की सख्त उपस्थिति और त्वरित कार्रवाई से न केवल अपराधों पर लगाम लगेगी, बल्कि लोगों का विश्वास भी बढ़ेगा। इस तरह की नियमित बैठकों और संवाद से न केवल पुलिस बल को रणनीतिक रूप से मजबूत किया जा रहा है, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों को एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल भी प्रदान किया जा रहा है।

# बासुदेव पाठक की तीसरी पुण्यतिथि पर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

सदर प्रखंड स्थित ग्राम पाठक विगहा में प्रसिद्ध आचार्य एवं कर्मकांडी वासुदेव पाठक उर्फ गोपाल पाठक की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। रवि शंकर पाठक की अध्यक्षता में सर्वप्रथम उनके स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात् पडरावां ग्राम के प्रसिद्ध आचार्य अनिल बाबाके द्वारा सामूहिक भागवत गीता का पाठ किया गया एवं विशेष पूजा अर्चना की गई। अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेश पाठक, हरिहरनाथ पाठक, रघुनाथ पाठक ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि वे एक कर्मठी एवं कर्तव्य परायण व्यक्ति थे। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। शिक्षा के प्रति गहरी दिलचस्पी रखने वाले एवं जरूरतमंदों को हर संभव सहायता किया करते थे। स्थानीय वार्ड सदस्य अक्षय पाठक ने बताया कि वासुदेव पाठक के कृतियों को भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर स्थानीय बुद्धिजीवी, ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता उनके पुत्रवधू पौत्री सहित अन्य उपस्थित थे।

पुनपुन महोत्सवः भव्यता और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने की तैयारी शुरू

# पुनपुन महोत्सव आयोजन सीमिति की बैठक संपन्न

**निज संवाददाता | नबीनगर (औरंगाबाद)**



पुनपुन महोत्सव को यादगार और भव्य बनाने के लिए आयोजन समिति की बैठक रविवार को टंडवा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राम प्रसाद मुखिया ने की, जबकि इसका संचालन सचिव राजेश कुमार ने किया। महोत्सव को व्यापक और प्रभावशाली बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रसिद्ध कलाकारों को मंच देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बेहतर बनाने के लिए लोकप्रिय और नामचीन कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। यह कदम दर्शकों को महोत्सव से जोड़ने और स्थानीय स्तर पर मनोरंजन के उच्च मानदंड स्थापित करने के उद्देश्य से लिया गया है। महोत्सव स्थल और मंदिर को भव्य रूप से सजाने का निर्णय लिया गया। समिति ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियां शुरू करने की योजना बनाई। इसका उद्देश्य महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों के अनुभव को यादगार बनाना है। पुनपुन महोत्सव न केवल मनोरंजन का केंद्र होगा, बल्कि यह स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को भी सहेजने का माध्यम बनेगा। इस महोत्सव के माध्यम से लोगों को क्षेत्रीय संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस बैठक में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उपस्थित लोगों में जदयू के वरिष्ठ नेता सजीव कुमार सिंह, प्रितेश सौरभ, अरविंद पासवान, शंकर प्रसाद, कमलेश सिंह, उमेश प्रसाद, विनोद सोनी, दीपक तिवारी, अजीत तिवारी, जय कुंदन सिंह, सर्वेश सिंह, चंदन कुमार, अश्विनी कुमार, गुड्डू सिंह, शंकर, सीताराम वैद्य, अशोक सिंह, सत्यानारायण, पीके सिंह, जितेंद्र चौधरी, राम प्रसाद राम, बोला पासवान, रंजीत सिंह और विनय सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे। आयोजन समिति ने आने वाले दिनों में महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने और अधिक समर्पण के साथ इसे सफल बनाने के लिए कई उपसमितियों के गठन का निर्णय लिया। पुनपुन महोत्सव क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को मजबूती देने के साथ-साथ मनोरंजन और धार्मिक आयोजन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा। समिति ने स्थानीय लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### सामाजिक और धार्मिक समन्वय का उद्देश्य

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने महोत्सव के सामाजिक और धार्मिक महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं होगा, बल्कि समाज को एकजुट करने और क्षेत्र की पहचान को बढ़ावा देने का भी माध्यम बनेगा।

# सड़क किनारे मिला शव

**पटना (नि.सं.)।** पटना के बाईपास थाने की पुलिस ने रविवार को सड़क किनारे से एक व्यक्ति का संदिग्ध शव बरामद किया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हुई है। थाना प्रभारी राजेश कुमार झा ने बताया कि व्यक्ति की मौत सिर में चोट लगने से हो सकती है। उन्होंने बताया कि शरीर के पीछे के भाग से खून निकल रहा था। उन्होंने यह भी बताया कि वह सड़क के किनारे पड़ा था। लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉयड के माध्यम से भी जांच शुरू कर दी है।

# आरपीएफ का सिपाही एक साल में बना करोड़पति केवल किचेन बनवाने में लुटाया 27 लाख रुपया

**निज सं. | नवीनगर (औरंगाबाद)।**



रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ का कांस्टेबल अखिलेश कुमार सिंह जांच एजेंसी सीबीआई के रडार पर चढ़ा तो चौंकाने वाले खुलासे हुए। आरपीएफ सिपाही के खिलाफ सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया और उसके तीन ठिकानों पर छापेमारी की। सिपाही ने 6 साल के अंदर करीब डेढ़ करोड़ की संपत्ति बना ली है। अपनी शुद्ध आय से करीब 85 प्रतिशत अधिक उसने संपत्ति जुटा ली थी।

### सिपाही के तीन ठिकानों पर सीबीआई रेड

आरोपी सिपाही के तीन ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की। नबीनगर स्थित उसके कार्यालय, उसके सासाराम स्थित अस्थायी आवास और सासाराम में ही करबिंदिया स्थित अमरा गांव में उसके पैतृक आवास में ये छापेमारी हुई। सीबीआई के पटना एंटी करप्शन ब्यूरो यूनिट ने आगे की जांच और कारवाई को लेकर सीबीआई के एएसपी छोजेम शेरपा को जांच अधिकारी बनाकर केस की कमान सौंपी है। सीबीआई की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरपीएफ सिपाही के पास उसकी शुद्ध आय से करीब 84 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली। सिपाही के खिलाफ जो एफआइआर दर्ज हुआ उसके अनुसार, 1 जनवरी 2018 से लेकर 31 जनवरी 2024 तक की अवधि में कई जगहों पर उनकी पोस्टिंग हुई। इस दौरान सैलरी समेत अन्य श्रोतों से उनका शुद्ध इनकम 80 लाख रुपए रहा। लेकिन जांच में यह खुलासा हुआ कि उनके व उनके नजदीकी लोगों के पास करीब 1.40 करोड़ की संपत्ति है। जांच के दौरान सीबीआई ने अनुमान लगाया कि आरोपी सिपाही ने केवल अपने किचेन तैयार करवाने में 27 लाख रुपए खर्च किए हैं। इस हिसाब से उनकी बचत 53 लाख रुपए होनी चाहिए। लेकिन इसी अवधि में उन्होंने 1.21 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित किए। जिसके बाद आरोपी सिपाह के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आय से अधिक संपत्ति की जांच शुरू कर दी गयी है।

# अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस पर स्वयंसेवकों को किया गया सम्मानित



**एसवीवी संवाददात | औरंगाबाद**

मेरा युवा भारत के तत्वावधान में भव्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाया गया। आयोजन विनोद ट्यूटोरियल की परिसर में किया गया। संस्थान के निदेशक रंजय कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, सत्यम कुमार औरअनिल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गया। तत्पश्चात् समाज में अच्छे कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजितअंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे आसपास कई ऐसे स्वयंसेवक हैं, जो लोगों की भलाई के लिए लगातार कार्य करते रहते हैं। यह स्वयंसेवक निर्धन लोगों के अधिकारों की रक्षा से लेकर किसी प्राकृतिक आपदा में लोगों की मदद करना, लोगों के स्वास्थ्य, भोजन का प्रबंध करना, बेसहारा लोगों को आसरा देने जैसे कई काम करते हैं। ऐसे में स्वयंसेवक को बढ़ावा देने और इनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को सम्मान देने के लिए हर अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाया जाता है। स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहे स्वयंसेवको के विकास में योगदान को महत्व देने के लिए 17 दिसंबर 1985 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इस प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय वालंटियर दिवस के रूप में मनाने की बात कही गई थी।

# खड़े ट्रैक्टर में बाइक सवार ने पीछे से मारी टक्कर, मौत



**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**

रफीगंज–शिवगंज पथ के कियाखाप गांव के पास खड़ी ट्रैक्टर में शिवगंज की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मारा। जिसमे बाइक चालक आती थाना के आती गांव निवासी 22 वर्षीय प्रवीण कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं बाइक पर सवार मृतक के चचेरा भाई 23 वर्षीय जितेंद्र कुमार उर्फ गोलू घायल हो गया।

स्थानीय ग्रामीण एवं 112 पुलिस ने घायल और मृतक को हॉस्पिटल लाया जहा चिकित्सक ने प्रवीण कुमार को देखते हुए मृत घोषित कर दिया। वहीं जितेंद्र कुमार का प्राथमिक इलाज करते हुए स्थिति चिंताजनक देखकर औरंगाबाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक के पिता इंद्रदेव चौधरी, चचेरा भाई शैलेंद्र कुमार चौधरी एवं अन्य ग्रामीण सीएचसी पहुंचे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी में लगी है।

# पटना में मंदिर में शादी के बाद थाना पहुंचे दूल्हा-दुल्हन

**निज संवाददाता | पटना**

पटना के कंकड़बाग थाने में रविवार को हाई वोल्टेज ड्रामा दिखा। शादी के कपड़ों में ही दूल्हा-दुल्हन पहुंच गए। दोनों ने मंदिर में शादी कर ली थी। खुद की सुरक्षा के लिए थाने पहुंचे थे। दोनों के परिजन भी थाने पहुंच गए थे। पुलिस ने मामले को शांत कराया। दूल्हा विशाल ने बताया कि वह आरा का रहने वाला है। उसका छेंका परिवार वालों की मर्जी से ही दो महीने पहले पटना की रहने वाली प्रियंका से हुई थी। प्रियंका के पिता और दादी उसके साथ किसी न किसी बात को लेकर मारपीट करते थे। रविवार की सुबह प्रियंका घर से भाग कर मेरे पास आ गई। इसके बाद हम दोनों ने मंदिर में शादी कर ली।

मंदिर में मारपीट करने का आरोप

विशाल पटना में ही होटल चलाता है। दूल्हे ने बताया कि 'मंदिर में शादी की जानकारी मिलते ही प्रियंका के परिजन पहुंच गए। इसके बाद मंदिर में ही मारपीट करने लगे। किसी तरह से जान बचा कर हम थाना अपने सुरक्षा की गुहार लगाने पहुंचे हैं। इतने में लड़की के परिजन भी थाना आ कर बवाल करने लगे। कंकड़बाग के थानाध्यक्ष नीरज ठाकुर ने बताया कि सभी पक्षों को सुना जा रहा है। लड़की-लड़का का छेंका हो चुका है।

# सीएसपी कर्मी के बंद घर से 13 लाख की चोरी

**निज संवाददाता | पटना**

बाढ़ में सीएसपी कर्मचारी के बंद घर से करीब 13 लाख की चोरी हुई है। मेन डोर का लॉक तोड़कर चोर अंदर घुसे। जेवरात और कैश ले उड़े। घटना वार्ड नंबर 17 की है। केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पीड़िता प्रतिमा देवी ने बताया कि भाई के बेटे का मुंडन संस्कार था। पूरा परिवार शुक्रवार को समारोह में गया था। दूसरे दिन शनिवार(7 दिसंबर) को पड़ोसी से सूचना मिली कि घर में चोरी हो गई। जिसके बाद भागे-भागे हमलोग यहां पहुंचे। मेन डोर का ताला टूटा हुआ था। गोदरेज का ताला तोड़कर पूरा सामान निकाल लिया। 2.90 हजार रुपए कैश और 10 लाख के जेवरात की चोरी हुई है। वहीं, गृहस्वामी मनोज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची थी। भागते समय एक चोर का चप्पल यहां छूट गया है।